वर्ष-31, अंक- 348, पृष्ठ-12 | आश्विन शुक्ल पक्ष 15, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
मंगलवार
07 अक्टूबर 2025

मूल्य 2 रु.

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




## एनपीयू के तृतीय दीक्षांत समारोह में बोले राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार-

# राज्य उच्च शिक्षा में पिछड़ा, अब बदलाव की जरूरत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय (एनपीयू) के तृतीय दीक्षांत समारोह में राज्यपाल-सह-झारखंड के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने विद्यार्थियों और शोधार्थियों को उपाधि प्रदान करते हुए कहा कि यह उपाधि केवल एक प्रमाण पत्र नहीं, बल्कि आपके संघर्ष, सपनों और जिम्मेदारियों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि युवा केवल अपने कैरियर तक सीमित न रहें, बल्कि समाज और राष्ट्र के उत्थान के लिए समर्पित भाव से कार्य करें। राज्यपाल ने कहा कि यह विश्वविद्यालय वीर स्वतंत्रता सेनानी नीलाम्बर और पीताम्बर के नाम पर स्थापित है, जिन्होंने साहस, कर्तव्य और त्याग का अमिट उदाहरण प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित में कार्य करने की सीख लेनी चाहिए। उन्होंने विश्वविद्यालयों को निर्देश दिया कि नियमित कक्षाएं संचालित हों, परीक्षाएं समय पर ली जाएं और विद्यार्थियों को बिना विलंब डिग्री दी जाए। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह का विलंब केवल छात्रों को ही नहीं, बल्कि उनके परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। विश्वविद्यालयों को अकादमिक कैलेंडर का पालन करना अनिवार्य है। राज्यपाल ने चिंता जताई कि झारखंड उच्च शिक्षा के क्षेत्र में काफी पीछे है। यहां के विद्यार्थी उच्च शिक्षा के लिए अन्य राज्यों की ओर पलायन कर रहे हैं, जिसे रोकना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही झारखंड के शैक्षणिक भविष्य को नई दिशा दे सकती है। राज्यपाल नेविकसित भारत 2047 के संकल्प की चर्चा करते हुए कहा कि इसमें युवाओं की भूमिका निर्णायक है।

शेष पेज 11 पर...



- राज्यपाल ने कहा- उपाधि केवल प्रमाण पत्र नहीं, संघर्ष और जिम्मेदारी का प्रतीक
- राज्यपाल ने कहा - उपाधि संघर्ष और जिम्मेदारी का प्रतीक है
- विश्वविद्यालयों को समय पर परीक्षा और डिग्री देने का निर्देश
- महिला सशक्तिकरण की झलक- अधिक छात्राओं को मिले स्वर्ण पदक
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से शिक्षा को नया आयाम
- महर्षि विश्वामित्र केंद्रीय पुस्तकालय का किया लोकार्पण
- युवाओं से राष्ट्र निर्माण और समाज सेवा का आह्वान



## पलामू झारखंड की राजनीतिक राजधानी, अब शिक्षा व राजनीति दोनों में अग्रणी बनना होगा : राधा कृष्ण किशोर

- राज्यपाल का स्वागत कर कहा- वे सादगी और समर्पण के प्रतीक
- शिक्षा को संवैधानिक नहीं, सामाजिक कर्तव्य बताया
- विश्वविद्यालय में पत्रकारिता पाठ्यक्रम पुन: शुरू करने की सिफारिश
- गोल्ड मेडलिस्ट छात्रों की संविदा पर नियुक्ति की अनुशंसा
- सतबरवा कॉलेज को 15 नवंबर तक चालू करने का निर्देश
- युवाओं से राजनीति में आने का आह्वान -"अच्छे लोग आएंगे तो व्यवस्था बदलेगी"
- कार्यक्रम का समापन राष्ट्रकवि चतुर्वेदी की कविता से, तालियों से गूंज उठा सभागार



**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने रविवार को मेदिनीनगर स्थित नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में कहा कि पलामू प्रमंडल भले आर्थिक रूप से पिछड़ा हो, लेकिन इसकी राजनीतिक चेतना पूरे राज्य में सबसे सशक्त है। यही कारण है कि इसे झारखंड की राजनीतिक राजधानी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि अब पलामू को शिक्षा और शोध के क्षेत्र में भी अग्रणी बनना होगा ताकि यह क्षेत्र ज्ञान और संस्कृति का केंद्र बन सके।

वित्त मंत्री ने समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार का स्वागत करते हुए कहा कि मैंने महामहिम को बहुत करीब से देखा है। वे छोटी-छोटी बातों पर खुद पहल करते हैं। उनकी सादगी, कार्यशैली और जनता के प्रति समर्पण प्रेरक है।

उन्होंने दीक्षांत समारोह में गोल्ड मेडल और उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा केवल संवैधानिक अधिकार नहीं, बल्कि सामाजिक कर्तव्य भी है। मनुष्य एक है, और हम सब एक-दूसरे के सुख-दुख के सहभागी हैं। शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति संवेदनशील नागरिक बनाना है।

वित्त मंत्री ने इस अवसर पर राज्यपाल से आग्रह कर झारखंड विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी को मंच पर बुलवाया और भावुक होकर कहा, हम आपको सदन में ऊपर बैठे देखते आए हैं, आज नीचे बैठे देखकर अच्छा नहीं लगा। इसके बाद उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के 16 वर्षों के इतिहास में केवल 157 छात्रों ने पीएचडी के लिए रजिस्ट्रेशन किया है, जो संस्थान की क्षमता के अनुरूप नहीं है। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन से आग्रह किया कि पत्रकारिता विभाग, जिसे बंद कर दिया गया है, उसे पुनः प्रारंभ किया जाए और गोल्ड मेडलिस्ट प्रतिभावान छात्रों को संविदा पर नियुक्तियां की जाएं। इंदर सिंह नामधारी के आग्रह पर सतबरवा डिग्री कॉलेज की समस्या को भी 15 नवंबर तक हल करने का करने का आग्रह कुलपति से किया, जिस पर उन्होंने सहमति प्रदान की। इस पर कुलपति डॉ. दिनेश सिंह ने आश्वस्त किया कि इस दिशा में विश्वविद्यालय ठोस कदम उठाएगा। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि आज देश और समाज को ऐसे युवाओं की जरूरत है जो राजनीति में भी जिम्मेदारी से आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि आज मंत्रालय में जब कोई संचिका (फाइल) आती है,

शेष पेज 11 पर...

### विश्वविद्यालय 16 वर्ष की शैक्षणिक यात्रा पूर्ण : वीसी

मेदिनीनगर। नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ दिनेश सिंह ने तृतीय दीक्षांत समारोह में विवि की उपलब्धी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय 16 वर्ष की शैक्षणिक यात्रा पूर्ण कर चुका है। विश्वद्यालय में 15 स्नातकोत्तर विभागों एवं लगभग 25 अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालय के साथ अपनी यात्रा का प्रारंभ करके आज यह विश्वविद्यालय 18 स्नातकोत्तर विभागों के साथ ही 50 महाविद्यालय का वृहद परिवार बन चुका है। जिसमें नौ अभिभूत कॉलेज, 16 संबद्धता प्राप्त कॉलेज, 11 बीएड कॉलेज, एक मेडिकल कॉलेज, एक लॉ कॉलेज, नौ नर्सिंग कॉलेज, तीन फार्मेसी कॉलेज सफलतापूर्वक संचालित है। साथ ही 49 निर्मित सरकारी डिग्री कॉलेज को अधिग्रहित किया गया है। शेष पेज 11 पर...

### इंदर सिंह नामधारी ने की सतबरवा कॉलेज चालू करने की मांग

मौके पर राज्य के प्रथम स्पीकर इंदर सिंह नामधारी ने कहा कि कुछ काम तीन सालों से फंसा था। हमने वीसी से मिलने का समय मांगा तो वीसी खुद मेरे घर आ गए। मेरे परिवार द्वारा स्थापित कॉलेज एसएसजेएस नामधारी कॉलेज के कुछ कर्मचारियों का पेंशन रुका हुआ था। हमने वीसी से आग्रह किया तो तीन दिन में काम हो गया। ऐसे में विवि के दीक्षांत सामारोह में आने से रोक ना सका। आगे उन्होंने कहा कि राधाकृष्ण किशोर ने मुझे मंच पर बुला लिया मैं नीचे ही ठीक था। इंदर सिंह नामधारी ने राज्यपाल और राधाकृष्ण किशोर से मंच मांग की कि सतबरवा में कॉलेज बिहार के समय बना था, फिर से उसे चालू कर दिया जाए, राधाकृष्ण किशोर ने मंच से कहा कि 15 नवंबर तक सतबरवा कॉलेज को चालू कर दिया जायेगा।

### 40 साल पहले की यादें ताजा हो गयी : कालीचरण

इस अवसर पर चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि पलामू से उनका पुराना नाता है क्योंकि वे 40 वर्ष पहले यहां गणित के शिक्षक के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने कहा कि किसी भी विश्वविद्यालय की सफलता उसके शोध कार्यों से मापी जाती है।

### सफलता की कोई मंजिल नहीं, यह एक अनवरत यात्रा : वीडी राम

पलामू संसद वीडी राम ने कहा की विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह सभी छात्रों के लिए उत्सव का दिन है। यहां एक अध्याय समाप्त हुआ तो एक अयोध्या प्रारंभ हुआ। उन्होंने विश्वविद्यालय के संकाय अध्यक्ष कर्मचारियों और छात्रों को धन्यवाद दिया, उन्होंने कहा कि छात्रों के लिए यहां से निकलने के बाद आगे अनंत संभावनाएं है। आगे उन्होंने कहा कि जिंदगी हमेशा एक राह पर नहीं चलती, जिंदगी में उतार चढ़ाव आते रहते हैं। जिंदगी में लचीलापन, विनम्रता और आगे बढ़ाने की अभिलाषा अनुभव के आधार पर तय होती है। सफलता की कोई मंजिल नहीं है यह एक अनवरत यात्रा है। असफलता से विचलित होने की जरूरत नहीं है।

## बिहार में 2 चरणों में होंगे विस चुनाव

# 6 व 11 नवंबर को वोटिंग, 14 को नतीजे

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** बिहार में दो चरणों में विधानसभा चुनाव होंगे। 6 व 11 नवंबर को मतदान होगा, 14 नवंबर को नतीजे आएंगे। मुख्य चुनाव आयोग ज्ञानेश गुप्ता के रवैये व कामकाज के तरीक़े को लेकर कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा ने भाजपा व चुनाव आयोग पर निशाना साधा। चुनाव की तारीखों को लेकर संतुष्ट होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह तो बहुत छोटी सी बात है, लेकिन चुनाव आयोग हमारे सवालों का जवाब नहीं दे रहा है। पवन खेड़ा ने कहा, "चुनाव की तारीख तो बहुत छोटी सी बात है लेकिन हम चुनाव आयोग से संतुष्ट नहीं है, क्योंकि वह हमारे सवालों के जवाब नहीं दे रहा है। चुनाव आयोग की प्रतिष्ठा पर दिन प्रतिदिन प्रश्न चिन्ह लग रहा है। कुछ दिन पहले माहौल बनाया गया की घुसपैठिए हैं और उनको निकालने की प्रक्रिया जारी है। घुसपैठिए कहां है? अब इस पर कोई जवाब क्यों नहीं कोई दे रहा है?" भाजपा व चुनाव आयोग पर निशाना साधते हुए पवन खेड़ा ने कहा, "5 अक्टूबर को भी चुनाव आयोग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी और उस दिन संडे था। ऐसे में प्रधानमंत्री जी खाते में पैसे नहीं डाल पा रहे थे। इसीलिए आज शाम 4 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई ताकि आज सोमवार है और पैसे डाल दिया जाए। पैसे डाल दिए गए और उसके बाद चुनाव की तारीखों की घोषणा हो गई। क्या यह भाजपा की चुनाव आयोग के साथ मिलीभगत नहीं है तो शेष पेज 11 पर...

### घाटशिला विधानसभा सीट पर 11 नवंबर को उपचुनाव

**रांची।** पूर्वी सिंहभूम जिले की घाटशिला विधानसभा सीट पर 11 नवंबर को उपचुनाव होगा। सोमवार को नई दिल्ली में निर्वाचन आयोग की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इसकी घोषणा की गई। बता दें कि यह सीट झारखंड सरकार में मंत्री रहे रामदास सोरेन के निधन के बाद खाली हुई थी। यह विधानसभा क्षेत्र अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। निर्वाचन आयोग की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार, घाटशिला उपचुनाव की अधिसूचना 13 अक्टूबर को जारी की जाएगी। नामांकन की अंतिम तिथि 21 अक्टूबर तय की गई है, जबकि नामांकन पत्रों की जांच 22 अक्टूबर को होगी। उम्मीदवार 24 अक्टूबर तक नाम वापस ले सकेंगे। मतदान 11 नवंबर को कराया जाएगा, जबकि मतगणना 14 नवंबर को की जाएगी।नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, घाटशिला उपचुनाव में कुल 2,55,823 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 1,24,899 पुरुष और 1,30,921 महिला मतदाता शामिल हैं। इस प्रकार, अनुसूचित जनजाति (एसटी) आरक्षित इस शेष पेज 11 पर...

# तीन कफ सिरप पर राज्य में तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध

- **जनता के स्वास्थ्य से किसी भी तरह का समझौता स्वीकार्य नहीं : इरफान अंसारी**

**रांची।** झारखंड सरकार ने राज्यभर में कोल्डरेफ, रेपीफ्रेश और रिलाइफ नामक तीन कफ सिरप पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने इसे लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि "जनता के स्वास्थ्य से किसी भी तरह का समझौता स्वीकार्य नहीं है। जिन दवाओं पर सवाल उठे हैं, उन पर तुरंत कार्रवाई होगी।" स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि ये तीनों कफ सिरप स्वास्थ्य के लिए संभावित रूप से हानिकारक पाई गई हैं। राज्यभर के औषधि नियंत्रण अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे तुरंत मेडिकल दुकानों और थोक विक्रेताओं से इन दवाओं को जब्त करें और उनकी बिक्री पर रोक सुनिश्चित करें। विभागीय सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई केंद्र सरकार के औषधि परीक्षण प्रयोगशाला की रिपोर्ट आने के बाद की गई है, जिसमें इन सिरपों की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल उठाए गए थे।

### स्वास्थ्य को लेकर गंभीर हैं मुख्यमंत्री

राज्य के मुखिया हेमंत सोरेन स्वास्थ्य को लेकर काफी गंभीर हैं। जनता को बेहतर इलाज कैसे मिले इसके लिए लगातार प्रयासरत हैं। वहीं राज्य में स्वास्थ्य को लेकर कई योजनाएं चला रहे हैं।



## केंद्रीय कारागार का एसडीओ ने किया औचक निरीक्षण

# कैदियों के स्वास्थ्य, भोजन, सुरक्षा और स्वच्छता व्यवस्था की की गई गहन जांच, पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त समीरा एस के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) सुलोचना मीणा के नेतृत्व में एक प्रशासनिक टीम ने सोमवार को केंद्रीय कारागार, पलामू का औचक निरीक्षण किया। टीम ने जेल मैनुअल के प्रावधानों के अनुसार सभी व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान टीम ने कैदियों की उपस्थिति पंजी, भोजन एवं पेयजल की गुणवत्ता, स्वास्थ्य सेवाओं, औषधियों की उपलब्धता, अभिलेख संधारण, सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, बैरकों की स्थिति, वस्त्र एवं आवश्यक सामग्री वितरण सहित मुलाकात पंजी और अनुशासन संबंधी व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की। निरीक्षण में किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु या गतिविधि नहीं पाई गई। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने जेल अधीक्षक और संबंधित कर्मियों से जानकारी प्राप्त करते हुए स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी व्यवस्थाएँ जेल मैनुअल के अनुरूप ही संचालित हों। उन्होंने कैदियों के स्वास्थ्य परीक्षण को नियमित रूप से कराने, भोजन की गुणवत्ता की सतत निगरानी करने तथा स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था को हर स्थिति में बनाए रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त समीरा एस ने कहा कि केंद्रीय कारागार की व्यवस्था जिला की कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक पारदर्शिता से जुड़ी अत्यंत महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने बताया कि अनुशासन और सुशासन सुनिश्चित करने के लिए इस तरह के औचक निरीक्षण समय-समय पर जारी रहेंगे, ताकि जेल प्रशासन में जवाबदेही और व्यवस्था की मजबूती बनी रहे।


**इंडिया**

# मेट्रो से विकास की दौड़ में पडोसी और संभावनाएं तलाशता झारखंड



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

पड़ोसी यूपी में रिकॉर्ड मेट्रो बंगाल में हुगली नदी के नीचे सबसे गहराई में के बाद अब बिहार भी मेट्रो सुविधा वाला राज्य बन गया है और हम फ़्लाई ओवर से खुश हो रहे हैं। पिछली बार गृह मंत्री अमित शाह के सामने मेट्रो की मांग रखकर युवा सीएम हेमंत सोरेन ने एक आस जगा दी है अन्यथा कई भाजपा के बड़े नेता रांची के नीचे पत्थर होने का बहाना बनाते रहे या मोनो रेल जैसे अव्यावहारिक प्रस्तावों से हास्य के पात्र बनते रहे हैं। कभी एक समय था जब राजधानी दिल्ली सहित सभी महानगरों की सिटी बसों में पसीना बहते बेहाल लोग हसरत भरी नजरों से कारों और टैक्सियों को देखते थे जो बहुत सुविधाजनक मानी जाती थीं। कुछ दशकों में मेट्रो रेल ने न सिर्फ महानगरों, बल्कि मझोले और राज्य की राजधानियों में सुखद और सस्ती तेज यात्रा के वे कीर्तिमान रचे हैं कि नोएडा और गुरुग्राम जैसे कई उपेक्षित और दूर बसे उपनगर भी आज विश्वस्तरीय विकास के उदाहरण बन गए हैं। इसमें एक इतिहास भी जुड़ गया जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोलकाता में देश के पहले अंडर-रिवर मेट्रो सुरंग का उद्घाटन किया। पड़ोसी बिहार में मेट्रो की ख़ुशी दौड़ चुकी यूपी की बात करें तो वर्तमान में राजधानी लखनऊ के अलावा गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, कानपुर में मेट्रो का सफलतापूर्वक संचालन हो रहा है। आगरा मेट्रो व मेरठ मेट्रो का भी निर्माण कार्य चल रहा है। साथ ही वाराणसी मेट्रो, प्रयागराज मेट्रो, गोरखपुर मेट्रो और बरेली मेट्रो पर भी विचार चल रहा है। लखनऊ मेट्रो के 12 नए स्टेशनों के प्रस्ताव को मिली योगी सरकार की मंजूरी मिल चुकी है। यूपी में चलने वाली नोएडा मेट्रो की गिनती भी सबसे बड़े मेट्रो संचालन नेटवर्क में की जाती है। बिहार में मेट्रो की तैयारी ज़ोरों पर है जो विकास का नया इतिहास रचेगा। मध्यप्रदेश के भोपाल मेट्रो से जुड़े कई विकास कार्यों की शुरुआत हो चुकी है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में भी मेट्रो चलाने की तैयारी चल रही है। अब बात अगर झारखंड की करें तो अभी अपने अस्तित्व में आने के 132 साल भी पलामू रांची वाराणसी फोरलेन की पिछले छह सालों से प्रतीक्षा कर रहा है ऐसे में मेट्रो दूर की कौड़ी है पर असंभव नहीं।यहां के बड़े नेता भी इसपर सवाल नहीं उठाते जबकि एक पूर्व मुख्यमंत्री लटककर चलने वाली मोनो रेल चलाने पर अड़े थे जिससे पब्लिक के पैसे और समय की बर्बादी हुई। अभी भी मेट्रो रेल से चरणबद्ध रूप से लौह नगरी जमशेदपुर और बोकारो के अलावा हजारीबाग खूंटी गुमला लोहरदगा के साथ चरणबद्ध तरीके से डाल्टनगंज को जिस दिन जोड़ दिया जाएगा उस दिन राजधानी को बैंगलुरु बनने से कोई रोक नहीं पाएगा और इन महत्वपूर्ण पर पिछड़े शहरों की किस्मत चमक जाएगी क्योंकि कुछ घंटों में राजधानी पहुँचने वाले लोग रांची के बजाय अपने शहर को विकसित कर वहीं रहना पसंद करेंगे पर सवाल है करेगा कौन ? राजनेता बहुत ही छोटे मुद्दों से ऊपर सोच नहीं पा रहे या उन्हें सोचने नहीं दिया जा रहा है। मेट्रो के साथ सबसे अच्छी बात यह है कि यह जमीन के अंदर और बाहर दोनों चलती है जिससे दूरी कम हो जाती है और झारखंड के लिए यह लाइफ़लाइन साबित हो सकता है क्योंकि इससे बहुराष्ट्रीय कंपनियां तक निवेश करने को तैयार हो जाएंगी जिससे बेरोजगारी और पलायन रुक सकता है। अभी यहाँ की लचर ट्रैफिक व्यवस्था और बदहाल सड़क नेटवर्क देखकर निवेशक पूंजी निवेश करने से कतराते हैं। अनेक नेता पैसों की कमी का रोना रोते हैं जबकि झारखंड खनिजों की खान पर बसा है और सबसे अधिक राजस्व देने वाले राज्यों में से एक हैं। मेट्रो से राजधानी के आसपास के शहरों का विकास नोएडा और गुरुग्राम की तरह होगा जिससे सभी को लाभ होगा।



# सीओ की लापरवाही से ग्रामीण परेशान, सर्वे की सड़क पर तालाब निर्माण से भड़का आक्रोश



- **डीसी के आदेश की अनदेखी, एक माह बाद भी चुतरू में रोड विवाद जस का तस**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रंका।** प्रखंड के चुतरू पंचायत में सर्वे की सड़क पर तालाब निर्माण के मामले में अंचलाधिकारी शिव पूजन तिवारी की उदासीनता से ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। एक माह बीत जाने के बाद भी सीओ द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जबकि उपायुक्त के निर्देश पर जांच की जा चुकी है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत के मुखिया खालिद अंसारी की दबंगई में कमारटांड़ से खेरवारी टोला जाने वाली सर्वे की सड़क पर तालाब बना दिया गया, जिससे लोगों का आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। इस गंभीर मामले को लेकर ग्रामीणों ने दो बार गढ़वा उपायुक्त शेष पेज 11 पर...

## सड़क को ध्वस्त करने व अतिक्रमण पर अंचल कार्यालय सख्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड के मुख्य बाजार की पीसीसी सड़क को ध्वस्त कर मकान निर्माण कार्य किए जाने की जानकारी सोशल मीडिया में तेजी से वायरल होने के बाद अंचल कार्यालय एक्शन में आया। सोमवार को अंचलाधिकारी के निर्देश पर राजस्व उप निरीक्षक महावीर प्रसाद एवं अंचल अमीन के अलावे अंचल के अन्य कर्मियों ने स्थल निरीक्षण कर सरकारी पीसीसी सड़क को ध्वस्त करने वाले व्यक्ति के द्वारा मकान निर्माण के कार्य को तत्काल बंद करने का निर्देश दिया। अंचल निरीक्षक ने बताया कि भूमि की मापी कर लें इसके बाद ही कार्य करें। यदि वे इन बातों की अनदेखी करते हैं तो भविष्य की जिम्मेवारी आपकी होगी। राजस्व उप निरीक्षक ने यह भी बताया कि टीवीएस शोरूम के सामने भी सड़क पर अवैध रूप से मिट्टी भरे जाने मामले में भी जांच की गई है। सभी को तत्काल कार्य बंद करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी कार्रवाई की गई थी, अवैध रूप से सरकारी भूमि ,सड़क पर निर्माण करने वाले लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# रतनपुर में पुत्र की हत्या कर फरार पिता को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## घटना में उपयोग किया गया कुल्हाड़ी व खून लगे कपड़े बरामद

- नाना-नानी के घर जाने से नाराज था मृतक का पिता

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** थाना क्षेत्र के रतनपुर में 4 अक्टूबर की रात पिता के द्वारा पुत्र की धारदार हथियार से हत्या करने के मामले को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर सुलझाते हुए आरोपी पिता अमित ठाकुर को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में सोमवार को पुलिस निरीक्षक पूनम टोप्पो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पत्रकारों को बताया कि 5 अक्टूबर 2025 को समय करीब 9 बजे सुबह पांकी थाना अंतर्गत रतनपुर में एक व्यक्ति सूरज कुमार की हत्या धारदार हथियार से गला काट कर कर देने की सूचना प्राप्त होने के बाद इस संबंध में सन्हा दर्ज करते हुए एवं वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। जिसमें पुलिस निरीक्षक पांकी अंचल पूनम टोप्पो, पुलिस अवर निरीक्षक गोपाल कुमार राय, पुलिस अवर निरीक्षक आशुतोष रजक, सह सशस्त्र बल एवं स्थानीय चौकीदार के साथ ग्राम रतनपुर पहुंचे तो पता चला कि 18 वर्षीय सूरज कुमार मृतक के पिता अमित ठाकुर ने ही अपने बेटे का धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर अपने घर से फरार हो गया है। त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर अंतिम परीक्षण हेतु एमएमसीएच भेजा गया, तत्पश्चात मृतक के दादा सुदर्शन ठाकुर के फर्द बयान के आधार पर पांकी थाना कांड संख्या 121/2025 के अंतर्गत प्राथमिक अभियुक्त अमित कुमार ठाकुर पिता सुदर्शन ठाकुर के विरुद्ध दर्ज करते हुए उसकी गिरफ्तारी हेतु छापेमारी किया गया। छापामारी के क्रम में अमित कुमार ठाकुर पिता सुदर्शन ठाकुर को रतनपुर पंचायत के करमाईई घाटी के जंगल से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के क्रम में अपना अपराध स्वीकारोक्ति बयान में यह स्वीकार किया कि उसकी पत्नी से 1 वर्ष से अनबन था जिससे बातचीत बंद था परंतु मेरा बेटा सूरज कुमार उसके संपर्क में रहता था। अपने नाना नानी के घर आता जाता था, मेरे द्वारा बार-बार मना करने पर वह नहीं मानता था। इसी बात को लेकर 4 अक्टूबर की रात्रि में गुस्से में आकर घर में रखे टांगी से उसकी गर्दन पर 10 से 15 बार बार कर गला काटकर हत्या कर दिया। घटना को कारित करने वाले टांगी को घर से एवं ग्राम रतनपुर के करमाईई घाटी के जंगल से पहने हुए टीशर्ट गमछी जिसमें खून लगा हुआ था अभियुक्त के निशानदेही पर बरामद किया गया। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से पलामू पुलिस ने आम जनों से अपील की है कि किसी प्रकार की घटना घटित होने के उपरांत विधि व्यवस्था भंग ना करें और ना ही कानून को अपने हाथ में लें। वैसे लोगों व भीड़ के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।




## निः शुल्क मोतियाबिंद शिविर 13 से

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला अंधापन नियंत्रण समिति और राधा लक्ष्मी ट्रस्ट दंगवार के संयुक्त तत्वाधान में हुसैनाबाद के पुराने स्वास्थ्य केंद्र में आगामी 13 अक्टूबर 2025 से शिविर आयोजित की जाएंगी। राधा लक्ष्मी ट्रस्ट के निदेशक डॉ. अखिलेश गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक दिन आंखों की जांच व रविवार को मरीजों का ऑपरेशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा प्रत्येक वर्ष दो तीन माह कैंप लगाकर इस तरह के गरीब और असहाय लोगों को कल्याणकारी कार्य की जाती रही हैं, जो सराहनीय है। उन्होंने बताया कि मोतियाबिंद मरीजों का ऑपरेशन नेत्र चिकित्सक डॉ. धीरज प्रसाद और डॉ. आशुतोष कुमार द्वारा आईएलओ विधि द्वारा लेंस प्रत्यारोपण किया जाएगा। यहां वर्ष-2024 में 2000 मरीजों के आंखों की जांच व 1163 मरीजों का लेंसप्रत्यरोपन किया गया था। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन के बाद रविवार को सभी मरीजों को निःशुल्क दवा और चश्मा भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मरीजों को अपने साथ आधार कार्ड, राशन कार्ड, वोटर कार्ड का फोटो कॉपी, पासपोर्ट साइज का तीन रंगीन फोटो लाना अनिवार्य है। उन्होंने रजिस्ट्रेशन कराने के लिए सीधे काउंटर पर आने की अपील की है।

# हैदरनगर के इमामनगर बरेवा में विवादित भूमि पर पैक्स गोदाम निर्माण पर विवाद

- निर्माण कार्य को भूस्वामी ने लगाई रोक की गुहार

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** अंचल के मौजा इमामनगर बरेवा थाना नं. 310 में खाता संख्या 147 प्लॉट संख्या 342 रकबा 13. 375 डिसमिल की भूमि पर पैक्स गोदाम निर्माण को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। स्थानीय निवासी आनंद विश्वकर्मा, पिता शंभू विश्वकर्मा, ने अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी, हैदरनगर को आवेदन देकर इस संबंध में लिखित शिकायत की है। जिसमें उन्होंने बताया है कि उक्त भूमि उनकी खरीदगी भूमि है, जिसका मालगुजारी रसीद नियमित उनके नाम से ऑनलाइन कटता है। साथ इस जमीन पर उनका दखल कब्जा भी है। उन्होंने बताया कि पैक्स गोदाम का निर्माण कार्य राज्यपाल के नाम से दर्ज भूमि खाता संख्या 1930 रकबा 10 डिसमिल पर होना है। इस गोदाम निर्माण कार्य की दीवार तो सही जगह बन रही है, किंतु भवन का छज्जा लगभग दो फीट और दरवाजा उनकी निजी भूमि में निकाला जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि गढ़वा जिला के नगर थाना अंतर्गत अधौरा गांव निवासी ठीकेदार भूषण सिंह जबरन निर्माण जारी रखते हुए धमकी दी है कि जहां जाना है जाओ, कोई कुछ नहीं बिगाड़ेगा और विरोध करने पर लेवी मांगने का झूठा आरोप लगाकर फंसाने की भी धमकी उन्होंने दी है। उन्होंने पुलिस प्रशासन के अधिकारी से निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने की मांग के साथ भूमि की पुनः मापी निष्पक्ष रुप से कराने का आग्रह किया है। साथ ही धमकी देने वाले ठीकेदार पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। जिससे निर्दोष व्यक्ति को न्याय मिल सके।




## समाजसेवी शालीग्राम पांडेय का निधन

**हैदरनगर।** थाना क्षेत्र के परता गांव निवासी व्योवृद्ध शालीग्राम पांडेय (85 वर्ष) का निधन रविवार की रात मेदिनीनगर में हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे गांव और आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर छाई है। सोमवार को उनका अंतिम संस्कार पैतृक गांव परता के तटवर्ती सोन नदी के घाट पर किया गया। जहां परिजनों और ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। शालीग्राम पांडेय का जीवन सामाजिक कार्यों और धार्मिक गतिविधियों को समर्पित रहा है। वे लंबे समय तक जपला सीमेंट फैक्ट्री में कार्यरत रहे और नौकरी से सेवानिवृत्त होने के बाद भी समाजसेवा व सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय रहे। धार्मिक गीत-संगीत में उनकी गहरी रुचि थी। गांव में भी आयोजित भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में निरंतर अग्रणी भूमिका निभाया।

# किसानों को उचित दाम पर नहीं मिल रहा यूरिया

**नवीन मेल संवाददाता**



**मोहम्मदगंज।** इस वर्ष मानसून ने किसानों को उम्मीद भर पानी ही नहीं। बल्कि खुशियों की बरसात दी है। समय पर और पर्याप्त वर्षा होने से खेतों में धान की फसल लहलहाने लगी हैं। इससे किसानों के चेहरे पर अच्छी उपज को लेकर चमक छा गई है। परंतु, अब जबकि फसल को सबसे अधिक पोषण की जरूरत पड़ी, तब यूरिया खाद की किल्लत ने किसानों की सारी मेहनत पर पानी फेर दिया। खाद का संकट किसानों की सबसे बड़ी चिंता बन गई है। क्योंकि यूरिया खाद की भारी कमी देखने को मिल रही है। सरकारी वितरण केंद्रों से पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं हुआ है। ऐसे में निजी दुकानों में ऊंचे दाम खाद की खरीद करनी पड़ रही है। इसके लिए भी उन्हें सुबह से शाम तक लंबी कतारों में लगने के बाद भी खाली हाथ लौटना पड़ता है। कई जगहों पर खाद की खुले आम कालाबाजारी हो रही है। जहां से सरकार के निर्धारित कीमत 266 रुपए प्रति बोरी की जगह 350 से 400 में खाद खरीदने को मजबूर कर दिया है। ऐसे में इससे छोटे और सीमांत किसान सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। किसानों का कहना है कि खेतों में पानी तो पर्याप्त है, परंतु खाद की कमी से पौधे कमजोर हो रहे हैं। कई स्थानों पर पौधों की पत्तियां पीली पड़ गई हैं। जिससे दानों का विकास रुक गया है। किसान को चिंता इस बात की है कि यदि अगले कुछ दिनों में खाद नहीं मिली, तो फसल की पूरी पैदावार पर बुरा असर पड़ेगा। किसानों ने बताया कि उन्होंने बारिश के भरोसे धान बोया था। जिसमें भगवान ने पर्याप्त पानी दिया। लेकिन सरकारी दर पर पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल पाई है। जिससे अब फसल मुरझा रही है। जितनी मेहनत और खर्च किया है। अब सब बेकार जाता दिख रहा है। अच्छी पैदावार की उम्मीद में कर्ज लेकर भी खेती की थी। मगर अब खाद की कमी से उपज घट जाएगी। जिसकी भरपाई कैसे होगी। इसकी चिंता सता रही है।

# सनातन धर्म सभा ने दुर्गा पूजा समितियों को किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** सनातन धर्म सभा केंद्रीय समिति के तत्वावधान में दुर्गा पूजा महोत्सव सम्मान समारोह एवं भक्ति जागरण का आयोजन रविवार को मध्य विद्यालय लेस्लीगंज के मैदान में किया गया। कार्यक्रम में नीलांबर पीतांबरपुर, पांकी, तरहसी, मनातू के लगभग 50 से अधिक दुर्गा पूजा समिति को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां दुर्गे की आरती के साथ हुआ। तत्पश्चात मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि समाजसेवी रामदास साहू, मुकेश पांडे, अरविंद गुप्ता, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ राजीव नयन, राष्ट्रीय परशुराम वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी और जिला अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान शिव पार्वती के झांकी से हुई । इसके उपरांत गायक शुभम भास्कर, गायिका अर्चना गोस्वामी, महानायक उमाशंकर मिश्रा और सिद्धि पाठक ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं, पूजा समितियों और दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

## कोसीआरा स्टेशन का संपर्क पथ पक्कीकरण की जोह रहा बाट

**मोहम्मदगंज।** कादलकुर्मी-दंगवार वाया जपला मुख्य मार्ग में पटखौलिया स्कूल के पास से कोसीआरा स्टेशन को जाने वाले संपर्क पथ की हालत खस्ताहाल हो गया है। इसमें जगह-जगह गड्ढे उभर आए हैं। जिससे होकर वाहन की कौन कहे, पैदल चलना मुश्किल भरा बन गया है। थोड़ी-सी बारिश में भी जलजमाव भी हो जाता है। ऐसी हालत में इस पर आवागमन करना जोखिम भरा हो गया है। उक्त स्टेशन से ट्रेन पकड़ने के लिए बटौवा, बरवाडीह, बरडंडा, सबनवां, पटखौलिया, झरी, रमजीता, पांती, भितरपांती, इमलिया टिकर, सिंघना, तेंदुआ, रसूलपुर और डाली सहित अन्य कई गांव के ग्रामीणों के आवागमन का यही पथ एकमात्र माध्यम है। बताया गया कि इस पथ का निर्माण आरईओ से 2002-03 में तत्कालीन विधायक की पहल पर किया गया था। इसके बाद के इतने वर्षों में कभी भी इसकी मरम्मती तक नहीं कराई गई है।

# कांग्रेस में गर्मजोशी से जिलाध्यक्षों का स्वागत

### वरिष्ठ नेता हृदयानंद मिश्र के आवास पर पलामू-गढ़वा अध्यक्षों को मिठाई खिलाकर दी शुभकामनाएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुश्री बिमला कुमारी और गढ़वा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ई. औबेदुल्लाह हक अंसारी का गुरुवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेता हृदयानंद मिश्र के आवास पर भव्य स्वागत किया गया। दोनों नव-निर्वाचित अध्यक्षों को मिठाई खिलाकर बधाई दी गई और उनके सफल कार्यकाल एवं संगठन की मजबूती की कामना करते हुए आशीर्वचन प्रदान किए गए। इस अवसर पर पलामू और गढ़वा जिला कांग्रेस कमेटी के अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे, जिनमें उदय नारायण तिवारी, मिथलेश, सुरेंद्रनाथ तिवारी, लल्लू सिंह, मोहम्मद मसरूर अहमद, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष श्रीमती रेखा सिंह, सत्यानंद दुबे, दयाशंकर तिवारी उर्फ घुरा तिवारी, धनंजय तिवारी, बबलू दुबे, समीर अख्तर, त्रिपुरारी सिंह एवं राजेश कुमार सहित कई अन्य शामिल थे। सभी ने दोनों अध्यक्षों को संगठन की सक्रियता और मजबूती के लिए शुभकामनाएं दीं।



## वाईजेकेएसएफ के छात्र लिए गए हिरासत में

**मेदिनीनगर।** नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में कुलपति का विरोध करने के कारण वाईजेकेएसएफ के दो छात्र नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। वाईजेकेएसएफ के पदाधिकारीयों ने दीक्षांत समारोह या राज्यपाल का विरोध नहीं किया था, बल्कि नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति के भ्रष्ट आचरण का विरोध किया था। छात्र- छात्राओं की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया था। इस संदर्भ में पुलिस ने संगठन के श्रवण सिंह, विकास यादव को हिरासत में लिया है। वाईजेकेएसएफ प्रशासन और विश्वविद्यालय प्रशासन से प्रश्न पूछता है कि क्या इस लोकतांत्रिक व्यवस्था में छात्रों को अपनी आवाज, अपने प्रश्न उठाने का अधिकार नहीं है? यह विश्वविद्यालय प्रशासन का तानाशाही पूर्ण रवैया है। लेकिन इससे संगठन छात्रों की समस्याओं को उठाना बंद नहीं करेगा ना ही संगठन डरेगा ना ही झुकेगा।

**समस्या** सड़क पर नाली का पानी बहने से लोग परेशान

# हुसैनाबाद नपं के वार्ड दो व तीन में नहीं भरा गया गड्ढा

**नवीन मेल संवाददाता**

हुसैनाबाद। नगर पंचायत के वार्ड-दो और तीन के आईटीआई के पीछे नाली का पानी जमा होने से जल जमाव से जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड तीन के आईटीआई के पीछे मुख्य रोड में सड़कों पर जल जमाव से सामान्य जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बताया जाता है कि एक वर्ष में भी उक्त सड़क का गड्ढा नहीं भरा गया। जबकि नगरीय कोष से इसका समाधान किया जा सकता था, परंतु वह भी नहीं किया गया। जगह-जगह जल जमाव के कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही है। जल निकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। जबकि आईटीआई पीछे दो प्राइवेट स्कूल भी संचालित किया जा रहा है। जिससे बच्चों को परेशानी हो रही हैं। परंतु सड़कों पर जल जमाव के कारण उक्त सड़क से आवागमन में लोगों को काफी कठिनाई हो रही है। वहीं उक्त रास्ता वार्ड नंबर दो और तीन के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के गांव विशुनपुर, दरुआ, रामाबांधी और फातमा चक होते हुए जपला पथरा मुख्य सड़क से जोड़ती है। गांव के मुख्य सड़क से शहरी क्षेत्रों में जाने वाली पूरे सड़क पर जल जमाव की स्थिति बनी हुई है। सड़क पर लोगों के सामने जल जमाव एक बहुत बड़ी समस्या बनी हुई है। इस जर्जर सड़क पर जल जमाव के कारण राहगीरों की मुश्किलें भी बढ़ गई है। वार्ड दो और तीन के लोग आज भी कच्ची सड़क पर चल रहे हैं। उधर वार्ड तीन के निवर्तमान वार्ड पार्षद राजेन्द्र पाल ने बताया कि इस मामले को लेकर तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी व वर्तमान पदाधिकारी को उक्त सड़क व नाली निर्माण कार्य कराने को लेकर एक साल से अवगत करा रहे हैं, इसके बावजूद इस दिशा में कोई सार्थक प्रयास नहीं किया गया है। उन्होंने पुनः इस समस्या का निदान तत्काल कराने की मांग की है। ताकि स्कूली बच्चों को परेशानी न हो ।



## झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अजय गुप्ता ने दिया इस्तीफा

**ऊंटारी रोड़।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ऊंटरी रोड प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इस संबंध में उन्होंने 6 अक्टूबर 2025 को जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा को पत्र सौंपा। अपने इस्तीफा पत्र में अजय कुमार गुप्ता ने लिखा है कि वे निजी कारणों से पद छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी में उन्हें हमेशा मान-सम्मान, प्यार और सहयोग मिला है, जिसके लिए वे जिला नेतृत्व और केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट करते हैं। गुप्ता ने आगे कहा कि नेतृत्व ने हमेशा उन्हें सम्मान देने का कार्य किया है और इसके लिए वे सदा आभारी रहेंगे। साथ ही उन्होंने अनुरोध किया कि उनके इस्तीफे को स्वीकार किया जाए। गुप्ता ने पत्र की प्रतिलिपि झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय कार्यालय, रांची को भी प्रेषित की है। बताया जा रहा है कि वे आगामी 9 अक्टूबर को राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता ग्रहण करेंगे।

# प्लेटफार्म नंबर 2 व 3 पर जाने में दिव्यांग वृद्ध व बीमार लोगों को होती है परेशानी



**नवीन मेल संवाददाता**

हुसैनाबाद (पलामू)। अनुमंडल मुख्यालय हुसैनाबाद का रेलवे स्टेशन जपला में सभी मेल एक्सप्रेस ट्रेनें प्लेटफार्म नंबर 2 और 3 पर लगाई जाती है। प्लेटफार्म नंबर 2 और 3 काफी नीचा होने के साथ- साथ वहां तक जाने आने में दिव्यांग वृद्ध व बीमार लोगों को काफी कठिनाई होती है। रेल उपभोक्ता संघर्ष समिति और सद्भावना चौकड़ी ने एक संयुक्त ज्ञापन डीआरएम डीडीयू मंडल के नाम जपला स्टेशन अधीक्षक संजय कुमार के माध्यम से दिया है। ज्ञापन ने कहा गया है कि जपला रेलवे स्टेशन हुसैनाबाद अनुमंडल मुख्यालय का रेलवे स्टेशन है। इस रेलवे स्टेशन पर रुकने वाली सभी मेल एक्सप्रेस ट्रेनें प्लेटफार्म नंबर 2 या 3 पर लगती है। जबकि प्लेटफार्म तक आने जाने के लिए दिव्यांग, वृद्ध एवं बीमार लोगों के लिए समतल ओवर ब्रिज की सुविधा नहीं है। वृद्ध दिव्यांग व बीमार लोगों को काफी कठिनाई होती है। ज्ञापन सौंपने वालों में समिति के संरक्षक एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, मनोज शर्मा, जिशान हसन, इम्तेयाज, बबन सिंह केदार सिंह, मोहम्मद खालिद, अब्बास अंसारी,जितेंद्र कुमार सोनी, प्रभात पाल के अलावा कई लोग शामिल थे।

## नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह संपन्न

# 57 मेधावियों को स्वर्ण पदक छात्र-छात्राओं को मिली उपाधि

नवीन मेल संवाददाता








**मेदिनीनगर।** नीलांबर - पीतांबर विश्वविद्यालय मेदिनीनगर में सोमवार को झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, पलामू सांसद बीडी राम और चतरा सांसद कालीचरण सिंह की गरिमामय और उत्साहपूर्ण वातावरण में वार्षिक दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय के परिसर में आयोजित इस समारोह में सुबह से ही छात्रों,अभिभावकों और प्राध्यापकों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। समारोह की अध्यक्षता कुलपति ने की, जबकि संचालन कुलसचिव ने किया।

कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती और नीलांबर-पीतांबर की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित और विश्वविद्यालय गीत के साथ हुई। कुलपति ने स्वागत भाषण देते हुए विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, शोध कार्यों को गिनाया। तीसरा दीक्षांत समारोह में 2021, 22, 23,24 के 57 छात्रों को स्वर्ण पदक और डिग्री, पीजी और वोकेशनल के 143 छात्रों को डिग्री व लगभग यूजी के लगभग 679 छात्रों और पांच शोध उपाधियां प्रदान की गईं। इनमें से 57 मेधावी छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया गया। मंच पर पदक ग्रहण करते समय छात्रों के चेहरे पर आत्मविश्वास और खुशी साफ झलक रही थी। समारोह में कुलसचिव ने विश्वविद्यालय की भविष्य की योजनाओं का भी उल्लेख किया। विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायाध्यक्षों और विभागाध्यक्षों ने भी छात्रों को शुभकामनाएं दीं।

उपाधि लेने पहुंचे सभी छात्र-छात्राएं विधिवत ड्रेस में आए हुए थे। कई छात्र-छात्राएं आने से पहले और उपाधि लेने के बाद सेलफी लेते और आपस में अपना अनुभव बताते नजर आए।इस अवसर पर अभिभावकों के चेहरों पर गर्व और संतोष की चमक दिखाई दी। गणित स्वर्ण पदक विजेता ब्यूटी रानी अपने अनुभव साझा करते हुए शिक्षकों और परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। समापन के बाद विश्वविद्यालय परिसर में छात्र छात्राएं एक-दूसरे को बधाई देते नजर आए। कई छात्रों ने अपने शिक्षकों और मित्रों के साथ फोटो भी खिंचवाए। यह अवसर न केवल छात्रों के भविष्य की एक नई शुरूआत को चिन्हित करता है अपितु नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा और शिक्षा संस्कृति को भी सशक्त रूप से सामने रखा। मंच संचालन डॉ. संजय बड़ा, डॉ. भावना सिंह, डॉ. जेनेफर गुड़िया और रजिस्ट्रार प्रो. डॉ. नफीस अहमद ने किया।



नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में भाग लेने आये राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार का चियांकी हवाई अड्डा पर स्वागत करतीं उपायुक्त।

## एनपीयू दीक्षांत समारोह व पुस्तकालय लोकार्पण में उमड़ा उत्साह



नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** चियांकी हवाई अड्डे पर झारखंड के माननीय राज्यपाल संतोष गंगवार का भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर पलामू के सांसद वीडी राम व झारखंड सरकार के वित्त, संसदीय कार्य एवं योजना मंत्री राधाकृष्ण किशोर भी उपस्थित रहे। राज्यपाल गंगवार ने नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में भाग लेकर विश्वविद्यालय परिवार को अत्यंत सकारात्मक संदेश दिया। साथ ही उन्होंने नए महर्षि विश्वामित्र केंद्रीय पुस्तकालय का उद्घाटन कर शैक्षिक वातावरण को नया आयाम दिया। भाजपा के युवा नेता प्रफुल्ल सिंह ने भी राज्यपाल का स्वागत करते हुए आयोजन को ऊर्जा और सौहार्द्र से भर दिया। पूरे दिन कार्यक्रम स्थलों पर उत्साह, सम्मान और उपलब्धि का माहौल दिखाई दिया, जिसे पलामू जिले ने गौरव के क्षण के रूप में अनुभव किया।

## शहर थाना ने सोना चांदी सफाई के नाम पर चोरी करने वाले चार लोगों को पकड़ा

- सोना-चांदी साफ के नाम पर लूट करने वाले गिरोह का खुलासा
- बस स्टैंड से चार लोगों को किया गया गिरफ्तार
- लूट के सोना, चांदी और कई सामान बरामद

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र में सोना-चांदी सफाई की सफाई कर चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा किया गया है। पुलिस ने गिरोह में शामिल चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि बस स्टैंड के पास कुछ लोग संदिग्ध दिखे हैं। सूचना के बाद बस स्टैंड के समीप वाहन चैकिंग के दौरान बिना नंबर के दो मोटरसाईकिल में सवार 4 व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में पाये गये। इसके बाद चारों लोगों को थाना में लाकर पूछता की गई। उनके पास रखे बैग को जब पुलिस ने जांच तो सोना-चांदी साफ करने के सामान मिले। जिसके बाद पकड़ाए लोगों ने अपना नाम शंभू कुमार साह ( 43 वर्ष) पिता दशई प्रसाद शाह, शशि भूषण (27 वर्ष) पिता स्व. रामजन्म साह पता सुमित सोनी ( 27 वर्ष) पिता चुल्हाई साह टिंकू कुमार सोनी (25 वर्ष) पिता रामाजी साह सभी पता रामनगरा पोस्ट गम्हरिया थाना सुपी जिला सीतामढ़ी बिहार बताया। पुलिस पूछताछ में सभी ने बताया कि ये सभी 22 अगस्त को डाल्टनगंज स्थित शांतिपुरी रोड नंबर-10 में एक घर में बर्तन साफ करने के नाम पर उस घर के औरत को विश्वास में लेकर 4 सोना का चैन एवं 4 सोने की अंगुठी, दिनांक 24 सितंबर को हमीदगंज में गहना साफ करने का धोखा देकर एक महिला से साने का चैन एवं 1 अंगूठी और लेस्लीगंज थाना अन्तर्गत ग्राम ओरिया कला से भी पतंजली दवा बेचने के नाम पर महिला को नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश करके उसके गले का सोना के अलावा कान का फुल एवं पायल लेकर गायब होने की बात स्वीकार किया। छापामारी दल में शहर थाना प्रभारी शहर ज्योति लाल रजवार, एएसआई संतोष कुमार पांडेय, सुमित कुमार रवि, संतोष लाल, हरजित कुमार, नंदलाल पटेल शामिल थे।

## कोयल रिवर फ्रंट पर गंगा आरती का आयोजन

# हर रविवार अपने शहर में गंगा आरती होता रहेगा : अरुणा शंकर

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नवजागरण कोयल गंगा आरती समिति द्वारा हर रविवार की भांति इस रविवार को भी कोयल रिवर फ्रंट गंगा आरती मंच से स्थानीय युवाओं द्वारा गंगा आरती किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मेदिनीनगर की प्रथम महापौर श्रीमती अरुणा शंकर ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कही कि मैं अपने कार्यकाल में कोयल रिवर फ्रंट में गंगा आरती मंच बना रही थी, उस वक्त मेरा सपना था हमारे शहर में जहां मैंने बच्चों को खेलने के लिए गांधी उद्यान दिया, आम लोगों को घूमने के लिए कोयल रिवर फ्रंट दिया वहीं बुजुर्गों के लिए गंगा आरती मंच से हर रविवार गंगा आरती कराकर उन्हें सुकून दूंगी और आज वह सपना पूरा हो रहा। लेकिन बात सामने यह आ रहा था की हर सप्ताह बनारस से गंगा आरती करने वाले को नहीं बुलाया जा सकता, तब मैंने समाज के कुछ धार्मिक प्रवृत्ति के युवाओं को अपना प्रस्ताव रखा और आज मुझे फक्र है यह कार्य राहुल कुमार,अनीश मिश्रा ने अपने साथियों के साथ कर दिखाया। हमारे शहर में भी बनारस की तर्ज पर हर रविवार गंगा आरती हो रहा जहां सैकड़ों की भीड़ लग रही। प्रथम महापौर ने कहा कि युवाओं द्वारा किए जा रहे गंगा आरती से काफी संतुष्ट हूं। किसी भी मायने में हमारे शहर के युवक जो गंगा आरती कर रहे बनारस के युवकों से कम नहीं हैं। प्रथम महापौर ने अस्वस्थ किया है इस गंगा आरती को बंद होने नहीं दिया जाएगा। इसे हमारे शहर की संस्कृति का एक हिस्सा बनाया जाएगा, जैसे हमने झारखंड में पहला लता मंगेशकर चौक और म्यूजिकल रोड बनाया उसी तरह झारखंड का यह पहला शहर होगा जहां हर सप्ताह रविवार को गंगा आरती एक निश्चित टाइम पर कोयल तट पर होगा।

## अविनाश देव ने भगवान बिरसा की मिट्टी की मूर्ति भेंट कर राज्यपाल का किया स्वागत

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** संत मरियम स्कूल के चेयरमैन सह झारखंड सरकार के माटी कला बोर्ड के निवर्तमान सदस्य अविनाश देव ने झारखंड के राज्यपाल का पलामू आगमन पर हार्दिक स्वागत किया। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की मिट्टी से बनी सुंदर मूर्ति भेंट कर राज्यपाल का अभिनंदन किया। यह क्षण सांस्कृतिक रूप से अत्यंत भावनात्मक रहा, क्योंकि भगवान बिरसा की मूर्ति झारखंड की आत्मा और लोक गौरव का प्रतीक मानी जाती है।

राज्यपाल का आगमन नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह के अवसर पर हुआ था। मंच पर पहुंचने पर अविनाश देव ने स्वयं राज्यपाल का स्वागत करते हुए पलामू की पावन धरती का आशीर्वाद बताया। इस दौरान, उन्होंने जिले की शैक्षणिक परिस्थितियों और विश्वविद्यालय के विकास से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा की।

अविनाश देव ने बताया कि उन्होंने महामहिम को जिले में शिक्षा की जमीनी स्थिति से अवगत कराया। बातचीत के दौरान राज्यपाल ने विश्वविद्यालय और जिले की शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए सकारात्मक रुख दिखाया और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा कि पलामू की शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए राज्यपाल का मार्गदर्शन प्रेरणादायक रहेगा। अविनाश देव ने यह भी कहा कि झारखंड की मिट्टी में भगवान बिरसा की आत्मा बसती है और इसी मिट्टी से बनी मूर्ति भेंट करना गौरव की बात है। राज्यपाल द्वारा पलामू के लोगों की शिक्षा के प्रति जागरूकता की सराहना की गई। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास की नींव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में ही निहित है। समारोह का वातावरण सांस्कृतिक उत्साह और शैक्षणिक गर्व से भरा रहा।

## श्री सर्वेश्वरी समूह आश्रम में चिकित्सा शिविर का आयोजन , 45 मरीजों का हुआ इलाज

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** श्री सर्वेश्वरी समूह के सुदना स्थित आश्रम में निःशुल्क प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में धनबाद से आये प्रसिद्ध नस-नाड़ी रोग विशेषज्ञ वैद्य प्रदीप कुमार डागा ने अपनी सेवाएं दीं। शिविर में कुल 45 मरीजों का निःशुल्क परीक्षण और उपचार किया गया। यहां आने वाले मरीजों को नस-नाड़ी विकार, जोड़-दर्द, मांसपेशियों की समस्या, लकवा और अन्य जटिल बीमारियों के लिए प्राकृतिक उपचार प्रदान किया गया। वैद्य डागा ने बताया कि आज की व्यस्त जीवनशैली में योग, प्राणायाम और प्राकृतिक चिकित्सा अपनाकर लोग बिना दवा के भी स्वस्थ रह सकते हैं। स्वास्थ से बड़ा धन कोई नहीं हैं, इसलिए लोग इसे लेकर गंभीर रहना चाहिए। वैद्य डागा ने मरीजों को खान-पान और जीवनशैली में सुधार के लिए कई उपयोगी सुझाव भी दिए। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और आश्रम से जुड़े श्रद्धालुओं ने भाग लिया। समूह की स्थानीय शाखा की उपाध्यक्ष सह ब्राइट लैंड स्कूल की चैयरमैन रागिनी राय ने शिविर आयोजन के औचित्य पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि श्री सर्वेश्वरी समूह के संस्थापक अघोरेश्वर महाप्रभु जी का मानना था कि सच्ची आध्यात्मिकता आडंबरों से दूर रहकर मानवता की सेवा करने में है। समूह का मुख्य उद्देश्य सभी मनुष्यों के कल्याण, प्रगति और उत्थान के लिए कार्य करना है। सेवा के संकल्प के साथ समूह द्वारा सुदना स्थित आश्रम में प्रत्येक माह के छह तारीख को प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है। मौके पर प्रचार मंत्री अनुराग सिंह,राहुल राम आदि सक्रिय रहे।

## बाघों को बचाने के लिए निकाली गई बाइक रैली

# पलामू को फिर से टाइगर कंट्री के रूप में पहचान दिलाना लक्ष्य : प्रजेश जेना

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** वन्यजीव सप्ताह के अवसर पर पलामू टाइगर रिजर्व में सेव दी टाइगर, सेविंग आवर स्ट्राइप्स नामक एक विशेष बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस आयोजन में झारखंड के विभिन्न जिलों से आए बाइकर्स क्लबों के सदस्य, स्थानीय युवा, वनकर्मी और ग्रामीण समुदाय के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। रैली की शुरूआत रांची से हुई, जहां से बाइकर्स ने सेव दी टाइगर, सेव दी फारेस्ट, सेव दी फ्यूचर के नारे लगाते हुए पूरे मार्ग में बाघ और जंगल की रक्षा का संदेश दिया। इस अभियान का उद्देश्य बाघ संरक्षण, वन्यजीव सुरक्षा और इको-टूरिज्म को बढ़ावा देना था। संरक्षण का संदेश युवा शक्ति के साथ पलामू टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक प्रजेश जेना ने कहा कि भारत में कई टाइगर रिजर्व हैं, लेकिन पलामू देश के पहले नौ टाइगर रिजर्वों में से एक और झारखंड का एकमात्र टाइगर रिजर्व है। इस रैली के माध्यम से युवाओं में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना जगाना, जनसहभागिता बढ़ाना और पलामू को फिर से टाइगर कंट्री के रूप में पहचान दिलाना हमारा लक्ष्य है। उन्होंने आगे कहा कि बाघ जंगल का प्रतीक है। जब हम बाघ को बचाते हैं, तो वास्तव में हम पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को बचाते हैं। पलामू की पहचान केवल जंगल नहीं, बल्कि यहां की संस्कृति, समुदाय और संवेदना से जुड़ी है। इको-टूरिज्म और सांस्कृतिक जुड़ाव का संगमरैली में शामिल बाइकर्स ने रांची से अपना सफर शुरू किया और पलामू टाइगर रिजर्व पहुंचकर बेतला नेशनल पार्क, कैचकी संगम, पलामू किला, कमलदाह झील, बक्सा मोड़ स्थित मड हाउस होते हुए गारू रेंज में आयोजित प्राणी संरक्षण एवं वनदेवी पूजा महोत्सव में भाग लिया। वन विभाग और ग्रामीण समुदाय के सहयोग से आयोजित इस महोत्सव ने स्थानीय लोगों और पर्यटकों को वन्यजीव संरक्षण की सांस्कृतिक परंपरा से जोड़ा। बाइकर्स ने इसमें भाग लेकर संरक्षण और संस्कृति के अनोखे मेल को नजदीक से अनुभव किया। इसके बाद बाइकर्स की टीम मिर्चिया फॉल, सुगा बंध, महुआडांड वुल्फ सेंचुरी, लोध फॉल और नेतरहाट की ओर आगे बढ़ी। जहां उन्होंने प्रकृति, जंगल और पर्यटन के बीच संतुलन का संदेश दिया। रैली में वन विभाग की टीम, बेतला ईको-डेवलपमेंट कमिटी और स्थानीय युवाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि वे आगे भी बाघ और उसके आवास की रक्षा के लिए समाज में जागरूकता फैलाते रहेंगे। यह रैली न केवल जागरूकता का प्रतीक बनी, बल्कि पलामू के लोगों के लिए एक गूंजता संदेश छोड़ गई, अगर जंगल बचेगा,तो जीवन बचेगा।

### समाहरणालय सभागार में की गयी विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा

# कार्य में लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारियों पर की जाएगी सख्त कार्रवाई : उपायुक्त

- बैठक में विभिन्न विकास योजनाओं समेत जन सुनवाई कार्यक्रम की भी की गई समीक्षा
- योजनाओं को पूर्ण करने एवं योजना अंतर्गत राशि को नियमानुसार व्यय करने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता




**गढ़वा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त दिनेश यादव की अध्यक्षता में जिले की विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला के विकास कार्यों को गति देने और आमजन को योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान आवास योजना, मनरेगा, पंचायती राज, समाज कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा कोषांग सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई। संबंधित विभागों के पदाधिकारियों द्वारा अब तक किए गए कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। साथ ही कार्यान्वयन के दौरान आ रही समस्याओं एवं चुनौतियों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। मनरेगा के मुख्य बिंदुओं यथा- योजना की पूर्णता, एरिया ऑफिसर मॉनिटरिंग ऐप, आधार से आधारित भुगतान एवं मजदूरों का आधार एंट्री, 100 मानव दिवस वाले परिवार, पोटो हो खेल मैदान, बिरसा हरित ग्राम योजना, अस्वीकृत लेन-देन, अबुआ-आवास में निर्गत मास्टर रॉल आदि की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गयें एवं अद्यतन स्थिति से अवगत होकर कार्य में तेजी लाने हेतु निदेशित किया गया। मनरेगा अंतर्गत जॉब कार्डधारी को चिन्हित कर नियमानुसार कार्य उपलब्ध कराते हुए 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिया गया। उपायुक्त श्री यादव द्वारा पूर्व की लंबित योजना को बंद करने हेतु निर्देश दिया गया। प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) के अंतर्गत 2.0 सर्वे, पीएम जन-मन का भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा की। सामाजिक सुरक्षा कोषांग के अंतर्गत चल रहे विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाएं यथा- सर्वजन पेंशन योजना, परिवार हित लाभ योजना, झारखंड मुख्यमंत्री मईंयां सम्मान योजना आदि की समीक्षा की गई। सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा द्वारा उपरोक्त विभिन्न पेंशन योजनाओं के तहत लाभुकों को भुगतान किए जाने वाले कार्रवाईयों से उपायुक्त को अवगत कराया गया तथा उपरोक्त विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत सफल, असफल भुगतान की सूची से भी अवगत कराया गया। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी विकासात्मक योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी और निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने पारदर्शिता एवं जवाबदेही को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि आमजन की सुविधा और कल्याण को ध्यान में रखते हुए योजनाओं का निष्पादन किया जाए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि नियमित अंतराल पर योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी ताकि कार्यों में गति लाने के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित हो सके। साथ ही योजनाओं के कार्यान्वन में लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही गई।

## कनीय अभियंता ने टूटी सड़क का किया निरीक्षण, मरम्मत का दिया आदेश




नवीन मेल संवाददाता

**केतार।** राष्ट्रीय नवीन मेल द्वारा 6 अक्टूबर के अंक मे बाढ़ के पानी से नवनिर्मित सड़क टूटी, आवागमन बाधित शीर्षक से प्रकाशित समाचार का असर हुआ है। ग्रामीण कार्य विभाग ने इस पर संज्ञान लिया है। विभाग के कनीय अभियंता सरयू राम ने मुकुन्दपुर गांव पहुंचकर पंडा नदी के बाढ़ के पानी से टूटी सड़क का निरीक्षण कर जायजा लिया। कनीय अभियंता सरयू राम ने जांच के पश्चात स्थल से ही आर्यन कंट्रक्शन के संवेदक को तत्काल क्षतिग्रस्त सड़क को मिट्टी मोरम फीलिंग कराकर मरम्मत कराने का निर्देश दिया है। ताकि ग्रामीणों का आवागमन बाधित नहीं हो। उन्होंने कहा कि बरसात का मौसम समाप्त होते ही डैमेज सड़क को पिचिंग का कार्य कराया जायेगा। गौरतलब है कि उक्त सड़क चार माह पूर्व 1.38 करोड़ की लागत से बनी थी। इस सड़क को टूटने से मुकुंदपुर गांव का संपर्क सिंहपुर, बक्शीपुर गांव से टूट गया है। फिलहाल इस सड़क से वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया है। देखना यह दिलचस्प होगा कि विभाग के निदेर्शों का कितना पालन होता है। हालांकि मुकुंदपुर के ग्रामीण रामेश्वर प्रसाद,चंदन प्रसाद, धर्मेंद्र सिंह, सूरजन गुप्ता ने राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार की सराहना की, उन्होंने कहा कि यह अखबार हमेशा जनहित मुद्दे को उठाता है।

## पैसे के अभाव में नहीं हो सका इलाज, जलसहिया की हुई मौत

**धुरकी।** थाना क्षेत्र के रक्सी पंचायत अंतर्गत कुम्बा कला गांव से रविवार को एक हृदयविदारक खबर आई। गांव की 30 वर्षीय शांति देवी, जो जलसहिया के रूप में कार्य करती थीं, इलाज के दौरान मौत हो गईं। महिला पिछले दो महीने से बुखार से पीड़ित थीं, लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर होने के कारण समय पर इलाज नहीं हो सका। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उन्हें उत्तर प्रदेश के रॉबर्ट्सगंज अस्पताल ले जाया, लेकिन डॉक्टरों की तमाम कोशिशों के बावजूद इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतका अपने पीछे दो वर्ष का एक पुत्र छोड़ गई हैं। परिजनों ने बताया कि पैसों की कमी और गरीबी के कारण वे समय पर उचित इलाज नहीं करा पाए। घटना की जानकारी मिलने के बाद विधायक अनंत प्रताप देव ने तुरंत अपने करीबी नेता मुक्तेश्वर पांडेय को गांव भेजा। मुक्तेश्वर पांडेय ने परिवार से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की और आर्थिक सहायता प्रदान की। इस दौरान प्रमोद पासवान, जगरनाथ भुइंया, दिनेश पासवान, सुरेंद्र यादव,अरुण प्रजापति, संतोष पासवान,अनिल भुइंया, सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## मूसलाधार बारिश में टूट गया था गम्हरिया का सुनर बांध, ग्रामीण की मरम्मती

**रमना।** गम्हरिया पंचायत के किसानों ने गत रात्रि हुए मूसलाधार बारिश के करण टूटे सुनर बांध की मरम्मत श्रमदान से दो दिनों में कर अदम्य साहस, एकजुटता एवं जल संरक्षण का अदभुत परिचय दिया है। ज्ञात हो कि गत शुक्रवार की रात्रि में हुई मूसलाधार बारिश के कारण सुनर बांध का तटबंध टूट गया था। जिस कारण खेतो में मिट्टी और पानी भर जाने से किसानों के लगी खरीफ धान की फसलें बर्बाद हो गयी है। साथ ही रवि फसल गेहूं के सिंचाई पर भी खतरे का बादल मंडराने लगे थे। इस समस्या को देखते हुए किसानों ने श्रमदान से बांध की मरम्मत करने का निर्णय लिया। इस कार्य को सीआरपीएफ जवान उपेंद्र यादव एवं समाजसेवी दिलीप पासवान के नेतृत्व में रविवार से ही कुदाल-गइता लेकर बांध की मरम्मत में जूट गए। लगभग दो सौ ट्रैक्टर मिट्टी भरने के बाद इस टूटे तटबंध के मरम्मत का कार्य सोमवार को पूरा हो गया। ग्रामीणों ने कहा कि यदि इस बांध के तटबंध की मरम्मत नहीं की जाती तो जलस्तर नीचे चले जाने के कारण गर्मी के दिनों में कई गांवों में पेयजल संकट उत्पन्न हो जाता। साथ ही तालाब में पानी नही रहने के कारण छठ पूजा भी प्रभावित होता। उक्त बातो को ध्यान में रखते हुए बगैर किसी सरकारी मदद के प्रतीक्षा किये बिना सुनर बांध के तटबंध की मरम्मत आपसी सहयोग से किया गया है। किसानों के इस कार्य की प्रशंसा हो रही है। बांध मरम्मत कार्य में देववंश यादव,अशोक यादव,अनिल यादव, चांसी यादव, रामसहाय यादव, गुड्डन यादव, रघुनाथ राम, नागेंद्र राम, राजेश राम आदि किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## वाहन चेकिंग के दौरान 15 बाइक जब्त

**केतार।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने केतार-भवनाथपुर मुख्य पथ पर कोल मोड़ के समीप एंटी क्राइम के तहत थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया। सघन वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने दर्जनों दो पहिया वाहनों को रोक कर जांच की। जांच के दौरान पुलिस ने बाइक चालकों की वाहन की कागजात, हेलमेट और डिकी की जांच की। इस दौरान पुलिस ने बगैर हेलमेट और कागजात के सफर कर रहे 15 वाहन चालकों की बाइक को जब्त कर लिया है। थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने बताया कि बगैर हेलमेट वाले बाइक चालकों को सड़क सुरक्षा से संबंधित नियम बताए गए, उन्हें लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए हेलमेट पहनने की नसीहत दिया गया। थाना प्रभारी ने बाइक चालकों को स्पष्ट चेतावनी दिया है कि बिना हेलमेट सड़क पर नहीं निकलें। शराब पीकर बाइक चलाना पूरी तरह से प्रतिबंधित है। उन्होंने कहा कि वाहन चेकिंग अभियान जारी रहेगा।

## दीक्षांत समारोह प्रत्येक विद्यार्थी के लिए गौरवपूर्ण क्षण : अभाविप

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा नीलांबर पितांबर विश्वविद्यालय में आयोजित तृतीय दीक्षांत समारोह के संदर्भ में प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई। राज्य विश्वविद्यालय कार्य सह संयोजक मंजुल शुक्ल ने कहा कि लंबे समय बाद विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। यह अवसर न केवल विद्यार्थियों के अथक परिश्रम और समर्पण का उत्सव है,बल्कि विश्वविद्यालय के शैक्षणिक उत्कृष्टता और समग्र विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर भी है। दीक्षांत समारोह प्रत्येक विद्यार्थी के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण होता है, जो उसकी मेहनत, समर्पण और उपलब्धियों को औपचारिक रूप से सम्मानित करता है। नवनियुक्त कुलपति महोदय द्वारा कम समय में दीक्षांत समारोह का आयोजन यह दर्शाता है कि विश्वविद्यालय नेतृत्व उच्च शिक्षा की गरिमा, छात्र हितों तथा अकादमिक मूल्यों को प्राथमिकता दे रहा है। अभाविप इस पहल का स्वागत करती है और आशा करती है कि कुलपति के नेतृत्व में विश्वविद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहेगा। साथ ही दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों के बैठने की संपूर्ण व्यवस्था नहीं थी एवं जिम्मेवार अधिकारियों से नाराजगी जताने के बाद भी जो अव्यवस्था बनी उसके लिए कार्यक्रम समापन उपरांत 48 घंटों के अंदर जिम्मेदार अधिकारी पर अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित होनी चाहिए।

## पोस्को व आर्म्स एक्ट के आरोपी को भेजा गया जेल



**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के सोनपुरवा पंचायत अंतर्गत ग्राम गोगेया गांव निवासी असगर खान के 30 वर्षीय पुत्र व मुखिया अख्तर खान के भाई अमजद खान को पोस्को एवं आर्म्स एक्ट के तहत पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर गढ़वा जेल भेज दिया। प्राप्त समाचार के अनुसार एक सहायक शिक्षक की पुत्री द्वारा थाना में आवेदन देकर जबरन दुर्व्यावहार एवं छेड़छाड़ करने के संबंध में आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की गई थी। जिसके आलोक में थाना प्रभारी द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

### रंका प्रखंड के सभागार में 14 पंचायत के मुखिया के साथ बैठक

## रपेंशन के लाभुकों का पंचायत भवन में करें सत्यापन : बीडीओ

नवीन मेल संवाददाता

**रंका।** प्रखंड मुख्यालय के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम बेला टोपनो के निर्देशन में डीआरपी सुनील तिवारी के द्वारा प्रखंड के समस्त पंचायत के मुखिया के साथ बैठक की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुनील तिवारी ने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा प्रायोजित पेंशन का लाभ जिनको दिया जा रहा है। उनका सामाजिक अंकेक्षण का कार्य होना है। जिसमें आंगनबाड़ी सेविका के द्वारा केंद्र से प्रायोजित पेंशन का लाभ लेने वालों के यहां एक फॉर्म लेकर जाना है और उसे फॉर्म में उनका नाम, आधार नंबर, मोबाइल नंबर, पिता पति लिंग, उम्र, योग्य, अयोग्य का विवरण साफ-साफ अक्षरों में भरकर अपने पंचायत के पंचायत सचिव के पास जमा करना है। जबकि पंचायत सचिव एवं पंचायत के मुखिया के आदेशानुसार एक तिथि का निर्धारण कर पंचायत भवन में समस्त लाभुकों को बुलाकर उनका सत्यापन करना है। पंचायत के कुछ वैसे लाभुक भी होंगे जो पंचायत भवन में जाने में असमर्थ होंगे तो वैसी स्थिति में उनके घर जाकर उनका सत्यापन का कार्य करना है। ज्ञात हो कि इस सत्यापन कार्य में पंचायत सहायकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। प्रखंड विकास प्राधिकारी शुभम बेला टोपनो ने कहा कि इस कार्य में लापरवाही नहीं होनी चाहिए और सभी को आपसी समन्वय बनाकर पूर्ण रूपेण सही-सही कार्य को करना है। बैठक में सोन्दाग ग्राम पंचायत के मुखिया रीमा देवी, विश्रामपुर ग्राम पंचायत की मुखिया जीना देवी , मानपुर ग्राम पंचायत के मुखिया हाशिम अंसारी रंका कला ग्राम पंचायत के मुखिया रंजीत सोनी, दूधवल ग्राम पंचायत के मुखिया इजहार अंसारी, पंचायत सचिव किरण कुमारी, सोनी कुमारी, शोभा कुमारी, फौजदार साहू, पंचायत सहायक संघ के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार, पंचायत सहायक संदेश कुमार चौबे, अमरेन्द्र कुमार, मुकेश पांडेय, संतोष कुमार, संतोष प्रजापति, रविकांत विश्वकर्मा, राजन ठाकुर, महेंद्र ठाकुर एवं कंप्यूटर ऑपरेटर मुकेश मेहता सहित अन्य प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

### जर्जर सड़क के कारण नहीं पहुंची एंबुलेंस

## प्रसव पीड़ा से तड़प रही महिला की मौत

नवीन मेल संवाददाता



**धुरकी।** प्रखंड मुख्यालय से सटे सरसोईया दायर टोला में जर्जर सड़क के कारण एक महिला की दुखद मौत का मामला सामने आया है। सोमवार सुबह, प्रसव पीड़ा से जूझ रही एक महिला को समय पर बेहतर इलाज नहीं मिल पाया, जिसके चलते उसने दम तोड़ दिया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि मुख्यालय से एकदम पास होने के बावजूद सरसोईया दायर में सड़क की हालत बेहद खराब है। सुबह जब महिला को प्रसव पीड़ा हुई, तो खराब रास्ते के कारण उसे तत्काल एम्बुलेंस या वाहन से अस्पताल नहीं ले जाया जा सका। ग्रामीण आनन-फानन में उसे डोली-खटोला के सहारे उठाकर धुरकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। सीएचसी में डॉक्टरों ने महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे तुरंत गढ़वा रेफर कर दिया। हालांकि, ग्रामीणों के अनुसार, गढ़वा ले जाते समय रास्ते में ही महिला की मौत हो गई।

### महिला की मौत के बाद ग्रामीणों में आक्रोश

जनप्रतिनिधियों पर ग्रामीणों का गुस्सा इस हृदय विदारक घटना ने ग्रामीणों के बीच गहरा आक्रोश पैदा कर दिया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि बार-बार गुहार लगाने के बावजूद कोई भी जनप्रतिनिधि या मुखिया मुख्यालय से सटे इस टोले की बदहाल सड़क की सुध नहीं लेता है। उनका कहना है कि अगर सड़क की व्यवस्था ठीक होती, तो महिला को समय पर और सही तरीके से बड़े अस्पताल पहुंचाया जा सकता था, जिससे उसकी जान बच सकती थी। ग्रामीणों ने मांग की है कि प्रशासन इस मामले को गंभीरता से ले और जल्द से जल्द सड़क का निर्माण कराए, ताकि भविष्य में इस तरह की कोई दुर्घटना न हो।

## बीडीओ के सामने ग्रामीणों ने की डीलर की शिकायत

नवीन मेल संवाददाता

**रंका।** माननीय सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली एवं उच्च न्यायालय झालसा (रांची) के निदेर्शानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष मनोज प्रसाद एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा सचिव निभा रंजना लकड़ा के निदेर्शानुसार रंका प्रखंड के पीएलवी कौमुदीन अंसारी, विश्रामपुर पंचायत पीएलवी राजेश कुमार चौधरी, मानपुर पंचायत पीएलवी अमरेंद्र कुमार के द्वारा तीन सदस्यीय टीम द्वारा संयुक्त रूप से चूतरू पंचायत के बांदू बाजार, एवं कई मुहल्लेवासियों से मिले और बाल मजदूरी, बाल विवाह पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहीं बांदू बाजार के ग्रामीणों के बीच जागरूकता के क्रम में डीलर दसू राम के प्रति सैकड़ों ग्रामीणों ने आवाज उठाते हुए छोटी कुमारी पति दिनेश कोरवा, गीता देवी पति सिनोत कोरवा जो दो अलग अलग परिवार के हैं। डीलर के द्वारा अगूंठा लगवा कर लगातार छः महीने से राशन नहीं दे रहा है। वहीं राशन कार्ड बनवाने के नाम पर 3000 रुपए लिया गया हैं। राशन मांगने पर धमकाया और बुरा भला कहते हुए भगा दिया जाता हैं। वहीं कोरवा विकाश से जोड़ने और भुक्तान खाने की बात कही है। आपको बताते चले कि डीलर के द्वारा कई दिव्यांग लाभुक परिवार का भी राशन नहीं दिया जा रहा हैं। जिसके कारण दिव्यांग परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच चुका हैं। इस संबंध में पीड़ित 30 से ज्यादा कार्डधारियों ने भी आवाज उठाया है। बताया कि डीलर दसू राम 2024 में तीन माह का ठेपा पहले लगवा लिया और बोला कि सभी का राशन मिल जाएगा मगर किसी का राशन नहीं दिया हैं। वहीं जनवरी से अभी तक कई परिवार का 9 बार ठेपा लगा चुका है लेकिन राशन नहीं दे रहा है।

### भवनाथपुर विद्यालय में उप-प्राचार्य प्रभार हस्तांतरण

**भवनाथपुर।** राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय भवनाथपुर में चक्रानुक्रम व्यवस्था के तहत आगामी छ: माह के लिए उच्चतर माध्यमिक स्तर पर रोहित कुमार सिंह और माध्यमिक स्तर पर राकेश कुमार वर्मा को उप-प्राचार्य के रूप में नामित किया गया है। बताते चलें कि इससे पूर्व माध्यमिक स्तर के लिए डॉ. आनंद कुमार एवं उच्चतर माध्यमिक स्तर के लिए अनय कुमार गुप्ता उप-प्राचार्य के प्रभार में थे। उनका कार्यकाल अत्यंत सफल एवं प्रशंसनीय रहा। विद्यालय प्रबंधन द्वारा दोनों पूर्व उप-प्राचार्यों, डॉ. आनंद कुमार एवं अनय कुमार गुप्ता को उनके उत्कृष्ट कार्य एवं नेतृत्व के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

## टीबी से 50 वर्षीय अधेड़ की मौत

**कांडी।** कांडी प्रखंड छेत्र अंतर्गत चटनियां पंचायत के सुगवादामर टोला निवासी 50 वर्षीय अधेड़ दुखी रजवार की मौत हो गई। घटना रविवार की रात की बताई जाती है। दुखी रजवार पिछले छ: माह से टीवी नामक बीमारी से ग्रसित था। जिनका इलाज काफी जगहों पर करवाया गया। जिसके बाद बीते रविवार की रात्रि अपने निवास स्थान चटनियां पंचायत के सुगवादामर में हो गया। मामले की जानकारी मिलते ही कांडी प्रखंड प्रमुख नारायण यादव मृतक के घर पहुंच कर गहरी संवेदना व्यक्त की और मृतक के परिवार वालों को ढाढस बंधाया। मृतक अपने पीछे 45 वर्षीय पत्नी राजमनिया को छोड़ गया है।

## बंद पड़े रेलवे क्रॉसिंग को चालू कराने की मांग

**श्री बंशीधर नगर।** रेलवे सेवा विस्तार संघर्ष समिति के कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राम ने भारत सरकार के रेल मंत्री के नाम लिखे मांग पत्र स्टेशन प्रबंधक नगर ऊंटरी को सौंपते हुए रेलवे अंडरपास को पूर्ण रूप से चालू होने तक बंद पड़े रेलवे क्रॉसिंग को चालू कराने की मांग किया है। मांग पत्र में कहा गया है कि श्री बंशीधर नगर स्थित नगर उंटारी-भवनाथपुर मुख्य मार्ग को जोड़ने वाला रेलवे क्रॉसिंग पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया है और बगल से रेलवे अंडरपास को चालू कर दिया गया है जिस अंडर पास में नियमित रूप से 2 फीट से ऊपर पानी जमा रहता है। उन्होंने कहा है कि हद तो तब हो गया जब विगत शनिवार और रविवार को भारी बारिश होने के कारण अंडर पास में 5 से 6 फीट पानी जमा हो गया, जिससे आज तक आवागमन पूर्णतः बाधित है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार**

**शुद्धि -पत्र**

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– EE/RDSD/LATEHAR/17/2025-26/GR_3(2ND CALL) जिसका PR. No-363206 Rural Development(25-26):D में निम्न प्रकार आंशिक संशोधित किया जाता है:–

(1) क्रमांक–2. में अंकित वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 04.10.2025 के स्थान पर वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि– 07.10.2025 पढ़ा जाय।
(2) क्रमांक–3. में अंकित ई–निविदा प्राप्ति की तिथि– 04.10.2025 से दिनांक 11.10.2025 के स्थान पर ई–निविदा प्राप्ति की तिथि–दिनांक–07.10.2025 से दिनांक–13.10.2025 पढ़ा जाय।
(3) क्रमांक–5. में अंकित ई–निविदा खोलने की तिथि–13.10.2025 के स्थान पर ई–निविदा खोलने की तिथि–15.10.2025 पढ़ा जाय।

निविदा की अन्य शर्तें पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशष प्रमण्डल,
लातेहार

PR 363300 Rural Development (25-26)_D


## परेशानी | बारिश के दिनों में विद्युत आपूर्ति की स्थिति बदहाल

# फीडर लाइन में नहीं होता नियमित मेंटेनेंस का कार्य

नवीन मेल संवाददाता



**खरौंधी (गढ़वा)।** प्रखंड में बारिश के दिनों में हल्की बारिश होते ही विद्युत आपूर्ति ठप हो जाती है। कई बार बिजली बहाल होने में दो से तीन दिन तक का समय लग जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इसमें केवल लाइनमैन की कमी ही नहीं, बल्कि मेंटेनेंस कार्यों की अनदेखी भी बड़ी वजह है। खरौंधी सबस्टेशन से दो फीडर लाइनें निकली हैं, एक टाउन फीडर और दूसरी देहात फीडर। दोनों ही लाइनों की स्थिति काफी जर्जर बताई जा रही है। कई जगह तार इंसुलेटर पिन से अलग हो चुके हैं, जबकि कई स्थानों पर तार पेड़ों की टहनियों से सटे हुए हैं। इन लाइनों में फ्यूज और ब्रेकर जैसे सुरक्षा उपकरणों का अभाव है। विभाग द्वारा कई जगह जम्पर बांधकर बिजली आपूर्ति की जा रही है, जो किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि इन लाइनों में इंसुलेटर पिन खराब होने की शिकायतें लगातार मिलती रहती हैं। वहीं पेड़ों की टहनी कटाई और मरम्मत कार्य के नाम पर हर साल लाखों रुपये की खानापूर्ति कर ली जाती है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई सुधार नहीं दिखता। खरौंधी टाउन फीडर से केवल बाजार ही नहीं बल्कि मझिगांवा, बैतरी, राजी, सूंड़ी और करिवाडीह पंचायत के गांवों को भी बिजली आपूर्ति की जाती है। इससे इस फीडर पर लोड अत्यधिक बढ़ जाता है। उपभोक्ताओं ने मांग की है कि बाजार क्षेत्र के लिए अलग फीडर की व्यवस्था की जाए, ताकि बार-बार बाधित हो रही आपूर्ति से राहत मिल सके। उपभोक्ताओं ने बताया कि कई गांवों में बिजली के पोल जर्जर हो चुके हैं और पुराने तार ढीले होकर पेड़ों की टहनियों से सट गए हैं। बरसात या ओस की बूंदें पड़ते ही बिजली आपूर्ति ठप हो जाती है। इस संदर्भ में बिजली विभाग के कनीय अभियंता महादेव महतो ने बताया कि फीडर की दूरी अधिक होने और तार पुराने होने के कारण बारिश के दिनों में बिजली आपूर्ति में थोड़ी कठिनाई आती है। विभाग समय-समय पर पेड़ों की टहनी कटाई-छंटाई करता रहता है। जर्जर तारों को बदलने और आपूर्ति सुधारने के लिए विभाग लगातार प्रयासरत है।


**कार्यालय नगर परिषद् विश्रामपुर (पलामू)।**
Near Block Office, Block Road Bishrampur, Palamu (Jharkhand), Pin code-822132
Email id:-nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

पत्रांक 1343/न0प0, दिनांक 04/10/2025

**प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी के तहत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किस्त प्राप्त कर आवास निर्माण कार्य पूर्ण नहीं करने वाले लाभुकों से संबंधित अति–महत्वपूर्ण सूचना :–**

निदेशक, नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड राँची के पत्रांक 1708 दिनांक 23/12/2024 से प्राप्त निदेश के आलोक में प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी के पुराने स्वीकृत लम्बित पड़े आवासो को दिनांक 31/12/2025 के भीतर पूर्ण कराने का निदेश प्राप्त है। उक्त के आलोक में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किस्त प्राप्त कर आवास निर्माण कार्य नहीं करने वाले लाभुकों को सूचित करना है कि विभाग द्वारा निर्धारित समय–सीमा दिनांक 31/12/2025 के अन्दर अपने आवासो को पूर्ण कर लें तथा संबंधित प्रतिनियुक्त कार्यालय कर्मियों अथवा कार्यालय को सूचना देकर ससमय जियोटैगिंग कराते हुए किस्त की राशि प्राप्त कर एक सजग एवं जागरूक नागरिक होने का परिचय दें। साथ ही कोई समस्या हो तो संबंधित कार्यालय कर्मियों अथवा कार्यालय को सूचित किया जाय।

उक्त निर्धारित समय–सीमा दिनांक 31/12/2025 के अन्दर आवास पूर्ण करने की सम्पूर्ण जवाबदेही लाभुको की होगी अन्यथा उक्त अवधि के बाद लाभुको को अपने संसाधनो से आवास को पूरा करना पड़ सकता है तथा विभाग से राशि अप्राप्त रहने की स्थिति में भुगतान करना न ही लाभुको के किसी आवेदन/दावा पर विचार करना संभव होगा।

**विषय अति–महत्वपूर्ण।**

प्रशासक,
नगर परिषद्, विश्रामपुर

PR 363283 (District) 25-26 (D)

## अफीम की अवैध खेती लेकर किया गया जागरुक



**लातेहार।** अफीम की अवैध खेती एवं मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति आमजन को जागरूक करने हेतु नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों को मादक पदार्थों के दुरुपयोग से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक नुकसान के बारे में जानकारी देना तथा उन्हें वैकल्पिक आजीविका के साधनों की ओर प्रेरित करना है। नुक्कड़ नाटक के कलाकारों द्वारा जीवंत अभिनय और संवादों के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि अफीम की खेती न केवल अवैध है बल्कि समाज और परिवार दोनों के लिए विनाशकारी परिणाम लेकर आती है। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की और नशा-मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने का संकल्प लिया। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने कहा कि प्रशासन द्वारा जिले में ऐसे जनजागरूकता कार्यक्रम निरंतर रूप से आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि मादक पदार्थों की अवैध खेती और तस्करी पर अंकुश लगाया जा सके। युवाओं को नशे से दूर रखते हुए सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जा सके।

# टोरी कोल साइडिंग में अपराधियों ने की ताबड़तोड़ गोलीबारी, एक कर्मी घायल

- अपराधियों ने लगातार तीसरी बार दिया घटना को अंजाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत टोरी जंक्शन के पूर्व दिशा में स्थित कोल साइडिंग परिसर में रविवार देर रात्रि साइडिंग नंबर 6 में दो हथियारबंद अपराधियों ने जमकर तांडव मचाया है। अपराधियों ने साइडिंग में मौजूद कर्मियों को निशाना बनाते हुए लगातार चार राउंड फायरिंग की। इस दौरान अपराधियों के द्वारा सुतली बम भी फेंका गया, हालांकि सुतली बम नहीं फटा अन्यथा जान माल की क्षति पहुंच सकती थी। गोलीबारी की घटना में एक गोली साइडिंग कर्मी गोपाल प्रसाद (58 वर्ष), पिता रामकृष्ण प्रसाद (चंदवा) के कमर के निचे जा लगी। घटना के बाद मौजूद कर्मियों ने आनन-फानन में घायल को बाइक से चंदवा सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉ. मनोज कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सदर अस्पताल लातेहार रेफर कर दिया गया। लातेहार में भी स्थिति गंभीर होने पर डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया। जंहा डॉक्टरों के अनुसार घायल की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। इधर घटना की सूचना मिलते ही चंदवा पुलिस रात में ही कोल साइडिंग पहुंची लेकिन तब तक अपराधी मौके से फरार हो चुके थे।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि रविवार रात लगभग 11:30 पर दो की संख्या में अपराधी साइडिंग के उत्तरी छोर पर स्थित 6 नंबर साइट पर पहुंचे और अचानक फायरिंग शुरू कर दी। गोलीबारी के बीच कर्मियों में भगदड़ मच गई, इसी दौरान गोपाल प्रसाद को एक गोली जा लगी। गोली चलने की सूचना मिलते ही साइडिंग में मौजूद सुरक्षा बलों ने मोर्चा संभाला और घटनास्थल की ओर बढ़े, लेकिन अपराधी तब तक जंगल की ओर फरार हो चुके थे।



### राहुल दुबे गैंग ने ली घटना की जिम्मेवारी

घटना के बाद सोशल मीडिया पर बयान जारी कर राहुल दुबे गैंग ने चंदवा टोरी साइडिंग क्षेत्र में हुई फायरिंग की घटना की जिम्मेवारी ली है। गैंग के सरगना राहुल दुबे ने अपने बयान में कहा कि यह हमला रंजीत गुप्ता और सुमित चटर्जी को चेतावनी देने के उद्देश्य से किया गया है। पोस्ट में आगे लिखा गया कि यदि उनकी बात नहीं मानी गई तो फौरी कार्रवाई की जाएगी। इधर मामले में पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार ने बताया कि घटना के संबंध में चंदवा थाना कांड संख्या 217/25 में राहुल दुबे व अन्य के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। घटना में संलिप्त सभी अपराधी जल्द ही पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

### लगातार तीसरी बार दिया गया घटना को अंजाम

ज्ञात हो कि टोरी कोल साइडिंग अपराधियों के लिए सॉफ्ट टारगेट बन गया है। आये दिन यहां अपराधियों के द्वारा लेवी के लिए गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। बीते कुछ माह में यह तीसरी घटना है। जब अपराधियों ने टोरी कोल साइडिंग परिसर में गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया है। ज्ञात हो कि बीते 10 जून को भी साइडिंग परिसर में स्थित कंपनी के ऑफिस पर अपराधियों ने गोलीबारी की थी जिसमें मौके पर मौजूद कर्मी बाल बाल बच गए थे। वहीं दूसरी घटना को अंजाम 9 जुलाई की रात को दिया गया था जिसमें साइडिंग परिसर में खड़े हाइवा को आग के हवाले कर अपराधियों ने दहशत फैलाने का काम किया था। वहीं तीसरी घटना बीते रविवार की रात घटी है।

## न्यूज बॉक्स

### राजेंद्र प्रसाद साहू के निधन पर शोक

**चंदवा।** गायत्री शक्तिपीठ चंदवा में सोमवार की दोपहर शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें गायत्री परिवार ट्रस्ट के सभी ट्रस्टी गण और गायत्री परिजन के द्वारा गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता मुख्य बाजार निवासी राजेंद्र प्रसाद साहू की आत्मा की शांति हेतु मां गायत्री और गुरुदेव से प्रार्थना करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के ट्रस्टी व गायत्रि परिजन मौजूद थे।

### पंचायत स्तरीय शिविर का हुआ आयोजन

**कुंदा (चतरा)।** पंचायत सचिवालय सभा कक्ष में लोकसेतु पोर्टल पर आवेदन को लेकर पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्रामीणों को लोकसेतु पोर्टल के माध्यम से विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए आवेदन करने में मदद की गई। शिविर में ग्रामीणों को बताया गया कि कैसे लोकसेतु पोर्टल के माध्यम से वे विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। साथ ही उन्हें आवेदन करने में आ रही समस्याओं का समाधान भी किया गया। शिविर मे पशुपालन विभाग, कृषि एवं सहकारिता विभाग कौशल एवं प्रशिक्षण विभाग के कर्मी ग्रामीणों को सहायता दे रहे थे। मौके पर कुंदा मुखिया मनोज साहू, पंचायत सेवक राजू कुमार समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### लंबित आवास जल्द पूर्ण करें लाभुक : बीडीओ



**चंदवा।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में सोमवार को प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास व अम्बेडकर आवास योजना की समीक्षा बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद ने की। उन्होंने लंबित आवास के मामलों की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सभी पंचायत सचिव व स्वयंसेवकों को निर्देश दिया कि जितने भी आवास लंबित है उन सभी को जल्द से जल्द पूर्ण कराये। सभी को आवास पूर्ण कराने को लेकर पंचायतवार लक्ष्य निर्धारित करते हुए सभी लंबित आवास में भ्रमण कर पूर्ण कराने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में प्रखंड समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना कुशध्वज कुमार, पंचायत सचिव चंदन कुमार, गोपाल सिंह, आरती सक्सेना समेत सभी पंचायत सचिव मौजूद थे।

### अनियंत्रित ट्रक पेड़ से टकराई, चालक घायल

**बालूमाथ।** सोमवार को बालूमाथ-पांकी मुख्य मार्ग के पचफेड़ी ग्राम के पास एक कोयला लदा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई है, जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक की पहचान पूरनचंद साव पिता ठेकू साव ग्राम तेतरई थाना पांकी जिला पलामू के रूप में हुई है। स्थानीय ग्रामीणों की सहायता से घायल चालक को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बालूमाथ लाया गया। जहां डॉक्टर ध्रुव कुमार के देखरेख में इलाज की गई। मिली जानकारी के अनुसार ट्रक में कोयला लदा हुआ था जो बालूमाथ से डालटेनगंज की ओर जा रही थी। इसी दरमियान पचफेड़ी ग्राम के पास ट्रक अनियंत्रित हो गई पेड़ से जा टकराई। वहीं घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंच राहत बचाव कार्य में लग गई।
झोला छाप डॉक्टर के इंजेक्शन से मौत मामला

### बारियातू पुलिस ने घटना स्थल का किया निरीक्षण

**बारियातू।** झोलाछाप डॉक्टर कमल उरांव द्वारा इंजेक्शन देने से हुई महिला की मौत के मामले को लेकर सोमवार को थाना पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। थाना प्रभारी रंजन पासवान ने बताया कि झोला छाप डॉक्टर के इंजेक्शन देने पर एक महिला का मौत हो गया है। पीड़ित परिवार ने थाना में आवेदन दिया है। जिसके आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच किया जा रहा है। मौके पर एसआई राजकिशोर प्रसाद, रवि किशोर तिवारी, जितेंद्र कुमार सहित मृतक के परिजन मौजूद थे।

### विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**कुंदा (चतरा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार जिला सचिव के निदेर्शानुसार कुंदा प्रखंड के बानासाम विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में उपस्थित बच्चों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी गई। अधिकार मित्र अजित कुमार ने बच्चों को उनके हक और अधिकार के बारे में बताया, जिसमें समानता से सम्मान और नन्हे कदम बड़ा न्याय एवं बच्चों को अपने बचपन को सुरक्षित रखने और भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए जानकारी दी गई। वहीं नशा उन्मूलन और बाल श्रम, बाल विवाह को लेकर जागरूक किया गया और बताया गया कि कैसे इन समस्याओं से निपटा जा सकता है। साथ ही नालसा टोल फ्री नंबर 15100 और चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे में जानकारी दी गई, जिससे बच्चे अपने अधिकारों के लिए मदद ले सकते हैं। जागरूकता कार्यक्रम में अधिकार मित्र अमलेश कुमार, मुन्ना दास, संजय चौधरी, किरण देवी समेत बच्चे उपस्थित थे।

### सड़क के अभाव में गांव तक नहीं पहुंच सका एंबुलेंस

# शव को बहंगी के सहारे घर तक ले गये परिजन

- चंदवा प्रखंड के सांसद आदर्श ग्राम चटुआग का मामला

**नवीन मेल संवाददाता**



**चंदवा।** प्रखंड के कामता पंचायत अंतर्गत सांसद आदर्श ग्राम चटुआग के पहना पानी निवासी रौशन मुंडा (18) की मृत्यु सोमवार को रिम्स रांची में ईलाज के दौरान हो गई। परिजन शव को एम्बुलेंस से चटुआग के परहैया टोला तक ले आये लेकिन सड़क के आभाव के कारण एम्बुलेंस पहना पानी गांव नहीं जा सकी। परिजन आधा किलोमीटर शव को बहंगी के सहारे कंधे में उठाकर घर तक ले गए। मृतक के पिता बोने मुंडा ने बताया कि उनका पुत्र रौशन शनिवार 4 अक्टूबर को अपने दोस्तों के साथ बाइक से ब्रह्मणी बाजार गया था लौटने के क्रम में चंदवा थाना अंतर्गत सासंग के समीप बाइक एक पेड़ से जा टकराई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसके बाद उसे सदर अस्पताल लातेहार ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे रिम्स रांची रेफर कर दिया गया, जहां सोमवार को ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शव गांव पहुंचते ही पुरा माहौल गमगीन हो गया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि आजादी के बाद से आज तक यहाँ कोई सड़क नहीं बनी है। जिसके कारण कोई भी चार पहिया वाहन गांव तक नहीं पहुंच पाती है। ज्यादा परेशानी हमें बीमार को अस्पताल ले जाने और लाने में होती है। कामता पंसस अयुब खान ने रौशन मुंडा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। अयूब खान समेत ग्रामीणों ने उपायुक्त से गांव में सड़क की समस्या से निदान दिलाने की मांग की है।

### झारखंड जनाधिकार महासभा का अनिश्चितकालीन धरना

# वन अधिकार अधिनियम का किया जा रहा उल्लंघन : जार्ज मोनोपॉली

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिला समाहरणालय परिसर में सोमवार को झारखंड जनाधिकार महासभा के बैनर तले घेरा डालो डेरा डालो कार्यक्रम में वनपट्टा नहीं तो वापस नहीं, के तहत अनिश्चितकालीन धरना की शुरूआत की गई। धरने में लातेहार जिले के सभी प्रखंडों के ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत सांस्कृतिक नाच गान व आदिवासी गीतों से हुई व वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। मौके पर धरना को संबोधित करते हुए फादर जार्ज मोनोपॉली ने कहा कि वन अधिकार अधिनियम का जिला प्रशासन खुला उल्लंघन कर वन आश्रित समुदाय को उनके अधिकारों से वंचित कर रही है। उनके कब्जे वाली वन भूमि पर वन रोपण द्वारा कब्जा करके लोगों को बेदखल किया जा रहा है। जिप सदस्य कन्हाई सिंह ने कहा कि वनाधिकार अधिनियम 2006 के तहत लातेहार जिले में सामुदायिक और व्यक्तिगत वनाधिकार की कुल सामुदायिक दावा 175 और 1800 व्यक्तिगत दावा अभिलेख अनुमंडल और जिले में लगभग ,15 वर्षों से हेमंत सरकार की घोर लापरवाही से लंबित है। सिंह ने कहा कि हमारे राज्य की हेमंत सरकार के मिली भगत से जिला प्रशासन आदिवासी और मूल निवासियों का अधिकार को छीनने का प्रयास कर रही है, ताकि सरल तरीकों से बड़े-बड़े पूंजीपतियों को ग्राम सभा का जमीन को खनन के लिए दे सके। वहीं जेम्स हेरेंज ने कहा कि शांतिपूर्ण विरोध करने पर कानून का दुरुपयोग करके झूठे केस में उन्हें फंसा कर परेशान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में एक भी पट्टा नहीं दिए गए। जबकि, जिले में व्यक्तिगत दावे के लगभग 1750, वहीं सामुदायिक वन पट्टा के लगभग 250 मामले लंबित हैं। जिप सदस्य महुआडांड़ स्तेला नगेशिया ने कहा कि हम सभी आदिवासियों मूल निवासियों को संगठित होने की जरूरत है, अन्यथा झारखंड की निर्दई हेमंत सरकार हमारे अधिकारों से हमें वंचित कर हमारे गांवों में, हमारे घरों में खनन करना शुरू कर देगी। सेलेस्टीन कुजूर ने कि हमारी आदिवासी सरकार हम आदिवासियों के लिए शोषण नीति लाने का प्रयास कर रही है। नंद किशोर गंझू ने कहा कि जब तक लंबित दावों का निपटारा नहीं होता है तब तक हमारा ये अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। कार्यक्रम को गेंदिया देवी, प्रवेश राणा, भूखन सिंह, हरि कुमार भगत, रामेश्वर उरांव समेत कई कार्यकर्ताओं ने संबोधित किया। मौके पर विनोद उरांव,रघुपाल सिंह, मुनेश्वर उरांव समेत कई लोग उपस्थित रहे।

### झारखंड आंदोलनकारी संघ के प्रखंड अध्यक्ष बने धीरन सिंह



**मयूरहंड (चतरा)।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तहत आंदोलनकारियों ने बैठक किया। बैठक में उपस्थित आंदोलनकारियों ने शांतिपूर्वक अपनी-अपनी बात रखी। बैठक बेलखोरी स्थित ज्योति निकेतन स्कूल परिसर में की गई। जिसकी अध्यक्षता मोर्चा के केंद्रीय सचिव रामेश्वर महतो ने किया। इसके तहत मोर्चा के संयुक्त प्रखंड कमिटी का विस्तार और पदाधिकारियों का चयन किया गया। झारखंड आंदोलनकारी लोगों में से धीरन सिंह को प्रखंड अध्यक्ष, उदय लाल और सुभाष राणा को उपाध्यक्ष, सुभाष कुशवाहा को सचिव, सियाराम महतो को सहसचिव, भीखन रजक को संयोजक, राजेंद्र राणा को कोषाध्यक्ष के रूप में चयन किया गया है। बैठक में झारखंड आंदोलनकारियों को लाभ मिले, सरकारी सुविधा मिले, उनके जीवन स्तर में उत्थान समेत कई बिंदुओं पर चर्चा किया गया। इस मौके पर ठाकुरी यादव, रामसेवक दांगी, भोला साव, रामवतार पासवान, भोला साव, अधीन पासवान, अनिल दांगी, सुखदेव मिस्त्री समेत कई लोग मौजूद थे।

### सरईडीह में जश्ने गौसुल वरा 11वीं शरीफ का हुआ आयोजन



**बेतला (लातेहार)।** लातेहार जिले के सरईडीह स्थित मदरसा फैजाने सैयदना गरीब नवाज में शनिवार को जश्ने गौसुल वरा 11वीं शरीफ के मौके पर एक भव्य इनामी मुकाबला और इस्लामिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मदरसा के खतिबो इमाम अब्दुल हनान जौहर ने की। इस दौरान मुफ्ती मोदस्सिर लातेहारी, मौलाना जुबेर अहमद मसूदी पोखरी कलां, कारी नकीब रजा वारसी, कारी जुबेर अख्तर वारसी और कारी खुश्तर राजा लातेहारी सहित कई ओलमाओं ने एक से बढ़कर एक नातिया कलाम पेश किए और इस्लामिक जीवनशैली पर अमल करने का संदेश दिया। मौके पर सरईडीह के सदर आफताब आलम उर्फ भोला, सेक्रेटरी इसराफिल अंसारी उर्फ पचू समेत बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान मदरसा में पढ़ने वाले बच्चों और बच्चियों के बीच इस्लामिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में ग्रुप ए से सिफत प्रवीण, शम्मा प्रवीण, नरगिस प्रवीण और ग्रुप बी से अरमान रजा, सहनाज प्रवीण, जौया प्रवीण ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंत में उपस्थित ऊलेमाओं ने विजयी प्रतिभागियों को शिल्ड और मेडल देकर सम्मानित किया और बच्चों को शिक्षा और ईमान के रास्ते पर चलने की प्रेरणा दी।

# जन्मजात हृदय रोग व निवारण कार्यक्रम का शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** सोमवार को जिला लातेहार में नन्हा सा दिल- जन्मजात हृदय रोग एवं निवारण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह जनहितकारी कार्यक्रम 06 अक्टूबर 2025 से 13 जनवरी 2026 तक पूरे लातेहार जिले में प्रखंडवार रूप से आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम की शुरूआत लातेहार ग्रामीण क्षेत्र से की जा रही है, जिसमें प्रारंभिक चरण में लातेहार जिले के सभी प्रखंड को सम्मिलित किया गया है। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ सिविल सर्जन डॉ. मार्शा, डॉ. आरएन ठाकुर, नोडल अधिकारी, निर्मल दास (डीपीएम व नोडल अधिकारी) और सत्य साई संजीवनी अस्पताल की मेडिकल टीम द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं स्थानीय कर्मी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर सिविल सर्जन अवाम डॉ. मार्शा ने कहा कि इस पहल से लातेहार जिले में जनजातीय एवं आर्थिक रूप से वंचित बच्चों के जन्मजात हृदय रोगों की रोकथाम एवं उपचार में स्वास्थ्य विभाग को अत्यंत सहयोग मिलेगा। यह सेवा पूरी तरह निशुल्क है।

### पूजा-अर्चना के बाद बेतला नेशनल पार्क पर्यटकों के लिए सुलभ

# बेतला नेशनल पार्क की रौनक एक बार फिर लौटी

- डिप्टी डायरेक्टर प्रजेशकांत जैना की मौजूदगी में छात्र रोहन कुमार ने किया उद्घाटन
- पार्क में अब सिर्फ ओपन सफारी वाहन से ही होगी सैर, बंद वाहनों पर प्रतिबंध
- प्रवेश शुल्क 2450 रुपया, जिसमें सफारी, गाइड और रखरखाव शुल्क शामिल
- सैलानियों में वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया गया

**नवीन मेल संवाददाता**



**बेतला (लातेहार)।** जिले के बेतला नेशनल पार्क में एक बार फिर रौनक लौट आई। बरसात और वन्यजीवों के प्रजनन काल के चलते बंद रहा यह पार्क अब विधिवत पूजा-अर्चना के बाद सैलानियों के लिए खोल दिया गया है। उद्घाटन समारोह में बेतला पार्क के डिप्टी डायरेक्टर प्रजेशकांत जैना की मौजूदगी में स्थानीय स्कूली छात्र रोहन कुमार ने फीता काटकर सीजन की शुरूआत की। इस मौके पर कई वनकर्मी, पर्यावरण प्रेमी और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**पर्यटन सीजन का आगाज, उमड़ा उत्साह :** बेतला नेशनल पार्क के खुलते ही आसपास के इलाकों में खुशी की लहर दौड़ गई। पर्यटकों, पर्यटन व्यवसायियों और स्थानीय लोगों में लंबे समय से पार्क के खुलने का इंतजार था। रविवार को बड़ी संख्या में देशी और विदेशी सैलानी पहुंचे और पार्क की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लिया। डिप्टी डायरेक्टर प्रजेशकांत जैना ने बताया कि मानसून सीजन में सुरक्षा कारणों से पार्क को बंद रखा गया था। अब मौसम अनुकूल होने पर इसे फिर से खोला गया है। उन्होंने कहा कि इस सीजन में सैलानियों को हाथी, हिरण, भालू समेत कई दुर्लभ वन्यजीवों और पक्षियों को नजदीक से देखने का अवसर मिलेगा।

**पर्यटकों के लिए शुल्क और व्यवस्था :** बेतला नेशनल पार्क की सैर का आनंद लेने के लिए प्रति पर्यटक 2450 रुपया का शुल्क तय किया गया है। इसमें 700 रुपया प्रवेश शुल्क, 1100 रुपया ओपन सफारी, 300 रुपया पार्क रखरखाव, 300 रुपया गाइड शुल्क और 50रुपया परिचालन शुल्क शामिल हैं। इस बार पार्क प्रबंधन ने यह भी स्पष्ट किया है कि केवल विभागीय अनुमति प्राप्त ओपन सफारी वाहन से ही प्रवेश की अनुमति होगी। बंद वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

सफारी के समय : सुबह की शिफ्ट: 6:00 बजे, 7:40 बजे, 9:10 बजे और 10:40 बजे दोपहर की शिफ्ट: 2:00 बजे से 5:30 बजे (इन), 6:30 बजे (आउट)

सुरक्षा और स्वच्छता पर जोर पार्क प्रबंधन ने बताया कि इस बार सुरक्षा और सफाई को लेकर विशेष प्रबंध किए गए हैं। प्रशिक्षित गाइड, वाहन और स्टाफ की तैनाती की गई है ताकि हर पर्यटक को सुरक्षित और यादगार अनुभव मिल सके। साथ ही पर्यटकों से अपील की गई है कि वे वन्यजीवों को परेशान न करें और पर्यावरण की स्वच्छता बनाए रखें।

डिप्टी डायरेक्टर प्रजेशकांत जैना ने कहा कि हम चाहते हैं कि हर पर्यटक यहां प्रकृति की सुंदरता का आनंद ले, लेकिन साथ ही पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार भी बने।

**बेतला की खूबसूरती फिर खींचेगी सैलानियों को :** घने जंगलों, झरनों, प्राचीन किलों और दुर्लभ जीवों से भरपूर बेतला नेशनल पार्क झारखंड के पर्यटन मानचित्र पर फिर से जीवंत हो उठा है। पार्क खुलने के साथ ही स्थानीय कारोबारियों में भी उत्साह का माहौल है, क्योंकि इससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को नई रफ्तार मिलने की उम्मीद है।

### गिद्धौर : पंचायत सचिवालय में शिविर का आयोजन

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित सचिवालय में सोमवार को महत्वपूर्ण शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत बीडीओ, मुखिया, प्रमुख, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष कपिल कुमार, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार, सुपरवाइजर मंजू देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत मुखिया निर्मला देवी व संचालन बीडीओ ने किया। शिविर में महत्वपूर्ण योजना लोक सेतु पोर्टल के माध्यम से ऑन द स्पॉट ऑनलाइन कर लाभुकों को लाभ सुनिश्चित कराने के इस शिविर में कुल 46 आवेदन प्राप्त हुए। कृषि एवं अनुसंगी विभाग पशुपालन मत्स्य, गव्य, विभाग में 13 फॉर्म, प्रधान मंत्री मातृवंदना योजना में 15 फार्म, जन्म प्रमाणपत्र के लिए 10 फॉर्म, कृषि से संबंधित तीन फॉर्म एवं मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत एनएनसी जांच के लिए पांच आवेदन प्राप्त हुए। इसकी जानकारी गिद्धौर पंचायत सचिव प्रियंका प्रिया ने दी। मौके पर पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय, चितरंजन शर्मा, उज्जवल कुमार सिंह, रोजगार सेवक सत्येंद्र कुमार, दर्जनों सेविका, सहायिका, स्वास्थ्य सहिया, स्वास्थ्य कर्मी अनिल दांगी, बीरेंद्र दांगी व अन्य मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत

**भंडरा।** चट्टी नगजुआ मुख्यपथ स्थित बड़ागाई मोड़ के समीप विगत रात सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान बड़ागाई पंचायत अंतर्गत तेतरचुआ खिजरी निवासी शनि उरांव के 37 वर्षीय पुत्र जीतराम उरांव के रूप में की गई। मिली जानकारी के अनुसार जीतराम उरांव बड़ागाई मोड़ स्थित पेड़ में चमगादड़ फसाने के लिए जाल लगाया था। रात करीब ढाई बजे वह जाल को देखने गया था। उसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने ठोक कर फरार हो गया। घटना की जानकारी सुबह पांच बजे गांव के ही एक ग्रामीण हरी उरांव ने दी। उन्होंने जीतराम उरांव का शव को सड़क पर देखा और परिजनों और पुलिस को इसकी जानकारी दिया। पुलिस पहुंचकर शव को उठाकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

### लोहरदगा में आदिवासी समाज ने निकाला विशाल जन आक्रोश मार्च

## कुड़मी महतो को आदिवासी सूची में शामिल करने का विरोध

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले के शहरी क्षेत्र स्थित बीएस कॉलेज मैदान से आदिवासी समाज ने जन आक्रोश मार्च निकालकर कुड़मी महतो को आदिवासी सूची में शामिल करने के प्रयासों का विरोध किया। इस आक्रोश मार्च में आदिवासी नेत्री निशा भगत, आजसू नेत्री अंजू कुमारी, कांग्रेसी नेता अभिनव सिद्धार्थ, आदिवासी नेता अरविंद उरांव समेत कई नेता शामिल हुए। हजारों की संख्या में जुटे लोगों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए डुमरी से जेएलकेएम विधायक जयराम महतो, मांडू से आजसू विधायक तिवारी महतो और आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो सहित सभी कुड़मी नेताओं के विरोध में अपनी आवाज बुलंद की। मार्च के अंत में आदिवासी समाज ने राज्य सरकार को ज्ञापन सौंपकर स्पष्ट किया कि वे किसी भी कीमत पर कुड़मी महतो को आदिवासी सूची में शामिल नहीं होने देंगे।

आदिवासी नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि यह प्रयास जारी रहा, तो जन आंदोलन का रूप ले सकता है और झारखंड के 28 आदिवासी विधायकों का भी समय आने पर हिसाब लिया जाएगा।



### केंद्रीय दुर्गा पूजा उत्सव धूमधाम से संपन्न

## दीपावली-छठ पर्व पर केंद्रित होगी अगली बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा उत्सव इस वर्ष श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। पूरे आयोजन के दौरान भक्तों ने माँ दुर्गा की पूजा-अर्चना में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आकर्षक सजावट, भव्य प्रतिमा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और भंडारे ने पूरे वातावरण को भक्ति और आनंद से भर दिया। जय श्री राम समिति के संरक्षक, पदाधिकारियों और सदस्यों ने जिले के नगर, प्रखंड और पंचायत स्तर पर भ्रमण कर अनुशासन और सहयोग की मिसाल पेश की। पूजा संपन्न होने के बाद आयोजित बैठक में आयोजन की सफलता पर चर्चा की गई तथा सभी कार्यकर्ताओं और सहयोगियों का आभार प्रकट किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि आने वाले वर्षों में आयोजन को व अधिक सुव्यवस्थित एवं भव्य बनाया जाएगा। समिति ने स्वच्छता, सुरक्षा और सामाजिक समरसता को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया। बैठक में जिला संरक्षक राजीव रंजन, रोहित साहू, मनोज साहू, जय गोविंद प्रसाद, अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, जिला महासचिव प्रदीप साहू, रक्त संग्रह अध्यक्ष जीवनराज मेहता, कार्यकारी अध्यक्ष दयाशंकर सिंह व रमेश राय, संगठन महामंत्री कपिल देव मिश्रा, प्रखंड महामंत्री मिंकु राम सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। अंत में समिति ने केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति, जिला प्रशासन एवं मीडिया प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया और बताया कि दीपावली एवं छठ महापर्व की तैयारी हेतु अगली बैठक शीघ्र आयोजित की जाएगी।

### दीपावली में टैक्स नहीं लेने का आग्रह किया

**लोहरदगा।** झारखंड प्रजापति समन्वय समिति ने धनतेरस से दीपावली तक नगर क्षेत्रों में मिट्टी के खिलौने एवं दीया बेचने वाले कुम्हार बंधुओं से टैक्स नहीं लेने का आग्रह करने से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा नगर परिषद के प्रशासक को सौंपा। कुम्हार संघ ने कहा कि दीपावली त्योहार को लेकर बहुत मुश्किल से कुम्हार मिट्टी के दीये व खिलौने बनाते हैं। मार्केट में उसे बेचकर उससे हुई आमदनी से कुम्हार अपना जीवन यापन करते हैं। ऐसे में यदि नगरपालिका टैक्स लेगी तो गरीब कुम्हारों पर अनावश्यक दबाव बढ़ेगा। मिट्टी के दीये व खिलौने बेचकर उतनी आमदनी नहीं होती है जिससे वो सालोभर अच्छी से जीवन यापन कर सके ऐसे में टैक्स का बोझ वो नहीं उठा सकते हैं। मौके पर जिला अध्यक्ष प्रेम किशोर प्रजापति, कोषाध्यक्ष विनोद प्रजापति, संजय प्रजापति, मुकेश कुमार, आदित्य प्रजापति शामिल थे।

## ऑनर एसोसिएशन ने हेसल स्थित अनलोडिंग परिसर का दौरा किया



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** झारखंड पठारी चंदवा लोहरदगा ट्रक ओनर एसोसिएशन 'संचालन समिति' के सदस्यो के द्वारा हेसल स्थित अनलोडिंग परिसर का दौरा किया गया। दौरे के उपरांत साईडिंग परिसर स्थित प्रबंधक के कार्यालय में साईडिंग परिसर से संबंधित विभिन्न समस्याओं को लेकर साइडिंग प्रबंधक के साथ बैठक की गई। ज्ञात हो की साईडिंग परिसर स्थित समस्याओं को लेकर आए दिन सोशल मीडिया एवं अखबारों में कुछ न कुछ लिखा जा रहा है। इस संबंध में ट्रक मालिकों एवं चालकों के द्वारा भी संचालन समिति को वहां के समस्याओं के बारे में अवगत कराया गया है। इसके पश्चात संचालन समिति के सदस्यों के द्वारा साईडिंग इंचार्ज के साथ बैठक कर जवलंत मुद्दों को सुलझाने का प्रयास किया गया। जर्जर सड़क, प्याऊ, सेड,आदि समस्याओं को साईडिंग इंचार्ज के समझ रखा गया। इन मुद्दों को लेकर संचालन समिति के सदस्यों के द्वारा कांटा जाम करते हुए साईडिंग परिसर के कार्यों को कुछ समय के लिए बाधित कर दिया गया। इसके बाद लॉजिस्टिक्स हेड अभिषेक कुमार से फोन पर वार्ता हुई। संचालन समिति के सदस्यों के दबाव के बाद साईडिंग इंचार्ज के द्वारा तत्काल लेटराइज जर्जर सड़क पर डाला गया एवं मरमती कार्य तुरंत आरंभ कराया गया। ज्ञात हो की पूर्व में संचालन समिति के सदस्यों के द्वारा अनेकों बार कंपनी को सारे माइंस क्षेत्रो एवं अनलोडिंग परिसर चंदवा, हेसल संबंधित पूर्व मैं सड़क एवं दिगर समस्याओं के बारे में ज्ञापन एवं बैठक के माध्यम से समस्याओं के निदान की मांग की गई थी। परंतु हेसल साइडिंग की समस्या जस की तस रही। बाध्य होकर संचालन समिति के सदस्यों के द्वारा साईडिंग परिसर के कार्यों को बाधित किया गया। लॉजिस्टिक्स हेड के द्वारा या भी बताया गया कि बहुत जल्द एनकेसीपीएल का कार्यालय लोहरदगा में खुलने जा रहा है। दौरे में संचालन समिति के अनवर अंसारी, गोल्डन कुरेशी, खुर्शीद अंसारी, साजिद खान, मजीद चौधरी, काजू कुरैशी, इरशाद अहमद, जफर इकबाल आदि शामिल थे।

### 11वें 'पंचाइत कर गाईठ' कार्यक्रम में उपायुक्त ने कहा-

## मंईयां योजना की लाभुक अपना केवाईसी कराएं : डॉ ताराचंद

- सभी पंचायतों में संबंधित एएनएम करें गर्भवती महिला की सही से मॉनिटरिंग
- घरों व आसपास के साथ छठ घाटों की भी करें साफ-सफाई
- अपना आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाएं सभी राशनकार्डधारी
- पेंशनधारी अपना डिजिटल लाईफ सर्टिफिकेट अवश्य बनवाएं



### वन नेशन वन राशन कार्ड के तहत कहीं भी ले सकते हैं राशन

उपायुक्त ने कहा कि कोई भी राशनकार्डधारी देश के किसी भी हिस्से में वन नेशन वन राशन कार्ड के तहत राशन उठाव कर सकते हैं। जिनके पास राशन कार्ड है वे निश्चित रूप से अपना आयुष्मान कार्ड बनवा लें। जो भी आयुष्मान कार्ड से संबद्ध अस्पताल हैं वहां अपना व अपने परिवार का ईलाज नि:शुल्क करा सकते हैं। इसके लिए कुल 15 लाख रूपये तक नि:शुल्क ईलाज का लाभ एक वर्ष में उक्त परिवार को मिलता है।

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** "पंचाइत कर गोईठ" कार्यक्रम का 11वां संस्करण आज समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ ताराचंद ने मुखियाजनों से बातचीत कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। साथ ही, विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। उपायुक्त ने कहा कि सभी पंचायतों में संबंधित मुखिया अपने क्षेत्र की एएनएम के साथ बैठक अवश्य करें और पंचायत में गर्भवती महिलाओं की सतत् निगरानी, प्रसव पूर्व जांच, टीकाकरण के लिए समन्वय बनायें। अगर समय पर गर्भवती महिला की प्रसव पूर्व जांच (एएनसी), आयरन फोलिक एसिड की गोलियों का सेवन, शिशुओं का टीकाकरण आदि का कार्य किया जाय तो माता के साथ बच्चे भी स्वस्थ रहेंगे। कुपोषण को दूर किया जा सकेगा। उपायुक्त ने कहा कि दीपावली और छठ महापर्व को देखते हुए अपने-अपने पंचायत क्षेत्र में छठ घाटों की साफ-सफाई सभी मुखिया करा लें। इसके लिए जनभागादारी सुनिश्चित करने के लिए एक अभियान चलाया जाय जिसमें निर्धारित की गई तिथि में लोग अपने क्षेत्र में छठ घाटों की साफ-सफाई करें। इस दिन गहरे पानी वाले तालाबों में अर्ध्य देनेवालों के लिए रस्सी व बांस की सहायता से बैरिकेटिंग भी की जाय ताकि किसी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके।उपायुक्त ने जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी और सभी अंचलाधिकारियों को निर्देश दिया कि जो भी आपदा से संबंधित मामले संज्ञान में आते हैं उनमें मृतक द्वारा पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना या पीएम सुरक्षा बीमा योजना का प्रीमियम भरा जा रहा था या नहीं इसकी भी जांच कर मृतक के आश्रित को उक्त सभी योजनाओं का लाभ दिया जाय। साथ ही, अगर पशु की मृत्यु वज्रपात या अन्य किसी आपदा हुई है तो पशु बीमा योजना का प्रीमियम भरे जाने की स्थिति में पशु बीमा योजना का लाभ उक्त पशु के मालिक के दिया जाना चाहिए। उपायुक्त ने गांवों में लगातार बाल विवाह, डायन प्रथा पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाने की बात कही। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अंजना दास, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी सुशील कुमार समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारीगण, प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारीगण उपस्थित थे। उपायुक्त ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत केंद्र प्रायोजित पेंशन योजनाओं के लाभुक अपना डिजिटल लाईफ सर्टिफिकेट अवश्य बनवा लें ताकि निर्धारित राशि निर्बाध रूप से मिलती रहे।

इसी प्रकार मंईयां सम्मान योजना में जिन लाभुकों को राशि नहीं मिल रही है वे अपना आधार एनपीसीआई से मैप्ड करा लें। जो भी त्रुटियां हैं या बैंक अकाउंट की डुप्लिकेसी है उसे दूर करा लें।

## न्यूज बॉक्स

### खड़े टेलर से टकराई स्कूटी, युवक घायल

**सेन्हा-लोहरदगा।** सड़क दुर्घटना के पश्चात घायल युवक को सेन्हा सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां स्वास्थ्य व्यवस्था ठीक नही होने के कारण आधा घंटा तक घायल युवक स्टेचर पर पड़ा रहा। लेकिन डॉक्टर का पता नही। जिसकी सूचना ग्रामीणों के माध्यम से लोहरदगा उपायुक्त को देते हुए मरीज को 108 एम्बुलेंस के माध्यम से इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु घायल युवक को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। गौरतलब हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा छोटी मस्जिद के समीप रात में यह हादसा हुआ है। जिसमें मोटरसाइकिल सवार युवक गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। जिसे स्थानीय लोगों एवं पुलिस की मदद से घायल युवक को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में भर्ती कराया गया। लेकिन चिकित्सा व्यवस्था ठीक नही होने के कारण स्वास्थ्य विभाग के प्रति ग्रामीणों का गुस्सा फूट कर बाहर आया और इसकी जानकारी उपायुक्त डॉ0 कुमार ताराचंद को दिया गया। वही अस्पताल का लचर व्यवस्था की सूचना को संज्ञान में लेते हुए उपायुक्त ने लोहरदगा सदर अस्पताल के डॉक्टर को फोन कर उपचार करने का निर्देश दिया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए घायल युवक को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। वही घायल युवक का पहचान बिशुनपुर थाना क्षेत्र के सेरक सियारटोली निवासी बलराम सोनी के 26 वर्षीय पुत्र विनय प्रसाद के रूप में किया गया। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि टेलर संख्या ओडी 09 वी 8071 छोटी मस्जिद के समीप खड़ा था। इसी बीच लोहरदगा तरफ से घाघरा के ओर जा रहे विनय प्रसाद की स्कूटी संख्या जेएच 07 एच 2881 खड़े ट्रेलर से टक्कर हो गई। जिसमें स्कूटी सवार विनय प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को आननफानन में सेन्हा अस्पताल पहुंचाया गया।

### भैया-बहनों में नवीन ऊर्जा का संचार : प्राचार्य



**लोहरदगा।** लोहरदगा जिले में स्थित सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में दुर्गा पूजा अवकाश के उपरांत पठन-पाठन की शुरुआत एक सकारात्मक और आध्यात्मिक वातावरण में अग्निहोत्र कार्यक्रम के साथ हुई। विद्यालय के प्रथम दिन का शुभारंभ इस विशेष कार्यक्रम से करने का उद्देश्य छात्रों में उत्साह, सकारात्मकता और एकाग्रता का संचार करना था। इस अवसर पर विद्यालय के सभी भैया-बहन आचार्य महेंद्र कुमार मिश्रा, सुनीता कुमारी, रवि रंजन कुमार उपाध्याय, दीपिका सिंह, स्वेता सोनी, आकांक्षा सिंह, लक्ष्मी देवी तथा अशोक कुमार सिंह आदि उपस्थित थे। छात्रों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ यज्ञ आहुति दी और मंत्रोच्चार किया। अग्निहोत्र की पवित्र अग्नि और वातावरण में व्याप्त शुद्धता ने सभी के मन को शांत और प्रफुल्लित किया विद्यालय के प्राचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि, "अग्निहोत्र केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह शुद्धिकरण और ऊर्जा का प्रतीक है। हमारा मानना है कि एक सकारात्मक शुरुआत पूरे सत्र के लिए सकारात्मक ऊर्जा निर्धारित करती है। हम सभी भैया-बहनों के लिए एक उज्ज्वल और सफल शैक्षिक सत्र की कामना करते हैं।"

### भाजपा को हराना है तो तुष्टीकरण से बाहर निकलना होगा : रामाधार



**लोहरदगा।** जनकल्याण सृजन ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रवक्ता सह कांग्रेसी विचारक रामाधार ने कहा कि यदि कांग्रेस आगामी चुनावों में भाजपा को हराना चाहती है तो उसे तुष्टीकरण की राजनीति से बाहर निकलकर संगठनात्मक अनुशासन और व्यापक जनएकता की राह पर चलना होगा। उन्होंने अल्पसंख्यक एकता मंच द्वारा कांग्रेस नेतृत्व के निर्णय के विरोध में प्रेस वार्ता आयोजित करने को अत्यंत अनुशासनहीन बताया और कहा कि ऐसी गतिविधियाँ पार्टी की एकता और मर्यादा दोनों को कमजोर करती हैं। रामाधार ने कहा कि कांग्रेस किसी एक जाति या धर्म की नहीं, बल्कि देश की विविधता और सर्वसमावेशी विचारधारा की प्रतीक है। पार्टी "सबका साथ, सबका विश्वास" की भावना के साथ आगे बढ़ी है, किंतु कुछ लोग व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा और संकीर्ण सोच के कारण संगठन को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि लोहरदगा जिले में मुस्लिम आबादी लगभग 20.57% है और संगठन में उनकी उचित भागीदारी सुनिश्चित की गई है। सात में से तीन प्रखंड अध्यक्ष मुस्लिम समाज से हैं। ऐसे में जिलाध्यक्ष पद पर गैर-मुस्लिम नियुक्ति पर असंतोष व्यक्त करना अनुचित है। रामाधार ने कहा कि सुखैर भगत ने अपने कार्यकाल में संगठन को मजबूती दी और नेतृत्व के निर्णयों का सम्मान किया। उनके योगदान को देखते हुए उन्हें पुनः जिलाध्यक्ष बनाया गया है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर पार्टी संविधान, नेतृत्व और अनुशासन के प्रति निष्ठावान रहने का आह्वान किया ताकि भाजपा की विभाजनकारी राजनीति को हराया जा सके।

### अकेला दिल बहार क्लब ने किया 5 दिवसीय हलधर गिरिधर फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ



**कैरो/लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के सढाबे महादेव खेल मैदान में अकेला दिल बहार क्लब द्वारा आयोजित 05 दिवसीय हलधर गिरिधर फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। मुखिया सुमित्रा उरांव,पंचायत समिति सदस्य, सीमा भगत, उप मुखिया जगबंधन भगत ने सामूहिक रूप से फीता काटकर किया। प्रतियोगिता का सुरवाती मुकाबला मेलानी और गजनी के बीच खेला गया मुकाबले में मेलानी ने गजनी को 02 गोल से परास्त किया है। इस मौके पर मुखिया सुमित्रा उरांव ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेले,एक टीम के खिलाड़ी दूसरे टीम के खिलाड़ियों के साथ मित्रवत संबंध रखे। खेल में कैरियर की अपार संभावनाएं हैं। सभी खिलाड़ियों के लिए आयोजन समिति के द्वारा बनाए गए नियमों का पालन करना अनिवार्य है। समिति के अध्यक्ष राजेश्वर भगत ने कहा कि इस 05 दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन में रांची,लोहरदगा,लातेहार व अन्य जिले से कुल 32 टीम भाग ले रहे हैं। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 10 अक्टूबर को होगी। टूर्नामेंट में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ आने वाले सभी टीमों को पुरस्कृत किया जाएगा।

### बोधगया में जरासंध की प्रतिमा विखंडित, झारखंड में रोष

## मगध सम्राट जरासंध की प्रतिमा विखंडित होने से चंद्रवंशी समाज मर्माहत : प्रदेश अध्यक्ष

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** अखिल भारत वर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष किशोर कुमार वर्मा के नेतृत्व में लोहरदगा उपायुक्त डॉ. कुमार ताराचंद को ज्ञापन देकर मगध सम्राट जरासंध महाराज की बिहार की ऐतिहासिक धर्मस्थल बोधगया में प्रतिमा को असामाजिक लोगों द्वारा विखंडित कर दिया गया है। जिससे भारत देश के करोडो चंद्रवंशी समाज और झारखण्ड की 35 लाख चंद्रवंशी समाज आहत और मर्माहत है। जिससे आपसी विद्वेष एवं सामाजिक विषमता होने की सम्भावना है। इसलिए ज्ञापन में प्रधानमंत्री से आग्रह किया गया है की चंद्रवंशी समाज की भावना को देखते हुए अविलम्ब दोषियों को गिरफ्तार करें और महाराजा जरासंघ की प्रतिमा को बिहार सरकार पूर्णनिर्माण करें। इस अवसर पर झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष किशोर कुमार वर्मा ने कहा की देश की करोड़ो चंद्रवंशी समाज की भावना आहत करने वाले असामाजिक तत्वों को अविलम्ब गिरफ्तार करें और प्रतिमा को सरकारी खर्चा पर पुनर्निर्माण करें अन्यथा आंदोलन को बाध्य होंगी। बिहार सरकार की जिम्मेदारी बनती है की करवाई करें अन्यथा चंद्रवंशी समाज स्वयं करवाई करेंगी। उन्होंने उम्मीद जताई है की भारतीय प्रधानमंत्री संवेदनशील प्रधानमंत्री है इसलिए उन्हें ज्ञापन दिया गया है ताकि करवाई सुनिश्चित हो सके। ज्ञापन देने वालों में झारखंड प्रदेश पूर्व युवा अध्यक्ष निश्चय वर्मा, जिला बाल कल्याण समिति के पूर्व चेयरमैन राजकुमार वर्मा, पत्रकार अमित वर्मा, साधन वर्मा, विकास वर्मा, संजय रवानी, जगन्नाथ राम, सेवानिवृत शिक्षक अरविन्द वर्मा, गुंजन वर्मा, रोहित वर्मा उर्फ़ रवि वर्मा, अमित वर्मा, कुणाल वर्मा आदि उपस्थित थे।

## संकुल साधन सेवियों का गैर आवासीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** जिला शिक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) चीरी, लोहरदगा में जिले के सभी प्रखण्ड एवं संकुल साधन सेवियों का एक दिवसीय गैर आवासीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। डायट प्राचार्य -सह- जिला शिक्षा अधीक्षक लोहरदगा, अभिजीत कुमार के मार्गदर्शन में जेसीईआरटी की वार्षिक कार्य योजना के अनुरूप जिले के सभी कार्यरत बीआरपी और सीआरपी की उपस्थिति में उक्त कार्यशाल सम्पन्न हुआ। दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन प्रभारी प्राचार्य अमृता सिन्हा एवं संकाय सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। अपने संबोधन में प्रभारी प्राचार्य अमृता सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप व्यवसायिक कौशल में दक्षता आवश्यक है। जेसीईआरटी रांची के द्वारा जारी एसओपी के अनुरूप प्रतिभागियों के साथ प्रेरक सत्र, परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण-2024 का सर्वे रिपोर्ट, अनुश्रवण एवं अनुसमर्थन के दौरान आने वाली चुनौतियां, डिजिटल लिटरेसी के तहत गुगल एमएस वर्ड,एमएस एक्सेल एवं प्रखंड एवं संकुल स्तर के लिए एक्सन प्लान का निर्माण पर विशेष रूप से चर्चा की गयी। कार्यक्रम के दौरान प्रथम पाँच आने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में अन्य संकाय सदस्यों ने प्रोजेक्ट इम्पैक्ट के महत्वपूर्ण पहलूओं पर चर्चा के साथ समापन सत्र में चेतना सत्र की महत्ता से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में प्रतिभागी रविशंकर कुमार, ललिता कुमारी, श्याम बिहारी महतो,महबूब आलम, विजय बैठा, अरुण साहू, जीतेन्द्र मित्तल, धर्मेन्द्र सोनी, जावेद अंसारी, दीनबंधु डे, अम्बिका शरण पांडेय आदि बीआरपी सीआरपी के अतिरिक्त डायट के संकाय सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**प्रदर्शन** | भंडरा में एक दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन

## मुखिया ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

- युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करते रहना है, ताकि हमारे क्षेत्र से भी प्रतिभावान खिलाड़ी अपना क्षेत्र व देश का नाम रोशन करे : बालकृष्णा सिंह

नवीन मेल संवाददाता



**भंडरा।** भंडरा लाल बहादुर शास्त्री खेल मैदान में रविवार को मेरा युवा भारत लोहरदगा कार्यालय के तत्वावधान में युवा ग्रामीण विकास समिति भैंसमुंदो के सहयोग से एक दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि भंडरा मुखिया संघ के अध्यक्ष परमेश्वर महली, विशिष्ट अतिथि बालकृष्ण सिंह, बबलू उरांव, राजेश गुप्ता ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त व टॉस कर किया। मौके पर मुखिया परमेश्वर महली ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मेरा युवा भारत लोहरदगा द्वारा खेल प्रतियोगिता का आयोजन करना बहुत ही सराहनीय पहल है। इस तरह के पहल से क्षेत्र के युवाओं को उड़ान मिलती है। ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों को एक बेहतर मंच मिलता है। युवा चाहे तो खेल के क्षेत्र में भी अपने प्रतिभा को निखार कर देश व समाज का नाम रोशन कर सकते हैं।

युवा ग्रामीण विकास समिति के सचिव बालकृष्णा सिंह ने कहा कि हमारा शुरू से ही प्रयास रहा है कि प्रखंड के क्षेत्र कि युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करते रहना है, ताकि हमारे क्षेत्र से भी प्रतिभावान खिलाड़ी अपना क्षेत्र व देश का नाम रोशन करे। मौके पर प्रखंड के विभिन्न गांव से पहुंचे फुटबॉल, कबड्डी, 200 व 400 मीटर दौड़ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। मौके पर विवेक सिंह, अभिषेक सिंह, सुरेंद्र गोप, रूपेश सिंह, सोनू गोप, दीपक गोप, उमेश मिंज, अजय गोप, अजय लोहरा, सूरज उरांव सहित काफी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

### दो पक्षों में भिड़ंत : चार घायल, दो गिरफ्तार

**कुड़ू।** 5 अक्टूबर की रात कुड़ू थाना क्षेत्र के ननतिलो गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। जानकारी के अनुसार, ननतिलो निवासी सहमद अंसारी एवं उसके सहयोगियों तथा लावागाई निवासी बाबर खान और उसके साथियों के बीच किसी पुराने मामले को लेकर कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया। देखते ही देखते दोनों पक्ष लाठी-डंडा लेकर आमने-सामने आ गए और एक-दूसरे पर टूट पड़े। झड़प में दोनों ओर से चार लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुड़ू में कराया गया। घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के विरुद्ध कुड़ू थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी ने बताया कि सहमद अंसारी पक्ष की शिकायत पर कांड संख्या 104/25 और बाबर खान पक्ष की शिकायत पर कांड संख्या 105/25 दर्ज की गई है। दोनों मामलों में नामजद अभियुक्त सहमद अंसारी और बाबर खान को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में लोहरदगा जेल भेज दिया गया है।

## नशे में धुत स्कूटी सवार की टक्कर से महिला की मौत

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के ब्लॉक मोड़ के समीप सोमवार को एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई। तेज रफ्तार और नशे में धुत एक स्कूटी सवार ने अपनी दुकान जा रही एक महिला को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई और बाद में इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, डुमरी अकासी निवासी 23 वर्षीय गुलशन लकड़ा अपनी स्कूटी पर खेत में डालने के लिए यूरिया और डीएपी लेकर चैनपुर-डुमरी मार्ग पर जा रहा था। इसी दौरान, ब्लॉक मोड़ के पास विपरीत दिशा से आ रही 20 वर्षीय सीता देवी, पति लक्की रौतिया, जो अपनी बेटी के साथ अपनी दुकान जा रही थीं, को गुलशन ने सीधे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सीता देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चैनपुर ले जाया गया। वहाँ उनकी हालत की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि, सदर अस्पताल में इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटनास्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि स्कूटी चालक गुलशन लकड़ा बहुत तेज गति से गाड़ी चला रहा था और वह काफी नशे में भी धुत था, जिसके कारण उसने अपना नियंत्रण खो दिया।

### सड़क सुरक्षा पर सख्ती : 95 वाहन चालकों पर कार्रवाई, कई वाहन जब्त

# 1.01 लाख रुपए जुर्माना वसूला

- हेलमेट व सीट बेल्ट पर विशेष फोकस
- जुर्माने के साथ दी गई सड़क सुरक्षा की सीख

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के उद्देश्य से गुमला जिला प्रशासन द्वारा सोमवार को व्यापक सड़क सुरक्षा जांच अभियान चलाया गया। उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यह अभियान जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) ज्ञान शंकर जायसवाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। अभियान के दौरान 95 से अधिक वाहन चालकों पर नियम उल्लंघन के आरोप में जुर्माना लगाया गया, जिससे प्रशासन ने कुल 1,01,000 (एक लाख एक हजार रुपए) की राशि वसूल की। डीटीओ ज्ञान जायसवाल के नेतृत्व में परिवहन विभाग की टीम ने गुमला थाना के सामने मुख्य मार्गों और प्रमुख चौक-चौराहों पर जांच की। इस दौरान दोपहिया चालकों के लिए हेलमेट और चार पहिया चालकों के लिए सीट बेल्ट की अनिवार्यता पर विशेष जोर दिया गया। अभियान शुरू होते ही वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर विभिन्न धाराओं में कार्रवाई की गई।

डीटीओ जायसवाल ने मौके पर ही चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि- "सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण लापरवाही और नियमों की अनदेखी है। अब समय है कि हर चालक अपनी जिम्मेदारी समझे और यातायात नियमों का सख्ती से पालन करे।" अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि भविष्य में नियम तोड़ने वालों के खिलाफ और भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में गुमला थाना प्रभारी महेंद्र करमाली, मोटरयान निरीक्षक रॉबिन अजय सिंह, प्रदीप कुमार तिर्की, तथा डीटीओ कार्यालय के कर्मी सक्रिय रूप से शामिल रहे। प्रशासन का मानना है कि यह अभियान गुमला जिले में सुरक्षित और अनुशासित यातायात व्यवस्था स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

**मुख्य रूप से पकड़े गए मामले थे**

- बिना हेलमेट गाड़ी चलाना और ट्रिपल राइडिंग
- तेज गति व नशे की हालत में वाहन चलाना
- ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, परमिट, पीयूसी या रोड टैक्स के बिना वाहन चलाना
- प्रेशर या मल्टी-टोन हॉर्न का प्रयोग
- बिना परमिट चल रहे टेंपो वाहनों को जब्त किया गया

### मालादोन में जंगली हाथियों का उत्पात

# किसानों की मेहनत पर फिरा पानी, धान की फसल बर्बाद

**नवीन मेल संवाददाता**



**भरनो(गुमला)।** भरनो प्रखंड के सुदूरवर्ती करंज पंचायत के मालादोन गांव में जंगली हाथियों का आतंक एक बार फिर देखने को मिला है। बीती रात जंगल से निकले 5 से 6 हाथियों के झुंड ने गांव के कई किसानों के खेतों में भारी तबाही मचाई। हाथियों ने खेतों में लगे धान के फसल को रौंदकर और खाकर पूरी तरह बर्बाद कर दिया। हाथियों के इस उत्पात से किसान खिलेश्वर गोप, रुना मुंडा, नेरू खड़िया, बिरसा खड़िया, सुकरा खड़िया, भोला सिंह, माहा खड़िया, मनीष प्रधान, डेडो मुंडा और कीनू मुंडा सहित कई किसानों की फसल चौपट हो गई। ग्रामीणों के अनुसार, हाथियों का झुंड रातभर खेतों में डेरा डाले रहा और घंटों तक धान की फसल को नुकसान पहुंचाता रहा। घटना की सूचना वन विभाग बसिया को दी गई, परंतु विभाग की ओर से अब तक हाथियों को खदेड़ने की कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। किसान खिलेश्वर गोप ने बताया कि "हम गरीब किसान बड़ी मुश्किल से धान की खेती करते हैं। यह फसल हमारे पूरे परिवार की सालभर की आजीविका है, लेकिन हाथियों ने सबकुछ नष्ट कर दिया। पहले से ही बारिश ने परेशान कर रखा है, अब हाथियों ने हमारी उम्मीदें भी तोड़ दीं।" ग्रामीणों ने वन विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि हाथियों को जल्द से जल्द आबादी क्षेत्र से खदेड़ा जाए। साथ ही, सभी प्रभावित किसानों को हुए नुकसान का उचित मुआवजा जल्द प्रदान किया जाए, ताकि वे दोबारा अपनी खेती शुरू कर सकें। स्थानीय लोगों ने चेताया है कि यदि विभाग शीघ्र कदम नहीं उठाता, तो गांव के लोग सामूहिक रूप से हाथियों को भगाने को मजबूर होंगे।

## जय श्री राम समिति ने मरीज के इलाज में मदद की

**लोहरदगा।** घाघरा निवासी बलराम सोनी के पुत्र विनय सोनी का सेन्हा छोटी मस्जिद के पास बाइक द्वारा एक्सीडेंट हो गया था। जिन्हें सेन्हा के लोगों ने तत्काल पहल करते हुए एंबुलेंस को बुलाकर कर लोहरदगा सदर अस्पताल इलाज के लिए भेजा गया। लोहरदगा सदर अस्पताल में इलाज कराने मे मरीज के परिवार के आने से पहले जय श्री राम समिति के लोगों ने घायल मरीज को सहयोग करने में जुट गए। फिर इलाज के दौरान वहां से उन्हें रांची रेफर किया गया।वहीं लोगों ने कहा कि इस तरह का कार्य अत्यंत सराहनीय और प्रेरणादायक है। जब कोई व्यक्ति किसी दुर्घटना या बीमारी से पीड़ित होता है, तब समाज और समिति का सहयोग उसके लिए एक नई आशा लेकर आता है। समिति ने मानवता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। घायल मरीज को व्यवस्था और आवश्यक सहयोग देकर समिति ने यह साबित किया है कि इंसानियत सबसे बड़ा धर्म है। ऐसे कार्य समाज में एकता, प्रेम और सेवा की भावना को बढ़ाते हैं। समिति के सभी सदस्यों एवं सनातनियों ने मिलकर जो जिम्मेदारी निभाई है, वह प्रशंसनीय है। इस सहयोग से न केवल मरीज को राहत मिली, बल्कि लोगों में भी समाजसेवा के प्रति जागरूकता फैली।

# कुदरा पंचायत के निमड़ा गांव में चलाया गया सफाई अभियान

### स्वागत के लिए तैयारियां पूर्ण



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिसई (गुमला)।** प्रखंड क्षेत्र के कुदरा पंचायत अंतर्गत ग्राम निमड़ा में वार्ड सदस्य सह जल सहिया बैजयंती देवी की अगुवाई में जागृति महिला मंडल, लक्ष्मी महिला मंडल, रोशनी महिला मंडल, अन्नपूर्णा महिला मंडल, एवं जीवन ज्योति महिला मंडल के दीदियों के सामूहिक सहयोग से श्रीराम रथ के आगमन पर स्वागत हेतु सफाई अभियान चलाया गया। वहीं वार्ड सदस्य सह जल सहिया बैजयंती देवी ने जानकारी देते हुए बताया कि 07 अक्टूबर 2025 को प्रभु श्रीराम रथ का ग्राम निमड़ा में आगमन होने जा रहा है जिसके लिए गांव में साफ सफाई किया गया और उनके स्वागत के लिए सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई है भव्य रूप से प्रभु श्रीराम जी के रथ का स्वागत किया जाएगा उनके दर्शन के लिए ग्रामीणों में काफी उत्सुकता है। मौके पर वार्ड सदस्य सह जल सहिया बैजयंती देवी, शांति देवी, दीपाली देवी, प्रमिला देवी, मुनि देवी, पोको देवी, भाको देवी, शिल्पा देवी सहित सभी ग्रामीण महिला पुरुष व बच्चे उपस्थित थे।

## कारीमाटी में कन्वर्जेंस सेमिनार कार्यक्रम का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रखंड के पतिअम्बा पंचायत अंतर्गत कारीमाटी गांव में लीड्स संस्था द्वारा कन्वर्जेंस सेमिनार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के परियोजना समन्वयक आलोक कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने ग्रामीणों को वर्तमान में पंचायत स्तर पर चलाई जा रही मनरेगा योजनाओं की जानकारी दी और मनरेगा में काम मांगने के लिए जागरूक किया। इसके अलावा उन्होंने झारखंड असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा योजना, मनरेगा, प्रवासी मजदूर निबंधन, निर्माण श्रमिक निबंधन, आवास योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, जन वितरण प्रणाली से जुड़े योजनों की जानकारी दी गई और इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों को इन योजनाओं के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया के बारे में भी बताया और उन्हें आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी गई। मनरेगा और आवास योजना की गड़बड़ियों की शिकायत सरकार द्वारा जारी टोल फ्री नंबर 18003134242 में करने को कहा। वहीं लीड्स की जूही कुमारी, ललिता कंडुलना और कलिंद्र प्रधान ने ग्रामीणों को आत्मा और कृषि विभाग से संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी देकर उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। संस्था के प्रखंड कार्यक्रम समन्वयक आलोक कुमार ने कहा कि आने वाले समय में ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के जागरूकता अभियान से जुड़े और भी कई कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा ताकि अधिक से अधिक लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी मिल सके।

## डैम में नहाने के दौरान दो युवकों की मौत

**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर प्रखंड के रेंगारिह थाना क्षेत्र अंतर्गत बाघचट्टा पंचायत के बरबेड़ा स्थित गुंदा डैम में नहाने के दौरान दो युवकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान सेलेस्टिन केरकेट्टा और अनूप केरकेट्टा, दोनों निवासी बिरगाटोली, रेंगारिह के रूप में की गई है।जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर दोनों युवक नहाने के लिए डैम गए थे। नहाने के क्रम में अनूप तैरकर डैम पार करने का प्रयास कर रहा था, तभी वह गहरे पानी में डूबने लगा। अनूप को डूबता देख सेलेस्टिन उसे बचाने के लिए पानी में उतरा, लेकिन वह भी डूब गया। दोनों को बचाने का प्रयास एक ग्रामीण ने किया, किंतु सफलता नहीं मिली।सूचना पाकर ग्रामीणों ने तत्काल खोजबीन शुरू की और केलाघाघ डैम में रहने वाले तैराकों को बुलाया गया। तैराकों के प्रयास से रविवार शाम सेलेस्टिन का शव बरामद कर लिया गया, जबकि सोमवार सुबह अनूप का शव पानी के ऊपर तैरता हुआ मिला।पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच के बाद परिजनों को सौंप दिया। दोनों युवकों की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

### कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजनील तिग्गा का भव्य स्वागत, बोले-

## कार्यकर्ताओं के सहयोग से संगठन को नई ऊंचाई देंगे



**नवीन मेल संवाददाता**

**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड मुख्यालय स्थित ब्लॉक चौक पर सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नए जिलाध्यक्ष राजनील तिग्गा का जोरदार स्वागत किया। उनके पहुंचते ही प्रखंड अध्यक्ष आशीष नाथ साहदेव की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं और बुके देकर गर्मजोशी से अभिनंदन किया। पूरे कार्यक्रम स्थल पर "कांग्रेस जिंदाबाद" और "राजनील तिग्गा अमर रहें" के नारों से गूंज उठी। इस मौके पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राजनील तिग्गा ने कहा कि "जिला अध्यक्ष बनने के बाद सबसे पहले मैं भरनो आया हूं, क्योंकि यहां के कार्यकर्ताओं का स्नेह और अपनापन मुझे यहां खींच लाया। संगठन की जिम्मेदारी निभाना आसान नहीं होता, लेकिन आप सभी के सहयोग से हम इसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे।" उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस के समय से ही वे पार्टी के लिए सक्रिय रूप से कार्य करते रहे हैं और अब वरिष्ठ नेताओं ने जो विश्वास जताया है, उसे वे पूरी लगन और कर्मठता के साथ निभाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि "लोकसभा चुनाव में हमें कार्यकर्ताओं के मेहनत और एकजुटता के बल पर ही भारी बहुमत मिला था। आने वाले दिनों में भी हम इसी संगठनात्मक एकता के दम पर कांग्रेस को और मजबूती प्रदान करेंगे।" कार्यक्रम में कांग्रेस उपाध्यक्ष मुख्तार आलम, जुगल उरांव, अफरोज खान, मीर गुलजार, मंजूर आलम, सुजीत रवि, आजाद अंसारी, ईदरीस खान, अफजल खान समेत कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई कई प्रतिष्ठानों में मिली अनियमितताएं

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा के आदेशानुसार खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चन्द्र गुग्गी के नेतृत्व में सोमवार को जिले के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों में औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान कई दुकानों में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं।निरीक्षण के क्रम में छोटु किराना स्टोर, टुकुपानी से भारी मात्रा में एक्सपायर्ड पेय पदार्थ बरामद किए गए। मौके पर ही सभी समाप्त अवधि वाले पेय पदार्थों को नष्ट कराया गया तथा दुकान संचालक के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई प्रारंभ की गई।खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने आमजन से अपील की है कि वे किसी भी पैकेज्ड खाद्य सामग्री को खरीदने से पूर्व उसकी निर्माण तिथि, उपभोग की अंतिम तिथि, निर्माता का पता, एफएसएसएआई लाइसेंस नंबर और लोगो अवश्य जांचें। निरीक्षण के दौरान होटल अंतरा में सफाई व्यवस्था एवं पनीर-मसालों की गुणवत्ता की जांच की गई, जिसमें सफाई में कमी पाई गई। संचालक को सात दिनों के भीतर सुधार करने का निर्देश दिया गया। वहीं पब्लिक डिमांड स्टोर, खैरनटोली में बिना एफएसएसएआई लाइसेंस के कारोबार किया जा रहा था, जिस पर भी कानूनी कार्रवाई की तैयारी है। साथ ही मेसर्स दिनेश ट्रेडर्स, दीप आयुर्वेद एंड किराना स्टोर, केशरी स्टोर, नितीश किराना स्टोर, दीपक ट्रेडर्स, संजय किराना स्टोर एवं सुभाष चौधरी स्टोर गुलजार गली, मेन रोड में शेरा ब्रांड तेल पर मिथ्या छाप फर्जी लेबल पाया गया। सभी दुकानों से नमूने लेकर जांच की जा रही है। दोषी पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### बिशुनपुर में सरकारी योजनाओं की अनियमितता उजागर

## घटिया निर्माण पर जनप्रतिनिधियों का हंगामा, संवेदक को मिली कड़ी चेतावनी

**नवीन मेल संवाददाता**



**बिशुनपुर (गुमला)।** बिशुनपुर प्रखंड में सरकारी योजनाओं की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। कहीं मिट्टी मिलाकर पीसीसी सड़क बनाई जा रही है, तो कहीं करोड़ों की लागत से बने गार्डवाल पहली ही बारिश में ढह जा रहे हैं।

प्रखंड के रेलदाग गांव में सीमेंट के साथ मिट्टी मिलाकर पीसीसी सड़क बनाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने मौके पर संवेदक को पकड़ लिया और काम रुकवाया। वहीं, रांगे गांव में करोड़ों की लागत से बना गार्डवाल पहली ही बारिश में धराशायी हो गया, जिससे योजना की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठे हैं।


**उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा**
**(खनन शाखा)**

**अवैध भण्डारित बालू का आम निलामी हेतु सूचना :–**

एतद् द्वारा सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि लोहरदगा जिलान्तर्गत ग्राम–बण्डा अवस्थित मदरसा से लगभग 500 मीटर की दूरी पर नन्दनी नदी के किनारे अवैध भण्डारित जप्त बालू को झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली 2004 (यथा संशोधित 2019) के नियम 54 A के तहत् कराये जाने नीलामी कराया जाना है। उक्त खनिज की नीलामी दिनांक 24.10.2025 को समय 02:00 बजे अपराह्न में लोहरदगा समाहरणालय के सभाकक्ष में लोक निलामी के माध्यम से कराई जाएगी। खनिज की विवरणी निम्नवत है :–

| क्रम | खनिज भण्डारण स्थल | भण्डारित खनिज का नाम | भण्डारित खनिज की मात्रा | सुरक्षित जमा राशि (रूपया में) | सुरक्षित जमा राशि का 10% प्रतिभूति राशि (रूपया में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम–बण्डा अवस्थित मदरसा से लगभग 500 मीटर की दूरी पर नन्दनी नदी के किनारे | बालू | 40000 घनफीट | 5,78,000/– | 57,800/– |

नोट :– लोक–नीलामी की प्रक्रिया एवं शर्तें जिला खनन कार्यालय, लोहरदगा के सूचना पट्ट एवं जिला के वेबसाईट lohardaga.nic.in पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त,
लोहरदगा


PR 363348 Lohardaga (25-26)_D


### तालाब में सीढ़ी निर्माण योजना को लेकर का मामला सामने आया, ग्रामीणों ने कहा-

# निर्माण कार्य शुरू किए बिना ही लाखो रुपए का गबन

- कागज पर बनी सीढ़ी जमीन पर गुम रुकी पंचायत में तालाब निर्माण बना भ्रष्टाचार का पाठशाला
- बड़ा अजीयातू तालाब में सीढ़ी बनी सिर्फ फाइलों में हकीकत में लूट का खेल जारी

**नवीन मेल संवाददाता**




**घाघरा।** घाघरा प्रखंड अंतर्गत रुकी पंचायत के बड़ा अजियातु गांव में 15वीं वित्त आयोग के मुखिया फंड से तालाब में सीढ़ी निर्माण योजना को लेकर गंभीर मामले सामने आये हैं। बीते वर्ष 2023-24 में इस योजना के लिए 2.80 लाख की स्वीकृति हुई थी। ग्रामीणों के मुताबिक फर्जी ग्राम सभा के दस्तावेज दिखाकर एक लाभुक समिति बनाई गई और कार्य के लिए 1.55 लाख का भुगतान भी कर दिया गया। हैरानी की बात यह है कि एक साल 9 महीने 28 दिन बीत जाने के बाद भी योजना स्थल पर सीढ़ी का कोई नामोनिशान तक नहीं है। ग्रामीण ने आरोप लगाया कि पूरा काम सिर्फ कागजों पर दिखाकर पैसे की बंदरबांट कर ली गई है। ग्रामीणों के अनुसार तालाब में कोई भी निर्माण कार्य नहीं हुआ जबकि विभागीय अभिलेखों में इसे पूर्ण निर्माण कार्य बताया गया।

ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य शुरू किए बिना ही बिचौलियों ने पंचायत सचिव के साथ मिलकर राशि हड़प ली। ग्रामीणों का कहना है कि यह घटना एक बार फिर साबित करती है कि फंड की कमी नहीं है, बल्कि बिचौलियों का हस्तक्षेप और प्रशासन की लापरवाही के कारण योजनाएं धरातल पर नहीं उतर रही हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय पर और पारदर्शी तरीके से योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाता तो अब तक योजना पूर्ण हो जाता। ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए वे कहते हैं कि शासन और प्रशासन को बिचौलियों की पैठ रोकने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे।

**ग्रामीणों की मांग : निष्पक्ष जांच व शीघ्र निर्माण**

ग्रामीणों ने पंचायत और प्रशासन से मांग की है कि इस भ्रष्टाचार और अपारदर्शिता की निष्पक्ष जांच की जाए तथा दोषियों पर कठोर कार्रवाई हो। साथ ही जल्द से जल्द तालाब में सीढ़ी का निर्माण कराया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि कार्य में 21 महीने से भी अधिक की देरी से स्पष्ट है कि योजना को लेकर गंभीरता नहीं बरती गई।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।**
**आवश्यक सूचना।**
**(नोटिस)**

नाम–(1) कौशर अंसारी, पिता–लाहाबु अंसारी उर्फ अलबुदीन अंसारी, सा0–मानपुर, थाना–रंका, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप रंका थाना कांड सं0–152/24 दिनांक–20.09.2024 धारा–317(5) BNS & Jharkhand Bovine Animal Prohibition of Slaughter Act-2005 के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। आपके विरुद्ध माननीय न्यायालय, श्रीमती अनुलिका कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, गढ़वा के द्वारा इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–20.09.2025 को आपके घर पर उक्त इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने घर से फिरार है। उक्त इश्तिहार में आपको एक महिने के अन्दर अविलंब माननीय न्यायालय, श्रीमती अनुलिका कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया गया है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप एक महिने के अन्दर अविलंब माननीय न्यायालय, श्रीमती अनुलिका कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR 363331 Police(25-26)D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

उसी पुराने ढंग से न जीते रहें। अपने जीवन को सुधारने के लिए कुछ करने का दृढ़ निश्चय कर लें और फिर उसे पूरा करें। अपनी चेतना को परिवर्तित करें, केवल उतना ही करने की आवश्यकता है। - श्री श्री परमहंस योगानंद


# संपादकीय

## मजबूत भारत के लिए वैश्विक हो रुपया

टैरिफ युद्ध और वैश्विक आर्थिक अस्थिरता से अवरोधित होते व्यापार एवं बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव ने भारत को यह सोचने पर मजबूर किया है कि डॉलर पर अधिक निर्भरता सुरक्षित नहीं है। ऐसे में, यदि व्यापार का बड़ा हिस्सा भारतीय रुपए में निपटाया जाए, तो यह न केवल लेन-देन को सरल बनाएगा, बल्कि भारत की वित्तीय स्वायत्तता को भी मजबूत करेगा। इसी परिप्रेक्ष्य में भारतीय रिजर्व बैंक ने रुपए के अंतरराष्ट्रीयकरण की दिशा में कई नए प्रावधान लागू किए हैं, जिसके अंतर्गत आरबीआई ने पड़ोसी एवं अन्य देशों को रुपए में ऋण की सुविधा दी है। अब भारतीय बैंक भूटान, नेपाल और श्रीलंका जैसे पड़ोसी देशों की कंपनियों और संस्थाओं को रुपए में कर्ज दे सकेंगे। कर्ज की वापसी भी रुपए में ही होगी। रुपए के अंतरराष्ट्रीयकरण की शुरुआत वर्ष 2022 में आरबीआई ने स्पेशल रुपी वोस्ट्रो अकाउंट से की थी। इसके जरिए कोई भी विदेशी बैंक भारतीय बैंकों में खाता खोलकर सीधे रुपए में लेन-देन कर सकता है। भारत रूस के साथ व्यापार निपटान रुपए में कर चुका है। भारत और ईरान के बीच कुछ व्यापार लेन-देन रुपए में करने की तैयारी है। नेपाल और भूटान में रुपया पहले से मान्य है। बोत्सवाना, फिजी, जर्मनी, केन्या, मलयेशिया, मॉरिशस, म्यांमार, सिंगापुर, रूस, श्रीलंका, ब्रिटेन सहित करीब 18 देशों को स्पेशल रुपी वोस्ट्रो अकाउंट व्यवस्था में शामिल किया गया है। ब्रिक्स देशों के एनडीबी बैंक ने घोषणा की है कि वह भारत का पहला रुपया-मूल्यवर्गित बॉन्ड जारी करने की योजना बना रहा है। भारत पहले ही कुछ द्विपक्षीय प्रयोग कर चुका है, और कई देश इसमें रुचि दिखा चुके हैं। आरबीआई द्वारा रुपये के अंतरराष्ट्रीयकरण की दिशा में उठाए गए नवीनतम प्रयासों का सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि आयात-निर्यात के लेन-देन में रुपये का उपयोग बढ़ने से विदेशी मुद्रा का जोखिम घटेगा। विदेशी निवेशकों को लेन-देन की अधिक सुविधा मिलेगी। वित्तीय बाजारों में कॉरपोरेट बॉन्ड और अन्य साधनों में निवेश से घरेलू वित्तीय तंत्र को मजबूती मिलेगी। भारत के कॉरपोरेट बॉन्ड बाजार को बढ़ावा मिलने से रुपये की वैश्विक मांग और उपयोगिता बढ़ेगी। भारत प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और आगामी दशकों में उच्च वृद्धि जारी रहने की संभावना है। यदि भारत निरंतर आर्थिक मजबूती दिखाए, तो उसकी मुद्रा को अधिक स्वीकार्यता मिल सकती है। यद्यपि डॉलर और यूरो जैसी मजबूत मुद्राओं से मुकाबले में कई जोखिम एवं चुनौतियां भी हैं, जिनको समझकर ही आगे बढ़ना होगा। भारत अभी पूर्ण पूंजी खाता खुलापन नहीं देता, पूंजी लेन-देन पर अभी प्रतिबंध हैं। भारत का व्यापार घाटा रुपये की वैश्विक मांग को सीमित करता है। विदेशी निवेशकों का विश्वास, मुद्रा स्थिरता, आर्थिक एवं राजनीतिक विश्वसनीयता, मुद्रा अवमूल्यन के डर आदि से निपटने के लिए विदेशी मुद्रा भंडार का पर्याप्त स्तर, बुनियादी आर्थिक-संरचनात्मक सुधार जैसे बैंकिंग क्षेत्र, वित्तीय बाजार, विनियामक ढांचा इत्यादि को मजबूत करना होगा। इस दीर्घकालीन लक्ष्य को 10 से 20 वर्षों में हासिल करने के लिए रणनीतिक रूप से कार्य कर स्वयं को दक्षिण एशिया में एक वित्तीय नेता के रूप में स्थापित कर सकता है।

*भारत प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और आगामी दशकों में उच्च वृद्धि जारी रहने की संभावना है। यदि भारत निरंतर आर्थिक मजबूती दिखाए, तो उसकी मुद्रा को अधिक स्वीकार्यता मिल सकती है।*

# महात्मा गांधी के गिरिडीह आगमन के सौ वर्ष पूर्ण



महात्मा गांधी जैसे व्यक्तित्व अकसर ही पृथ्वी पर जन्म लेते हैं। वे साधारण जीवन में रहते हुए भी इतनी गहराई और प्रभावशीलता छोड़ जाते हैं कि उनकी छाप पीढ़ियों तक बनी रहती है। स्वतंत्रता संग्राम के दौर में भारतीय स्वतंत्रता की लहर केवल बुद्धिजीवियों या कॉंग्रेस के पंडालों तक सीमित नहीं रही -गांधी ने उसे गाँव-गाँव तक पहुँचा दिया। चंपारण सत्याग्रह के बाद उन्होंने जिस तरह ग्राम-ग्राम को जन-जागरण और सत्याग्रह से जोड़ा, उसी ठोस, जमीनी नीति ने हर प्रांत में, खासकर झारखंड में, स्वतंत्रता आंदोलन को जन-आंदोलन का स्वरूप दिया। झारखंड में गांधी का आगमन और प्रभाव अलग ही प्रकार का रहा। श्यामकृष्ण सहाय ने गांधी को रांची आने का निमंत्रण दिया और गांधी पहली बार 3–4 जून 1917 को रांची पहुँचे। चंपारण सत्याग्रह के सिलसिले में वे चार बार झारखंड आए-साधे जीवन, सादे भोजन और सादगीपूर्ण आचरण ने यहाँ के लोगों को इतना प्रभावित किया कि ताना भगत जैसे स्थानीय धार्मिक-समाजिक आंदोलनों में गांधीवाद की गहरी छाप दिखी। ताना भगतों ने सत्य, अहिंसा, त्याग और शराब-मांस से दूर रहने को अपनाया; वे हाथ में तिरंगा लेकर गांव-गांव स्वतंत्रता का संदेश ले जाने लगे-इस प्रकार गांधी का ग्रामीण भारत के साथ जुड़ाव और भी गहरा हुआ। गांधी ने न सिर्फ़ रांची बल्कि जमशेदपुर, धनबाद, देवघर, हजारीबाग, डाल्टनगंज, गिरिडीह, चाईबासा, चक्रधरपुर इत्यादि अनेक स्थानों की यात्रा की और जनसभाओं के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। उनमें से गिरिडीह का प्रवास विशेष तौर पर याद रहने वाला रहा -यह वह स्थान था जहाँ उन्होंने खादी, चरखा, स्वावलंबन, नगर-निकायों और गौशालाओं पर खुले, सीधे और प्रभावी शब्दों में कहा। गांधी 3 अक्टूबर 1925 को देवघर पहुँचे और वहाँ उन्होंने लोगों को मद्यपान से दूर रहने का संदेश दिया। तत्पश्चात वे गिरिडीह आए 6- 7 अक्टूबर 1925 को गिरिडीह में उन्होंने दो सभा कीः एक सार्वजनिक सभा और एक महिला सभा। इन सभाओं की बातों और प्रसंगों ने गिरिडीह की समग्र सोच को बदल दिया न केवल भाषणों से, बल्कि व्यवहार और चेतना के स्तर पर। गिरिडीह की सभा में गांधीजी ने सीधे-सीधे कहा कि यहाँ अत्यधिक संख्या में मजदूर रहते हैं जो महीनों तक खाली बैठते हैं। गांधी ने कहा-अगर वही खाली समय चरखा कातने में लगाया जाए तो वह वर्ग आत्मनिर्भर बन सकता है। चरखा गांधी के लिये केवल कपड़े का उत्पादन करने का औज़ार नहीं था-वह आत्मनिर्भरता, आत्मसम्मान और देश से जोड़ने का साधन था। उन्होंने विदेशी वस्त्रों के बहिष्कार और खादी को अपनाने का निर्भय आह्वान किया और कहा कि विदेशी कपड़े जलाना पाप नहीं, बल्कि एक पवित्र कार्य है जो देश के स्वाभिमान को बचाता है। गांधी ने मज़दूरों की आलस्य की प्रवृत्ति का ज़िक्र किया-यह कहा गया कि गिरिडीह के अभ्रक क्षेत्र और परेशानी के कारण मज़दूर अक्सर काम नहीं करते। उनका आशय यह नहीं था कि मज़दूर दोषी हैं, पर यह आवश्यक था कि हर व्यक्ति कुछ न कुछ श्रम करे-और यदि पुरुष नहीं कर पाते तो महिलाएँ कम-से-कम आधा घंटा प्रतिदिन चरखा चला कर परिवार की सहायता कर सकती हैं। गांधी ने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि गिरिडीह अपना सूत स्वयं कात सकता है और खादी अपने यहाँ फैला सकता है। सभा में स्थानीय प्रशासनिक और नगरपालिका मुद्दों पर भी चर्चा हुई। लोगों ने सड़कों, स्वच्छता और नगर व्यवस्था की समस्याएँ बताईं। गांधी का उत्तर सरल और सीधे उद्देश्य वाला था- "सड़क खराब है तो खुद बनाइए।" वे बार-बार यह समझाते रहे कि नगरपालिकाएँ तभी सफल होंगी जब जनता उनकी ओर सक्रिय सहयोग दे। किसी भी सरकारी निकाय का वश चले या नहीं चले, असली शक्ति जनता की सहभागिता में निहित है। वे अनेक उदाहरणों का उल्लेख कर जनता की भागीदारी की महत्ता पर बल देते हैं। एक नगरपालिका सदस्य ने वहाँ कहा कि उनके पास मेहतर रखने के लिए पैसे नहीं हैं। गांधीजी ने तुरंत और भावनात्मक उत्तर दिया-"खुद अपना काम करो; खुद गंदगी उठाओ।" उन्होंने बताया कि उन्होंने डबरन में स्वयं ऐसे काम किए हैं और उन्हें उस श्रम से प्रसन्नता मिली। (कहा गया-मैंने डबरन में यह काम किया और मैं जानता हूँ कि इसे करने में कितनी प्रसन्नता है।) कुछ शब्दों में उन्होंने मानव-स्वाभिमान और श्रम की गरिमा का जो पाठ दिया वह जनता पर गहरे असर की तरह पड़ा-यहाँ तक कि उनके शब्दों को लोग अपने जीवन का नियम बनाने लगे। गिरिडीह की गौशाला ने गांधी को अभिनंदन पत्र दिया और इस पर गांधी ने कहा कि गौशाला वह संस्था नहीं होनी चाहिए जो केवल दान पर टिकी हो, गौशाला को गाँव की आर्थिकी का केंद्र बनाना चाहिए-जहाँ से किसानों को बैल मिलें, जहाँ सस्ता और शुद्ध दूध पहुँचे, और जहाँ गौशाला स्वावलंबी हो। उनका आग्रह था कि गौशालाएँ दान पर निर्भर न हो कर सेवा और श्रम पर आधारित हों-सामाजिक उपयोगिता और आर्थिक व्यवहार्यता के मध्य संतुलन होना चाहिए।

गांधी ने गिरिडीह की कन्या पाठशाला में आयोजित महिला सभा को भी संबोधित किया। सभा में उपस्थित महिला-समूहों ने न केवल ध्यान से सुना बल्कि जो कुछ दे सकते थे, दिया भी। सभा का एक अत्यंत मार्मिक प्रसंग यह था कि कुछ महिलाएँ-जो आर्थिक रूप से संपन्न नहीं थीं-ने अपने आभूषण और गहने उतार कर "देशबंधु स्मारक कोष" के लिए दान कर दिए। यह दृश्य गांधी और सर्वत्र उपस्थित लोगों के लिये गहरी भावनात्मक प्रेरणा बन गया-यह त्याग और देश-प्रेम का मूर्त उदाहरण था। गांधी ने महिलाओं को कहा कि स्वास्थ्य राजनीतिक स्वतंत्रता से भी बड़ी बात है; संयम, त्याग और सेवा का जीवन ही सच्ची अमरता और राष्ट्रनिर्माण की नींव है। उन्होंने स्त्रियों को घर-घर दीपक जलाने वाले, समाज की नैतिक और आध्यात्मिक शक्ति बनने का आह्वान किया। गिरिडीह से लोग प्रभावित हुए और कई स्थानीय नेता तथा कार्यकर्ता गांधी के विचारों से प्रेरित होकर आंदोलनों में सक्रिय हो उठे।

### प्रभावित लोगों में प्रमुख रूप से खड़े हुए

**पुनीत राय (धनवार) :** वे गिरिडीह/आसपास के क्षेत्र के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी बने, स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भूमिका निभाई और बाद में चार बार विधायक रहे। उन्होंने अनेक संस्थाएँ स्थापित कीं; इनमें आदर्श कॉलेज, राजधनवार विशेष है -जो आज भी उनके योगदान की स्मृति को संजोए हुए है।

**सदानंद प्रसाद पोदी :** गांधी के विचारों से प्रेरित होकर उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में हिस्सा लिया; उन्हें बाद में 1972 में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा ताम्रपत्र से सम्मानित किया गया। इन व्यक्तियों के कार्यों से स्पष्ट है कि गांधी का गिरिडीह प्रवास केवल भाषणों का दौर नहीं था-बल्कि उसने यहाँ के समाज में दीर्घकालिक परिवर्तन के बीज बो दिए। गाँवों में आत्मनिर्भरता, सेवा और त्याग के मूल्यों का जो संचार हुआ, उससे कई संस्थाएँ और शैक्षणिक केन्द्र स्थापित हुए जिनके फल आज भी दिखते हैं। गांधी 8 अक्टूबर 1925 को गिरिडीह से मधुपुर के लिए रवाना हुए। पर उनका प्रभाव यहाँ अमिट रहा-गिरिडीह ने उन्हें और उनके संदेश को अपना लिया। उस दिन गांधी का जाना केवल एक शारीरिक प्रस्थान नहीं था; उन्होंने वहाँ एक संवेदनशील और क्रियाशील समाज बोया जो आने वाले दशकों तक स्वतंत्रता और राष्ट्रीय पुनर्निर्माण में सक्रिय रहा। गिरिडीह आज भी उनका आभारी है-वह धरती जहाँ गांधी ने न केवल नारे दिए, बल्कि लोगों को वास्तविक, सरल और अमल योग्य तरीकों से जोड़ा। गांधी का गिरिडीह प्रवास एक छोटा-सा अध्याय नहीं, बल्कि एक मानवीय और व्यवहारिक क्रांति का आरम्भ था। उन्होंने यहाँ जो संदेश दिए। चरखा और खादी के जरिये आत्मनिर्भरता, नगरपालिका और जनता के बीच सहभागिता, गौशालाओं का व्यावहारिक स्वावलंबन, महिलाओं का त्याग और स्वास्थ्य-ये सब आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उनकी बातें केवल आदर्श नहीं थीं; वे व्यवहार में उतरने योग्य और लोक-स्वाभिमान जगाने वाली थीं। गिरिडीह से निकली पीढ़ियां, जैसे पुनीत राय और सदानंद प्रसाद पोदी एवं अन्य गांधी के संदेश को जीवन में उतार कर स्वतंत्रता व स्वतंत्र भारत के निर्माण में सक्रिय हुईं। और इसलिए कहा जा सकता है-गिरिडीह गांधी का आभारी है। इस धरती ने गांधी को अपनाया, और गांधी ने इस धरती को आत्मनिर्भरता और नैतिक शक्ति का पाठ पढ़ाया। आज, जब उनके गिरिडीह आगमन के सौ वर्ष पूरे होते हैं, हमें उन्हीं मूल्यों- सत्य, अहिंसा, स्वावलंबन, श्रम-गौरव और सेवा-को दोबारा अपनाने की प्रेरणा लेनी चाहिए।

**(लेखक यथार्थवादी चिंतक एवं आदर्श कॉलेज राजधनवार के छात्र हैं)**

आज की बात



बोधार्थी रौनक

# विकास का चुनाव बने लोकतंत्र का पर्व

विधानसभा चुनाव अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण है। लेकिन 2025 बिहार का यह चुनाव विशेषतौर पर राज्य के लिए निर्णायक हो गया है। क्योंकि लम्बे समय से कांग्रेस सत्ता से बाहर थी। कांग्रेस सोच समझ कर आगे बढ़ रही है। भविष्य का रास्ता देखकर उम्मीदवार चुनने में लग गए है। राजद चुनाव में जोर लगा रही है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बीस वर्ष से लगातार सत्ता में है और अपने अनुभवों से सिख कर परिपक्व बन गए है। बीस साल पहले बिहार में राजद की सरकार रही थी। सूबे की जनता एक नई आस से मतदान करती है। कई बार देखा गया था कि प्रदेश की जनता ने मनखोलकर मतदान किया, लेकिन राज्य की जनता को दुःख, दर्द दूर करने का भरोसा दिलाते रहे।जनता को हरबार छलावा ही मिलता रहा है। जनता यह सोचकर मतदान करेगी।इस बार भले राजनीतिक दलों का आक्रामक प्रवेश है,लेकिन बिहार की जनता समझदार होते हुए अपने भले बुरे का निर्णय करके ही मतदान करेगी। राजद, कांग्रेस सरकारों की विकास के दावों की सच्चाई क्या है? विकास के चलते बिहार की खुबसूरत दिखाई देने वाली तस्वीर क्या राज्य की जनता भूल गई है? बीस साल पहले बदरंग तस्वीरों को मतदाता आज दिन तक नही भूल पाया है। हवा हवाई होते राजनेताओ के वादे हमेशा जनता को मजबूर करने और उनका फायदा उठाने के लिए ही होते थे। कई जिले में लालू की अनदेखी के चलते लोग गरीबी, भुखमरी, दीनता, महामारी बेरोजगारी का दंश झेल चुके थे। बिहार चुनाव के मद्देनजर नीतीश कुमार और भाजपा गठबंधन में बिहार में विकास की बुनियादी झड़े बिछाने का प्रयास किया था। वह अविरल चल रहा है। बीस वर्ष के शासन की धुरी संभालने वाले नीतीश कुमार को बिहार में सुशासन बाबू का तमगा लोगो ने दिया है। राजद के राज में जंगलराज का उपनाम सरकार की बदतर कानून अव्ययस्था ने दिलाया था। राजद के राज में नौकरियों की नीलामी और जमीने गिरवी रखकर नौकरियां हासिल करने के कई मुद्दे चर्चा का विषय बने थे। चारो तरफ अराजकता के बीच जनता त्राहिमाम पुकार उठी थी।भाजपा के शासन में स्वरोजगार के अवसर तैयार करने के साथ 90 प्रतिशत आरक्षित करने का फैसला लिया गया था। वो धीरे धीरे सफलता की राह में आगे बढ़ा। गुणवत्तापूर्ण शिक्षण साम्रगी और संसाधन के लिए कॉलेज में एडमिशन लेने वाले हर छात्र को लैपटॉप और डाटा भी आवंटित किए गए। सरकार की निःशुल्क शिक्षा का सफर अभी बन्द नही हुआ है। शिक्षा और शिक्षण के प्रति सरकार का अभिगम जनता हित मे है। छात्रवृत्ति और गरीब बच्चों के लिए कोष बनाया गया। सरकार के विकास कार्यो को हाथ की अंगुली पर नही गिन सकते है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



कांतिलाल मांडोत

# गाजा-गाजा करनेवालों, कश्मीरी मुसलमानों की हत्या पर चुप्पी क्यों?

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में बीते दिनों जिस तरह से लोगों की आवाज दबाई गई, उसने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय बिरादरी के दोहरे मानदंडों को सामने ला दिया है। सस्ती बिजली, रियायती आटा और आत्मसम्मान जैसे बुनियादी अधिकारों की मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे नागरिकों पर पाकिस्तानी सेना ने गोलियां चलाईं। इस गोलीबारी में कम से कम 10 लोगों की मौत हुई और 100 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। जमीनी खबरों में यह भी सामने आया है कि मुजफ्फराबाद, धीरकोट और रावलकोट जैसे इलाकों में प्रदर्शनकारियों को कर्फ्यू और संचार व्यवस्था ठप करके दबाया गया। जिन लोगों ने सिर्फ रोजमर्रा की ज़रूरतों के लिए आवाज उठाई, उन्हें गोलियों, लाठियों और आंसू गैस से जवाब दिया गया।

मानवाधिकार विशेषज्ञ माइकलअरिआंती ने इसे अंतरराष्ट्रीय पाखंड करार दिया है। उन्होंने द टाइम्स ऑफ इजरायल में प्रकाशित अपने ब्लॉग में लिखा है कि यह सिर्फ स्थानीय शिकायतों की कहानी नहीं, बल्कि दुनिया के दोहरे रवैये की कहानी है। अरिआंती ने याद दिलाया कि हम ऐसी दुनिया में जी रहे हैं जहां कुछ घंटों में ही हैशटैगट्रेंड करने लगते हैं, जहां किसी एक घटना पर पूरा महाद्वीप आक्रोश से भर उठता है, लेकिन पीओके में मुसलमानों पर हो रहे जुल्म पर कहीं कोई आवाज नहीं उठती। यह चुप्पी और यह चुनिंदा आक्रोश न केवल पीड़ितों के साथ अन्याय है बल्कि इंसानियत के साथ भी धोखा है। स्थिति का आर्थिक पहलू और भी चौंकाने वाला है। पाकिस्तान की लगभग 30 प्रतिशत जलविद्युतपीओके से आती है, लेकिन वहां के निवासी बिजली की दरें पूरे देश में सबसे ज्यादा चुकाते हैं। जहां उत्पादन लागत 4 से 7 रुपये प्रति यूनिट है, वहीं स्थानीय लोगों से 40 से 50 रुपये तक वसूले जाते हैं। पाकिस्तान सरकार पर इस क्षेत्र का सैकड़ों अरब रुपये का रॉयल्टी बकाया है, लेकिन उसे चुकाने के बजाय इस्लामाबाद वहां अर्धसैनिक बल और पुलिस भेज रहा है। दूसरी ओर, 'आजाद कश्मीर' का अभिजात वर्ग मुफ्त बिजली और ईंधन का आनंद लेता है। यही अन्याय जब जनता के खिलाफ फूटता है, तो उसे गोलियों से कुचलने की कोशिश की जाती है। अरिआंती ने अपने ब्लॉग में एक सटीक तुलना की। उन्होंने कहा कि जब गाजा की ओर जाने वाले बेड़े को रोका गया था तो यूरोप और मध्य पूर्व की सुर्खियां उसी घटना से भरी थीं। राजनीतिक दल, कार्यकर्ता और पत्रकार सब आक्रोश व्यक्त करने में जुट गए थे। लेकिन जब पाकिस्तानी सेना ने पीओके के मुसलमानों पर गोलियां बरसाईं, जब आठ, फिर दस और शायद उससे भी ज्यादा लोग मारे गए, तब चारों तरफ सन्नाटा छा गया। कोई संयुक्त राष्ट्र का आपातकालीन सत्र नहीं हुआ, कोई अरब लीग का बयान नहीं आया, न ही यूरोपीय संसद ने प्रस्ताव पारित किया। सबसे बड़ा विरोधाभास इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) का रवैया है। यह वही संगठन है जो जम्मू-कश्मीर में किसी भी घटना पर भारत के खिलाफ तुरंत बयान जारी करता है। लेकिन जब पाकिस्तान की सेना ने अपने कब्जे वाले कश्मीर में मुसलमानों को गोलियों से भूना, तब इस संगठन ने एक शब्द तक नहीं कहा। यही संगठन जब इजरायल या भारत की आलोचना करने में आगे रहता है, तब पाकिस्तान के जुल्म को देखकर चुप्पी साध लेता है। यही चुप्पी अंतरराष्ट्रीय राजनीति के असली चेहरे को उजागर करती है। असल सवाल यही है कि क्या मानवाधिकार केवल तब मायने रखते हैं जब उनका राजनीतिक उपयोग हो सके? गाजा में एक फिलिस्तीनी की मौत पर दुनिया भर में आंसू बहाए जाते हैं, लेकिन मुजफ्फराबाद या धीरकोट में किसी कश्मीरी मुसलमान की हत्या को अगर स्वीकार भी किया जाता है, तो वह केवल एक फुटनोट बनकर रह जाती है। दोनों ही जगह इंसान मारे जा रहे हैं, दोनों ही जगह लोग सम्मान और न्याय की गुहार लगा रहे हैं, लेकिन अंतरराष्ट्रीय बिरादरी ने तय कर लिया है कि किसकी पीड़ा महत्वपूर्ण है और किसकी पीड़ा अनसुनी रह जाएगी। पीओके की घाटियां, जिन्हें रमणीय और शांतिपूर्ण कहा जाता रहा है, अब खून से लाल हो रही हैं। वहां के लोग न आतंकवादी हैं, न किसी हिंसक आंदोलन का हिस्सा। वे तो बस अपने हक की बात कर रहे थे—सस्ती बिजली, आटा और गरिमामय जीवन। लेकिन उनकी आवाज का जवाब गोलियों से दिया गया। यह सिर्फ एक क्षेत्रीय संघर्ष की बात नहीं है, बल्कि दुनिया की उस व्यवस्था की भी पोल खोलता है जो इंसानियत का ढोंग तो करती है, लेकिन असल में राजनीतिक हितों के आधार पर ही संवेदनशीलता तय करती है। यही है अंतरराष्ट्रीय पाखंड की सच्चाई? **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



महेन्द्र तिवारी

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

सड़कों पर दिखने लगे, युग के तल्ख प्रयोग।
वातायन में बैठकर, झांक रहे कुछ लोग।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# रिश्ते अब इंस्टेंट नूडल्स क्यों बन गए हैं?

रिश्ते कभी आत्मा का आलिंगन हुआ करते थे। नज़रों की गहराई में उतरकर, समय के ताने-बाने में धीरे-धीरे बुने जाते थे, जैसे कोई कारीगर महीन धागों से अनमोल कढ़ाई रचता हो। लेकिन आज की दुनिया माइक्रोवेव की रफ्तार में सिमट गई है-तुरंत, सुविधाजनक, और क्षणभंगुर। रिश्ते अब समय की गहराई में नहीं, टचस्क्रीन की सतह पर बनते हैं। एक बटन दबाओ, पल भर की गर्माहट पाओ। मगर जैसे ही वह गर्माहट फीकी पड़ती है, ठंडापन उतनी ही तेजी से दस्तक देता है। यह हमारी माइक्रोवेव पीढ़ी की कहानी है-जहाँ रिश्ते चमकते हैं, पिघलते हैं, और पल में बिखर जाते हैं। आज का इंसान समय की भगदड़ में उलझा है। व्यस्तता ने हमें इस कदर जकड़ लिया है कि रिश्तों के लिए न वक्त बचा, न धैर्य। पहले रिश्ते विश्वास, समझ, और त्याग की नींव पर खड़े होते थे। दोस्ती थी रातभर की अनकही बातें, चाय की चुस्कियों में साझा सपने, और बिना बोले बँटे दर्द। प्यार था इंतज़ार की बेकरारी, चिट्ठियों की स्याही, और मिलन की तड़प। परिवार था एक छत तले हँसी-आँसुओं का मेल, हर सुख-दुख में एक-दूसरे का सहारा। लेकिन अब? दोस्ती इंस्टाग्राम की स्टोरी और व्हाट्सएप के इमोजी तक सिकुड़ गई। प्यार स्वाइप और कुछ डेट्स के बाद "मूव ऑन" का नाम बन गया। परिवार वीडियो कॉल्स और ग्रुप चैट्स में बिखर गया। इस त्वरितता की जड़ हमारी जीवनशैली है। हमने सुविधा को रिश्तों का पर्याय बना लिया। डेटिंग ऐप्स ने प्यार को कैटलॉग में बदल दिया, जहाँ लोग प्रोफाइल्स को स्क्रॉल करते हैं, जैसे ऑनलाइन शॉपिंग हो। दोस्ती अब लाइक्स, कमेंट्स, और फॉलोअर्स की गिनती में सिमट गई। परिवार तक टू-डू लिस्ट का हिस्सा बन गया-जन्मदिन पर मैसेज, त्योहार पर कॉल, और साल में एक मुलाकात का वादा। रिश्ते अब मेहनत नहीं, बस एक बटन की दूरी माँगते हैं। मगर यही उनकी सबसे बड़ी कमज़ोरी है। माइक्रोवेव का खाना भले ही पल में तैयार हो, पर उसमें न ताज़गी होती है, न पोषण। वैसे ही, त्वरित रिश्ते शुरुआत में चमकते हैं, लेकिन उनकी गहराई खोखली रहती है। प्यार में भी यही अधीरता हावी है। आज का प्यार माइक्रोवेव सा है-जल्दी गर्म, जल्दी ठंडा। कुछ मुलाकातें, कुछ चैट्स, और तारीफों का दौर, और लोग "सोलमेट" का तमगा सजा देते हैं। मगर जैसे ही पहला झटका लगता है-एक छोटी गलतफहमी, एक अनबन, या "वाइब्स" का न मिलना-लोग "ब्रेकअप" और "मूव ऑन" चुन लेते हैं। रिश्तों को संवारने की कोशिश, समझने की मेहनत, या माफ करने का धैर्य अब पुराना लगता है। विकल्पों की भीड़ ने रिश्तों को डिस्पोजेबल बना दिया। जब अगला "बेहतर" विकल्प एक स्वाइप दूर हो, तो कोई रिश्ता अनमोल क्यों लगे? यही विकल्पों की बाढ़ रिश्तों की गहराई को निगल रही है। क्या यह सब इतना सरल है? क्या हम सचमुच इतने सतही हो गए हैं? सच यह है कि इंसान का दिल आज भी वही चाहता है-सच्चा जुड़ाव, अपनापन, और स्थायित्व। हम चाहते हैं कि कोई हमें बिना शर्त सुने, समझे, और हर कदम पर साथ दे। मगर हमारी आदतें, हमारी प्राथमिकताएँ, और हमारी तेज़ रफ्तार ज़िंदगी हमें रोकती है। हमने तुरंत संतुष्टि को इस कदर आत्मसात किया है कि इंतज़ार, मेहनत, और रिश्तों को वक्त देना हमें बोझ लगता है। हम गहरे रिश्ते चाहते हैं, मगर उनकी कीमत चुकाने को तैयार नहीं। इस माइक्रोवेव पीढ़ी की सबसे बड़ी त्रासदी यही है-हम गर्माहट चाहते हैं, मगर उसे टिकने नहीं देते। दोस्ती, प्यार, या परिवार-सब में शुरुआती चमक जल्दी ठंडी पड़ जाती है। हम रिश्तों को फिर गर्म करने की कोशिश करते हैं-एक मैसेज, एक कॉल, या एक मुलाकात से। मगर जैसे माइक्रोवेव का खाना बार-बार गर्म करने पर अपनी ताज़गी खो देता है, वैसे ही रिश्ते भी बार-बार टूटने-जुड़ने में अपना मूल स्वाद खो देते हैं। नतीजा? एक खालीपन, जो न समझ आता है, न बयाँ होता है। क्या रास्ता है? क्या हम इस माइक्रोवेव पीढ़ी के चक्रव्यूह से निकल सकते हैं? हाँ, बशर्ते हम अपनी प्राथमिकताएँ बदलें। रिश्तों को फिर से समय, धैर्य, और मेहनत की सौगात देनी होगी। तकनीक ने हमें जोड़ा है, मगर वह जोड़ सतही है। असली रिश्ता तब बनता है जब स्क्रीन की चमक छोड़कर हम एक-दूसरे की आँखों में झाँकें, मैसेज की जगह दिल से दिल की बात करें, और लाइक्स की बजाय विश्वास का आलिंगन दें। रिश्ते कोई इंस्टेंट रेसिपी नहीं-वे एक लंबी यात्रा हैं, जहां गलतियां, गलतफहमियां, और उतार-चढ़ाव स्वाभाविक हैं। मगर इन्हीं से पार पाने की कोशिश रिश्तों को अनमोल बनाती है। हर रिश्ता परफेक्ट नहीं होता। दोस्ती में अनबन, प्यार में तकरार, और परिवार में मतभेद तो होंगे। लेकिन इन सबके बीच रिश्तों को सहेजने की जिद ही उन्हें अटूट बनाती है। माइक्रोवेव की गर्माहट पल भर में ठंडी पड़ जाती है, पर चूल्हे की आँच पर पकाया खाना समय माँगता है, देखभाल माँगता है, और बदले में वह स्वाद देता है जो दिल-ओ-दिमाग में बस्ता है। रिश्ते भी ऐसे ही हैं-उन्हें धैर्य, देखभाल, और प्यार की आँच चाहिए, जो समय के साथ और गहरी होती है।आज हमें खुद से सवाल करना होगा-क्या हम रिश्तों को महज सुविधा की तरह देखना चाहते हैं, या उनकी गहराई को फिर से जीना चाहते हैं? **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# बिहार में 14 लाख फर्स्ट टाइम वोटर करेंगे मतदान : सीईसी ज्ञानेश कुमार

**सीईसी ज्ञानेश :** चुनाव होंगे शांतिपूर्ण पारदर्शी और सुगम



- पिछला बिहार विधानसभा चुनाव 2020 में तीन चरणों में हुआ था।
- मतदाता सूची का शुद्धिकरण विशेष पिछला बिहार विधानसभा चुनाव 2020 में तीन चरणों में हुआ था।
- मतदाता सूची का शुद्धिकरण विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत किया गया, 30 सितंबर को अंतिम सूची जारी।
- नरीक्षण के तहत किया गया, 30 सितंबर को अंतिम सूची जारी।

- **बिहार विधानसभा चुनाव** का कार्यक्रम निर्वाचन आयोग ने किया घोषित।
- राज्य में कुल **90,712 पोलिंग** बूथ होंगे – 13,911 शहरी और 76,801 ग्रामीण क्षेत्र में।
- **1,044 बूथों** की जिम्मेदारी महिलाओं को सौंपी गई।
- कुल मतदाता संख्या **7.43 करोड़** – 3.92 करोड़ पुरुष, 3.50 करोड़ महिलाएं और 1,725 थर्ड जेंडर।
- 7.2 लाख दिव्यांग व 4.04 लाख 85 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिक भी वोटर सूची में शामिल।
- **14 हजार मतदाता** 100 वर्ष से अधिक उम्र के, जबकि 14 लाख प्रथम बार वोटर।

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बिहार विधानसभा चुनाव का बिगुल बज गया है। सोमवार को भारतीय निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि बिहार में इस बार 90,712 पोलिंग बूथ होंगे। शहरी क्षेत्रों में 13,911 और ग्रामीण क्षेत्रों में 76,801 बूथ होंगे। 1,044 पोलिंग बूथों की जिम्मेदारी महिलाओं के पास होगी। सीईसी ज्ञानेश कुमार ने जानकारी दी कि बिहार में कुल मतदाताओं की संख्या लगभग 7.43 करोड़ है। इनमें लगभग 3.92 करोड़ पुरुष और करीब 3.50 करोड़ महिला मतदाता हैं। उन्होंने बताया कि 1,725 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। करीब 7.2 लाख दिव्यांग मतदाता, 4.04 लाख 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक भी वोटर सूची

### इस बार 90,712 पोलिंग बूथ होंगे




में हैं, जबकि 100 साल के अधिक उम्र की मतदाताओं की संख्या 14 हजार है। फर्स्ट टाइम वोटर लगभग 14 लाख हैं।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीईसी ज्ञानेश कुमार ने कहा कि इस बार बिहार के चुनाव मतदाताओं के लिए सुगम और सरल होंगे। पूरी चुनावी मशीनरी तत्परता के साथ मतदाताओं के साथ खड़ी रहेगी। कानून व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी और चुनाव पूरी तरह से शांतिपूर्ण व पारदर्शी तरीके से कराए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि 24 जून को शुरू हुए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के जरिए बिहार में मतदाता सूची का शुद्धिकरण किया गया। एक अगस्त को ड्राफ्ट सूची जारी हुई और सभी राजनीतिक दलों को सौंपी गई। एक अगस्त से एक सितंबर तक आपत्ति और दावे के लिए समय दिया गया। पात्रता के परीक्षण के बाद 30 सितंबर को फाइनल मतदाता सूची जारी की गई। यह सूची भी सभी राजनीतिक दलों को दी जा चुकी है।

उन्होंने जानकारी दी कि मतदाता सूची में अगर कोई गलत रह गई है तो जिलाधिकारी के पास अपील की जा सकती है। अगर किसी का नाम छूटा है तो वह नॉमिनेशन के 10 दिन पहले तक जुड़वा सकता है।

बता दें कि 2020 में बिहार विधानसभा चुनाव तीन चरणों में हुए थे। पहले चरण में 28 अक्टूबर 2020 को 71 विधानसभा सीटों के लिए वोटिंग हुई थी, जबकि दूसरे चरण में 3 नवंबर को 94 सीट और तीसरे चरण में 7 नवंबर को 78 सीटों पर मतदान संपन्न हुआ। मतगणना 10 नवंबर को हुई थी।

अखंड भारत की हुंकार

# पीओके हमारा कमरा, उसे लेकर रहेंगे : मोहन भागवत



**एजेंसी। नई दिल्ली**

संपूर्ण भारत की एकता पर ज़ोर देते हुए, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने भारत के विभाजन का ज़िक्र किया और कहा कि हमारे घर का एक कमरा जो किसी ने हड़प लिया है, उसे वापस लेना होगा। सतना में सिंधी कैंप में एक गुरुद्वारे का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए, भागवत ने कहा कि भारत के विभाजन ने उन लोगों को विस्थापित कर दिया जिन्हें अपना घर और सामान छोड़ना पड़ा। भागवत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को भारत का एक कमरा बताया जिस पर अजनबियों ने कब्ज़ा कर लिया है और कहा कि इसे वापस लेना ही होगा। भागवत ने कहा, "कई सिंधी भाई यहाँ बैठे हैं। मुझे बहुत खुशी है। वे पाकिस्तान नहीं गए; वे अविभाजित भारत गए। परिस्थितियों ने हमें उस घर से यहाँ भेजा है क्योंकि वह घर और यह घर अलग नहीं हैं।" इस पर उपस्थित लोगों ने ज़ोरदार तालियाँ बजाईं। उन्होंने कहा कि पूरा भारत एक घर है, लेकिन किसी ने हमारे घर का एक कमरा हटा दिया है जहाँ मेरी मेज़, कुर्सी और कपड़े रखे रहते थे। उन्होंने उस पर कब्ज़ा कर लिया है। कल मुझे उसे वापस ले जाना होगा। आरएसएस प्रमुख की यह टिप्पणी पीओके में बढ़ती अशांति के बीच आई है, जहाँ स्थानीय लोग पाकिस्तानी शासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। हज़ारों निवासी अवामी एक्शन कमेटी (एएसी) द्वारा आयोजित रैलियों में शामिल हुए और आर्थिक सहायता और राजनीतिक सुधारों की मांग की। संघ प्रमुख ने कहा, ''आज हम लोगों की स्थिति ऐसी है कि हम एक टूटा हुआ आईना देखकर अपने आपको अलग मान रहे हैं। एकता चाहिए... झगड़ा क्यों है? चाहे हम अपने आप को किसी भी या संप्रदाय का कहें लेकिन यह सत्य है कि हम सब एक हैं। हम सब लोग हिन्दू हैं।'' भागवत ने कहा कि एक चतुर अंग्रेज यहां आया, हमसे लड़ाई की, हमें हराकर हम पर राज किया। उन्होंने कहा कि उसने हमारे हाथ से आध्यात्मिकता का दर्पण छीन लिया और उसकी जगह भौतिकवाद का टूटा हुआ दर्पण थमा दिया। तब से हम खुद को अलग-अलग मानने लगे और छोटी-छोटी बातों पर झगड़ने लगे। उन्होंने यह भी कहा कि यह प्रसन्नता की बात है कि बंटवारे के समय सिंधी समुदाय के लोग पाकिस्तान नहीं गए, बल्कि वे अविभाजित भारत आए।

## बिहार चुनाव में 500 से अधिक सीएपीएफ कंपनियां होंगी तैनात

**बिहार।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले सुरक्षा तैयारियों के तहत 500 से अधिक सीएपीएफ कंपनियों को तैनात किया जा रहा है, जिसका लक्ष्य शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करना है। यह तैनाती बूथ कैप्चरिंग और चुनावी हिंसा जैसी ऐतिहासिक चुनौतियों को रोकने के लिए महत्वपूर्ण है, और इसकी कुल संख्या बढ़कर 1,600 कंपनियों तक जा सकती है। यह कदम बिहार की चुनावी प्रक्रिया में विश्वसनीयता बढ़ाने की दिशा में एक अहम प्रयास है। सुरक्षा तैयारियों के एक बड़े कदम के तहत, बिहार में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले 5,000 से अधिक कर्मियों वाली केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) की 500 से अधिक कंपनियों को पूरे बिहार में तैनात करने के लिए चिह्नित किया गया है। इस तैनाती में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 121 कंपनियां और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की लगभग 400 कंपनियां शामिल हैं, साथ ही भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी), केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) जैसे अन्य सीएपीएफ की टुकड़ियाँ भी शामिल हैं। 400 कंपनियों में से, बीएसएफ की 99 कंपनियां पहले ही बिहार पहुंच चुकी हैं, और अन्य सीएपीएफ टुकड़ियों की आवाजाही जारी है। सूत्रों के अनुसार, सुरक्षा आकलन और गृह मंत्रालय (एमएचए) के आगे के निर्देशों के आधार पर कंपनियों की कुल संख्या बढ़ सकती है। चुनावों के दौरान तैनाती अंततः लगभग 1,600 कंपनियों तक बढ़ सकती है।

## पकड़ा गया पहलगाम के आतंकवादी का मददगार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा पिछले महीने गिरफ्तार किए गए मोहम्मद यूसुफ कटारी ने 22 अप्रैल के पहलगाम हमले में शामिल आतंकवादियों से चार बार मुलाकात की थी और उन्हें एक 'एंड्रॉइड' फोन का चार्जर दिया था तथा इसी एक महत्वपूर्ण सबूत के आधार पर वह पकड़ा गया। यूसुफ कटारी को पहलगाम में 26 लोगों की गोली मारकर हत्या करने वाले सुलेमान उर्फ आसिफ, जिबरान और हमजा अफगानी को महत्वपूर्ण रसद सहायता प्रदान करने के आरोप में सितंबर के अंतिम सप्ताह में गिरफ्तार किया गया था। अधिकारियों के अनुसार, कटारी (26) ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि वह श्रीनगर शहर के बाहर जबरवान पहाड़ियों में इन तीनों लोगों से चार बार मिला था। कई सप्ताह की जांच के बाद उसकी गिरफ्तारी हुई। यह सफलता 'ऑपरेशन महादेव' के स्थल से प्राप्त सामग्री के गहन फॉरेंसिक विश्लेषण के बाद मिली। 'ऑपरेशन महादेव' जुलाई में शुरू किया गया आतंकवाद-रोधी अभियान था। इस अभियान के दौरान पहलगाम नरसंहार में शामिल तीन आतंकवादियों को श्रीनगर के बाहरी इलाके में जबरवान रेंज की तलहटी में ढेर कर दिया गया था।

## 130 एकड़ में फैली सहारा सिटी हो गई सील, बना ली थी आलीशान कोठी

**नवीन मेल संवाददाता**



**लखनऊ।** नगर निगम ने सोमवार को आखिरकार सहारा सिटी को सील कर दिया। यह कार्रवाई सहारा इंडिया परिवार को दी गई मियाद खत्म होने के बाद की गई। नगर निगम ने भारी पुलिस बल के साथ इस 130 एकड़ की संपत्ति को अपने कब्जे में लिया। इस संपत्ति को मूल रूप से 40 एकड़ ग्रीन बेल्ट और शेष पर आवासीय कॉलोनी विकसित करने के लिए आवंटित किया गया था। हालांकि, सहारा ने यहां एक आलीशान कोठी बना ली थी।सीलिंग के दौरान सहारा के कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि पहले अंदर मौजूद परिवारों को बाहर निकाला जाए। यह मामला 1997 में लीड डीड रद्द होने के बाद से कोर्ट में था। 1 अक्टूबर को भी सीलिंग का प्रयास किया गया था, लेकिन तब सहारा के प्रतिनिधियों ने तीन दिन का समय मांगा था। यह समय सीमा सोमवार को समाप्त हो गई। सीलिंग के समय भारी पुलिस बल और पीएसी बल मौजूद रहा। सुब्रतो राय की हवेली कुल 130 एकड़ जमीन पर बनी हुई है। इसमें उनकी पत्नी सपना रॉय रहा करती थीं। कुछ दिनों पहले वो यहां से चली गई थीं। सीलिंग की कार्रवाई के दौरान कई कर्मचारी मौजूद रहे। इन लोगों ने नगर निगम की टीम से कहा कि सहारा सिटी में कई परिवार अब भी रह रहे हैं। उन पर कोई एक्शन नहीं लिया जा रहा है। कई दिनों से कर्मचारी सहारा सिटी में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका कहना था कि यहां रहने वाले परिवारों को पहले बाहर निकाला जाए, तभी वे यहां से जाएंगे।

## बिहार विधानसभा चुनाव के लिए हम तैयार: तेज प्रताप यादव

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद राज्य में सियासी हलचल तेज हो गई है। इसी बीच, बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और जनशक्ति जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेज प्रताप यादव ने आगामी चुनाव को लेकर बड़ा बयान दिया। तेज प्रताप यादव ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से खास बातचीत में कहा कि चुनाव तो होना ही है और हम अपने जनशक्ति जनता दल की तरफ से इस चुनाव का सामना करेंगे। लड़ाई को लड़ने का काम करेंगे। परसों (बुधवार को) हम लोग प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपने उम्मीदवारों का ऐलान करेंगे। तेज प्रताप ने साफ किया कि उनकी पार्टी पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरने जा रही है और आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता को एक मजबूत विकल्प देगी। बता दें कि चुनाव आयोग ने सोमवार को बिहार की सभी 243 सीटों पर दो चरणों में मतदान कराने का ऐलान किया है।

तमिलनाडु की पहचान पर हमला, स्टालिन बोले

## हिंदी थोपने व आरएसएस की मनुस्मृति सोच के खिलाफ है ये लड़ाई

**एजेंसी। चेन्नई**



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने राज्यपाल रवि के सवाल पर पलटवार करते हुए कहा कि राज्य हिंदी थोपने, आरएसएस की विचारधारा और केंद्र के अतिक्रमण के खिलाफ लड़ रहा है। उन्होंने शिक्षा के लिए हिंदी की अनिवार्यता, संविधान की गरिमा को ठेस पहुँचाने और संघीय अधिकारों के हनन को राज्य के संघर्ष का मुख्य कारण बताया। यह बयान केंद्र-राज्य संबंधों और सांस्कृतिक पहचान की रक्षा पर जोर देता है।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने रविवार को राज्यपाल आरएन रवि पर पलटवार करते हुए उन कई लड़ाइयों का ज़िक्र किया जो राज्य लड़ रहा है, संघीय अधिकारों की रक्षा से लेकर सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता की रक्षा तक। राज्यपाल रवि ने पहले टिप्पणी की थी कि उन्होंने राज्य भर की दीवारों पर 'तमिलनाडु पोराडुम' (तमिलनाडु लड़ेगा) जैसे नारे लिखे देखे थे और सवाल किया था। किससे लड़ें? कोई भी तमिलनाडु के खिलाफ नहीं लड़ रहा है। राज्यपाल की इस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कि तमिलनाडु किसके खिलाफ लड़ रहा है? स्टालिन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि राज्य अहंकार, कट्टरता और षड्यंत्रों" के खिलाफ लड़ता है जो शिक्षा, समानता और लोकतंत्र को कमजोर करते हैं।

## आज का राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज आपके मन में प्रेम और सहयोग की भावना बनी रहेगी और आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। सरकारी मामले में आप लापरवाही बिल्कुल ना करें और अपने धन को आपको थोड़ा सही इस्तेमाल करना होगा।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य के लिहाज से सचेत रहने के लिए रहेगा। यदि आपको कोई पुरानी समस्या चली आ रही थी, तो उससे सबको राहत मिलेगी। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

**मिथुन :** आज का दिन रोजगार को लेकर परेशान चल रहे लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है, उन्हें किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है। आपके मित्र आपको काम को लेकर कोई अच्छा सा जवाब देंगे। आज आप अपनी पोस्ट का गलत फायदा उठाने की कोशिश न करें।

**कर्क :** आज आपको अच्छी सोच का आपको लाभ मिलेगा। किसी सामाजिक कार्यक्रम में आपको मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। बच्चे आपके साथ कहीं घूमने-फिरने की जिद कर सकते हैं। आज का दिन आपके लिए किसी मन की इच्छा की पूर्ति के करने के लिए रहेगा।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए सेहत के मामले में सचेत रहने के लिए रहेगा, क्योंकि आप अपने खानपान में लापरवाही करेंगे। आपको अपने परिवार में वरिष्ठ सदस्यों की सेवा के लिए भी कुछ समय निकालेंगे। वाहन की अकस्मात खराबी के कारण आप किसी नए वाहन की खरीदारी की प्लानिंग कर सकते हैं।

**कन्या :** आज आपकी कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी। आज अच्छी सोच का आपको लाभ मिलेगा। आपके बॉस से आपको शाबाशी मिल सकती हैं। बिजनेस में कुछ उतार-चढ़ाव आएंगे, लेकिन आप उनसे घबराएंगे नहीं। आपका अपने किसी पारिवारिक समस्या को लेकर आपका मन परेशान रहेगा।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याओं से राहत मिलेगी। आप अपने घर के साथ-साथ बाकी कामों पर भी पूरा ध्यान देंगे। जीवनसाथी को शॉपिंग आदि पर लेकर जा सकते हैं। आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन लोगों इसे आपका स्वार्थ समझ सकते हैं।

**वृश्चिक :** आज आपको लेनदेन से संबंधित मामलों में लापरवाही नहीं करनी है। ससुराल पक्ष का कोई व्यक्ति आपसे मेल-मिलाप करने आ सकता है। आप अपनी संतान को किसी सरकारी कोचिंग की तैयारी करा सकते हैं। आपकी जल्दबाजी की आदत के कारण आपसे कोई गड़बड़ी हो सकती है।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अच्छा रहेगा। आपको अपने भाई-बहनों का पूरा साथ मिलेगा। धन को लेकर भी आप बचत की योजनाओं पर पूरा ध्यान देंगे, जिससे आप भविष्य को लेकर भी कुछ इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपको किसी नए काम को करने की इच्छा जागृत हो सकती है। सरकारी मामलों में लापरवाही करने से आपको कोई बड़ा खमियाजा भुगतना पड़ेगा। प्रॉपर्टी डिलिंग में आप थोड़ा सोच समझकर ही आगे बढ़ें।

**कुंभ :** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपकी कला कौशल में निखार आएगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता भी बेहतर रहेगी। आप आज एक बड़ा लक्ष्य लेकर चलेंगे, तभी वह आसानी से पूरा हो सकेगा। आप वाहनों के प्रयोग से थोड़ा सावधानी बरतें।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए कुछ कठिन रहने वाला है। आपका अपने किसी सहयोगी से भी बेवजह का लड़ाई-झगड़ा होने की संभावना है। परिवार में किसी सदस्य से आपको खरी खोटी सुनने को मिल सकती है। जीवनसाथी की किसी शारीरिक समस्या को लेकर अपना परेशान रहेंगे।

14 नवंबर को बिहार में परिवर्तन की शुरुआत

## बिहार को शेर जैसा सीएम चाहिए: तेजस्वी यादव

- इशारों में सीएम नीतीश कुमार पर निशाना, कहा – "बिहार को ऐसा मुख्यमंत्री चाहिए जो शेर की तरह हक के लिए लड़े।"
- उन्होंने बिहार की जनता से महागठबंधन सरकार बनाने के लिए एकजुट होने की अपील की

**एजेंसी। पटना**



### तेजस्वी यादव का हमला: 20 साल में बिहार ने सिर्फ दर्द, भ्रष्टाचार और कुशासन झेला

तेजस्वी ने सवाल करते हुए कहा कि 20 साल तक बिहार ने क्या-क्या नहीं सहा। दुःख, पीड़ा, जख्म, अपराध, मारपीट, गुंडई, हत्या, लूट, चोरी, बलात्कार, मुजफ्फपुर बालिका गृह कांड जैसे भयावह अपराध, घूसखोरी, भ्रष्टाचार, 100 से अधिक घोटाले, हकमारी, माइक्रोफाइनेंसिंग कंपनियों की ब्याज और कर्जा को लेकर गुंडागर्दी, पेपरलीक, षड्यंत्र, जनादेश की चोरी, लाठीचार्ज, थप्पड़, अपमान, महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी, पलायन, बेरोजगारी, महंगाई, बाढ़, सुखाड़, ठनका, ओलावृष्टि, कुदृष्टि, कुशासन, अस्पताल स्कूल की जर्जर हालत, मरीजों के इलाज में लापरवाही, साइबर क्राइम, जमीन कब्जा, एसिड अटैक, डिग्री में फर्जीवाड़ा, पुल गिरना, सड़क धंसना, भवन गिरना, वोट चोरी, सीनाजोरी, अफसरशाही, तानाशाही, महाजंगल राज और भी ना जाने क्या क्या आफत? उन्होंने कहा कि 20 साल से बिहार इन आफ़तों से लड़ रहा है, इस उम्मीद में कि एक दिन ये सब खत्म होगा लेकिन अफ़सोस पिछले बीस सालों में एक भी दिन बिहारवासियों को इन मुसीबतों से मुक्ति नहीं मिली।

बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद नेता प्रतिपक्ष और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने सोमवार को एक भावनात्मक संदेश साझा किया। इस संदेश में उन्होंने 14 नवंबर 2025 को बिहार के सुनहरे भविष्य, परिवर्तन और विकास की शुरुआत की तारीख बताया। उन्होंने इस पोस्ट के जरिए बिहार की जनता से अपील की कि आने वाले विधानसभा चुनाव में पूरा राज्य महागठबंधन की सरकार बनाने के लिए एकजुट होकर काम करे।

तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बिहारवासियों को संबोधित करते हुए पोस्ट में लिखा, "14 नवंबर 2025, इस तारीख को हम सभी को याद कर लेना है। इतिहास के पन्नों को भविष्य में जब भी पलटा जाएगा तो ये तारीख बिहार के सुनहरे भविष्य, परिवर्तन, विकास और बुलंदी की शुरुआत बनकर हमेशा स्वर्ण अक्षरों में दिखेगी। परिवर्तन का बिगुल बज चुका है, जनता की जीत का शंखनाद हो चुका है। बस अब पूरे मनोयोग, समस्त ऊर्जा का संचय कर प्रत्येक बिहारवासी को जुट जाना है, महागठबंधन की सरकार बनाने के लिए।

उन्होंने कहा कि बदलाव को आतुर बिहार 20 साल बाद अब परिवर्तन के लिए वोट करेगा। देश में सबसे अधिक युवाओं की आबादी वाले प्रदेश में अबकी बार युवा बेरोजगारी को खत्म करने के लिए वोट करेंगे। बिहार में एक भी ऐसा घर नहीं बचेगा जिसका युवा बेरोजगार रहेगा। सबको तेजस्वी सरकारी नौकरी देगा। जो काम एनडीए सरकार 17 सालों में नहीं कर पाई वो हमने 17 महीनों में करके दिखाया। 20 सालों में जो काम यह सरकार नहीं कर पाई है अब वो हम 20 महीनों में करके दिखाएंगे। सबके सहयोग से बेहतर, विकसित और नया बिहार बनायेंगे। इशारों-इशारों में सीएम नीतीश कुमार को घेरते हुए तेजस्वी ने आगे कहा कि बिहार को ऐसा सीएम चाहिए जो अचेत, अवस्थ अवस्था में होकर अनेक मानसिक बीमारियों से पीड़ित ना हो। ऐसा मुख्यमंत्री जो हाथ जोड़ कर गिड़गिड़ाए नहीं बल्कि बिहार के हक के लिए शेर की तरह गुर्राना जानता हो, वो जिसकी ललकार ऐसी हो की अपराधी थर्र-थर्र कांपे, जिसकी हुंकार ऐसी हो कि भ्रष्टाचार का नामोनिशान मिटा दे और जिसकी इच्छाशक्ति ऐसी हो कि बिहार के रोजगार, सुख, समृद्धि और शांति के सपनों को पूरा कर पाये। मैं आप सभी बिहारवासियों का धन्यवाद कर आपको विश्वास दिलाता हूं कि आपकी और हमारी सरकार बनने के साथ ही पहले दिन से बिहार परिवर्तन की नई गौरव गाथा लिखना शुरू कर देगा।

## इस बार भी विकास की राजनीति को चुनेगी बिहार की जनता: अमित शाह

- केंद्रीय गृह मंत्री ने लोकतंत्र के महापर्व के रूप में चुनाव का स्वागत किया
- एनडीए सरकार के विकास और सुशासन को लेकर जनता से समर्थन की अपील
- उत्तर प्रदेश के केशव प्रसाद मौर्य ने जनता से मताधिकार का प्रयोग करने का आह्वान किया
- जदयू कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने चुनाव को बिहार के अगले 25 साल के विकास की दिशा तय करने वाला बताया
- चुनाव में उद्योग स्थापना, स्वरोजगार, युवाओं को रोजगार, किसानों और महिलाओं के हित सुनिश्चित करने की उम्मीद जताई गई

**एजेंसी। नई दिल्ली**



बिहार में विधानसभा चुनावों की तारीखों का ऐलान हो गया है। बिहार में दो चरणों में चुनाव होंगे। पहले चरण के लिए 6 नवंबर और दूसरे चरण के लिए 11 नवंबर को वोट डाले जाएंगे और 14 नवंबर को वोटों की गिनती होगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई नेताओं ने चुनाव का स्वागत किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि चुनाव आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा कर दी है। लोकतंत्र के इस महापर्व के लिए समस्त बिहारवासियों को बधाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने बिहार को जंगलराज से निकालकर विकास और सुशासन की नई दिशा दी है। आज बिहार, गरीब कल्याण के साथ इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य, शिक्षा हर क्षेत्र में ऐतिहासिक बदलाव का साक्षी बन रहा है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि बिहार की जनता इस बार भी विकास की राजनीति को चुनेगी। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि चुनाव आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव की मतदान और मतगणना की तारीखों का ऐलान कर दिया है। दो चरणों में संपन्न होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव 6 नवंबर और 11 नवंबर को होंगे तथा मतगणना 14 नवंबर को होगी। लोकतंत्र की जननी बिहार की जागरूक जनता से यह अपील है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग करें और राज्य के सतत विकास एवं प्रगति के लिए फिर से एनडीए गठबंधन को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाएं। बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने बिहार चुनाव की तारीखों की घोषणा पर कहा, "लोकतंत्र के महापर्व में चुनाव आयोग की अपनी जिम्मेदारी है। उनके द्वारा लिया गया निर्णय और तय किया गया समय का लोकतंत्र के प्रेमी स्वागत करेंगे। जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने कहा कि बिहार में आगामी 6 और 11 नवंबर को वोट डाले जाएंगे और 14 नवंबर को नतीजे घोषित होंगे। चुनाव आयोग द्वारा बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तारीखों की घोषणा का जदयू परिवार की ओर से स्वागत है। यह विधानसभा चुनाव इसलिए बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे अगले पांच साल के लिए नई सरकार के साथ-साथ अगले 25 साल के लिए बिहार के विकास की दिशा और भविष्य भी तय होगा। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में बिहार की जनता अगले पांच साल में बिहार के हर जिले में उद्योग लगाने, दो करोड़ से अधिक माताओं-बहनों के स्वरोजगार के सपनों को पूरा करने, एक करोड़ से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी या रोजगार दिलाने, करीब दो करोड़ उपभोक्ताओं को 125 यूनिट निःशुल्क बिजली का लाभ मिलना जारी रखने, राज्य के किसानों, बुजुर्गों और महिलाओं का सम्मान बनाए रखने के लिए वोट करेगी। बिहार में इस समय कुल 1 लाख 84 हजार 246 करोड़ रुपए के एक्सप्रेसवे और हाईवे बन रहे हैं। इस चुनाव में बिहार की जनता अगले पांच साल में उन परियोजनाओं को पूरा कराने और राज्य के किसी भी कोने से 3.5 घंटे में पटना पहुंचने के सपने को धरातल पर साकार करने के लिए वोट करेगी।

# आसिम मुनीर ने अमेरिका को भेजी रेयर अर्थ मिनरल्स की पहली खेप

## पाकिस्तान में भड़के लोग, शुरू हुआ विरोध

**एजेंसी । नई दिल्ली**

पाकिस्तान ने पिछले महीने एक अमेरिकी कंपनी के साथ कर्ज में डूबे देश के खनिज संसाधनों की खोज और विकास के लिए हुए समझौते के बाद, अमेरिका को दुर्लभ मृदा और महत्वपूर्ण खनिजों की अपनी पहली खेप भेज दी है। इस सौदे और खेप के बाद पाकिस्तान में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने अमेरिका के साथ हुए "गुप्त सौदों" पर चिंता जताई है। डॉन अखबार की एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका को भेजी गई खेप में एंटीमनी, कॉपर कॉन्संट्रेट और नियोडिमियम व प्रेजोडायमियम जैसे दुर्लभ मृदा तत्व शामिल हैं।

**सितंबर में हुआ था समझौता :** यूएस स्ट्रैटेजिक मेटल्स (यूएसएसएम) ने सितंबर में पाकिस्तानी सैन्य इंजीनियरिंग शाखा, फ्रंटियर वर्क्स ऑर्गनाइजेशन (एफडब्ल्यूओ) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए था। समझौते के तहत पाकिस्तान में खनिज प्रसंस्करण और विकास सुविधाएं स्थापित करने के लिए लगभग 50 करोड़ डॉलर का निवेश किया जाएगा। यूएसएसएम ने इस आपूर्ति को "पाकिस्तान और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच रणनीतिक साझेदारी में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर" बताया है।



### वायरल हुई थी डोनाल्ड ट्रंप और मुनीर की तस्वीर

पाकिस्तान की ओर से अमेरिका को रेयर अर्थ मिनरल्स की पहली खेप ऐसे समय पर भेजी गई है जब हाल ही में व्हाइट हाउस की ओर से एक तस्वीर जारी की गई थी जिसमें आसिम मुनीर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को एक ब्रीफकेस में पत्थर के कुछ रंगीन टुकड़े दिखा रहे थे। बताया गया था कि ये टुकड़े पाकिस्तान में पाए जाने वाले रेयर अर्थ मिनरल है। वह तस्वीर सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई थी।

### ये है पाकिस्तान की सच्चाई

द डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान की खनिज संपदा का अनुमान लगभग 6 ट्रिलियन डॉलर लगाया जाता है, जो इसे दुनिया के सबसे संसाधन संपन्न देशों में से एक बनाता है। हालांकि, कई बहुराष्ट्रीय कंपनियां वादा किए गए खनिज संपदा को पाने में विफल रहने के कारण पाकिस्तान छोड़कर भाग गई हैं।

### पीटीआई ने कर डाली बड़ी मांग

द डॉन के अनुसार, इमरान खान के नेतृत्व वाली पीटीआई पाकिस्तान सरकार से अमेरिका और अमेरिकी कंपनियों के साथ हुए समझौतों का पूरा विवरण सार्वजनिक करने की मांग कर रही है। पीटीआई के सूचना सचिव शेख वकास अकरम ने सरकार से अमेरिका के साथ कथित गुप्त सौदों का विवरण सार्वजनिक करने की मांग की है। पार्टी ने कहा कि संसद और राष्ट्र को इसमें शामिल किया जाना चाहिए और "ऐसे सभी सौदों का पूरा विवरण सार्वजनिक किया जाना चाहिए।

- *खेप में शामिल एंटीमनी, कॉपर, नियोडिमियम और प्रेजोडायमियम जैसे महत्वपूर्ण खनिज*
- *इमरान खान की पीटीआई ने "गुप्त सौदों" पर जताई गंभीर चिंता*

# मानव इतिहास बदलने की दिशा में चीन में मिली 10 लाख साल पुरानी खोपड़ी

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** लंदन के नेचुरल हिस्ट्री म्यूजियम के प्रमुख पैलियो एंथ्रोपोलॉजिस्ट क्रिस स्ट्रिंगर ने हाल ही में अपने एक्स हैंडल (@ChrisStringer65) पर एक महत्वपूर्ण खोज की जानकारी साझा की। यह खोज मध्य चीन के युन्नान प्रांत में 1989 में नदी के किनारे मिली एक टूटी-फूटी मानव खोपड़ी से संबंधित है, जिसे अब युनशियन 2 ( नाम दिया गया है। यह खोपड़ी करीब 10 लाख साल पुरानी मानी जा रही है और इसके विश्लेषण ने मानव विकास की समयरेखा और प्रजातियों के विभाजन के बारे में अब तक की समझ को चुनौती दी है। यह खोज न केवल मानव इतिहास की समझ को गहरा करती है, बल्कि इसे नए सिरे से लिखने की क्षमता भी रखती है।



एआई जेनरेटेड

**खोज का वैज्ञानिक विश्लेषण व पुनर्निर्माण :** 1989 में मिली इस खोपड़ी को उस समय सटीक रूप से अध्ययन करना संभव नहीं था, क्योंकि तकनीकी सीमाओं के कारण इसके टूटे हुए हिस्सों का विश्लेषण चुनौतीपूर्ण था। हालांकि, हाल के वर्षों में उन्नत तकनीकों, विशेष रूप से हाई-रिजॉल्यूशन सीटी स्कैनिंग और डिजिटल पुनर्निर्माण तकनीकों के उपयोग ने इस खोपड़ी की संरचना को फिर से जीवंत कर दिया। शोधकर्ताओं ने इस खोपड़ी की तुलना मानव विकास के रिकॉर्ड में मौजूद 100 से अधिक जीवाश्मों के साथ की, जिसमें होमो सेपियंस, निएंडरथल्स, डेनिसोवन्स और होमो इरेक्टस जैसे प्रजातियों के अवशेष शामिल थे। इस तुलनात्मक अध्ययन ने खोपड़ी की प्रजाति और उसकी उत्पत्ति के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

**होमो लोंगी: डेनिसोवन्स से संबंध और नई खोज :** साइंस जर्नल में प्रकाशित एक शोध पत्र के अनुसार, यह खोपड़ी होमो लोंगी प्रजाति से संबंधित है, जिसे 'ड्रैगन मैन' के नाम से भी जाना जाता है। पहले यह माना जाता था कि यह खोपड़ी होमो इरेक्टस की हो सकती है, लेकिन गहन विश्लेषण ने इसे डेनिसोवन्स से जोड़ा है, जो एक प्राचीन मानव प्रजाति है और जो अब विलुप्त हो चुकी है। होमो लोंगी की यह खोपड़ी अपनी विशिष्ट विशेषताओं के लिए उल्लेखनीय है—यह आकार में बड़ी और लंबी है, जिसमें चौड़ा ऊपरी चेहरा, प्रमुख भौंह रिज और चौड़ा नासिका मार्ग शामिल है। ये विशेषताएँ इसे निएंडरथल्स और होमो सेपियंस से अलग करती हैं, लेकिन डेनिसोवन्स के साथ इसकी निकटता को दर्शाती हैं।

**मानव विकास की समयरेखा को चुनौती :** पारंपरिक रूप से, वैज्ञानिक मानते थे कि होमो सेपियंस, निएंडरथल्स और डेनिसोवन्स लगभग 5,00,000 से 7,00,000 साल पहले एक साझा पूर्वज से अलग हुए थे। लेकिन युनशियन 2 की खोज और इससे पहले की एक अन्य स्टडी, जिसमें इस खोपड़ी की उम्र 10 लाख से 11 लाख साल के बीच अनुमानित की गई थी, ने इस समय रेखा को पूरी तरह से बदल दिया है। शोधकर्ताओं का मानना है कि होमो सेपियंस और डेनिसोवन्स के पूर्वज लगभग 13.2 लाख साल पहले एक ही थे, जबकि निएंडरथल्स का विकास 13.8 लाख साल पहले शुरू हुआ। यह खोज इस बात का प्रमाण देती है कि मानव प्रजातियों का विभाजन अनुमान से कहीं पहले हुआ, जिससे मानव विकास की कहानी को नए दृष्टिकोण से देखने की जरूरत पड़ रही है।

### वैज्ञानिक महत्व और भविष्य की संभावनाएं

क्रिस स्ट्रिंगर ने वाशिंगटन पोस्ट को बताया कि युनशियन 2 की खोज मानव विकास के अध्ययन में एक "गेम-चेंजर" है। उन्होंने कहा, "यह खोपड़ी न केवल अपनी उम्र और संरचना के कारण महत्वपूर्ण है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि होमो लोंगी का विकास निएंडरथल्स और होमो सेपियंस की तरह ही तेजी से और जटिल रूप से हुआ।" इस खोज ने वैज्ञानिक समुदाय में एक नई बहस को जन्म दिया है, जिसमें मानव प्रजातियों के बीच जेनेटिक और शारीरिक विविधता, उनके प्रवास पैटर्न और पर्यावरण के साथ उनके अनुकूलन पर नए सवाल उठ रहे हैं।इसके अलावा, इस खोज ने डेनिसोवन्स के बारे में हमारी समझ को और गहरा किया है, जिनके जीवाश्म अवशेष बहुत कम मात्रा में मिले हैं। डेनिसोवन्स, जो मुख्य रूप से साइबेरिया और तिब्बत जैसे क्षेत्रों से जुड़े हैं, अब पूर्वी एशिया में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। युनशियन 2 की खोपड़ी इस बात का संकेत देती है कि डेनिसोवन्स की भौगोलिक और आनुवंशिक विविधता पहले की तुलना में कहीं अधिक व्यापक थी।इस तरह युनशियन 2 की खोज मानव विकास के अध्ययन में एक मील का पत्थर है। यह खोपड़ी न केवल यह दर्शाती है कि मानव प्रजातियों का विकास पहले की तुलना में अधिक जटिल और प्राचीन है, बल्कि यह भी संकेत देती है कि हमें अपने पूर्वजों की उत्पत्ति और उनके विकास के रास्तों को समझने के लिए और अधिक गहन शोध की आवश्यकता है। यह खोज वैज्ञानिकों को नए जीवाश्मों की खोज, डीएनए विश्लेषण और प्राचीन पर्यावरण के अध्ययन की दिशा में प्रेरित कर रही है। जैसे-जैसे तकनीक और शोध विधियाँ और विकसित होंगी, यह संभावना है कि युनशियन 2 जैसी खोज मानव इतिहास के और भी अनछुए पहलुओं को उजागर करेंगी, जिससे हमारी प्रजाति की उत्पत्ति की कहानी और अधिक समृद्ध और जटिल होगी।

## पाकिस्तान छोड़कर जा रही कई दिग्गज कंपनियां, बढ़ता आतंकवाद और भ्रष्टाचार है वजह : रिपोर्ट



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** कंगाल पाकिस्तान को ताबड़तोड़ झटके लग रहे हैं। बड़ी-बड़ी कंपनियां पाकिस्तान से अपना बिजनेस समेटकर निकल रही हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान से बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के बाहर जाने को लेकर इस्लामाबाद में चिंता बढ़ रही है। भ्रष्टाचार, आतंकवाद और नियामक बाधाओं ने इन कंपनियों के लिए देश में काम करना मुश्किल बना दिया है। पाकिस्तान मीडिया डॉन की एक रिपोर्ट में भी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के देश छोड़ने का जिक्र किया गया है। बता दें कि पाकिस्तान दुनिया का पांचवां सबसे अधिक आबादी वाला देश है। यहां 24 करोड़ से ज्यादा लोग रहते हैं, इसके बावजूद ये कंपनियां देश छोड़ रही हैं।

## इंडोनेशिया में स्कूल की दीवार गिरने से 53 लोगों की मौत, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

**जकार्ता (आईएएनएस)**



इंडोनेशिया में स्कूल की इमारत गिरने की घटना में मौत का आंकड़ा 53 तक पहुंच चुका है। पूर्वी जावा प्रांत के सिदोअर्जो में स्कूल की इमारत ढह गई, जिससे मलबे में कई लोग फंस गए। अब तक 53 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि पीड़ितों का रेस्क्यू ऑपरेशन अभी भी जारी है। क्षेत्रीय बचाव अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पूर्वी जावा खोज एवं बचाव कार्यालय के प्रमुख नानंग सिगिट के अनुसार, ज्वाइंट रेस्क्यू टीम ने रविवार शाम सिदोअर्जो रीजेंसी के अल खोजिनी इस्लामिक बोर्डिंग स्कूल परिसर के मलबे के नीचे से आठ शव बरामद किए। बता दें कि घटना के बाद लगातार आठवें दिन भी रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है और अब तक कुल 157 पीड़ितों के बारे में जानकारी मिली। पीड़ितों में 104 जीवित बचे हैं और 53 की मौत हो गई। शिन्हुआ न्यूज एजेंसी के अनुसार, स्कूल की यह इमारत 29 सितंबर को ढह गई थी। घटना के दौरान सैकड़ों छात्र वहां नमाज पढ़ रहे थे। घटना किस वजह से हुई, उसे लेकर जांच की जा रही है। सिदोअर्जो के जिला प्रमुख सुबांडी ने पुलिस के पूर्व बयानों की पुष्टि की। पुलिस की ओर से कहा गया था कि स्कूल प्रबंधन परियोजना शुरू करने से पहले आवश्यक निर्माण परमिट प्राप्त करने में विफल रहा था। इंडोनेशिया के 2002 भवन निर्माण संहिता के अनुसार, किसी भी निर्माण गतिविधि से पहले संबंधित अधिकारियों से परमिट प्राप्त करना जरूरी है। नियमों का पालन न करने पर जुर्माना या कारावास हो सकता है। इसके अलावा, यदि उल्लंघन के कारण मृत्यु हो जाती है, तो दंड में 15 साल तक की जेल और 8 अरब रुपिया (लगभग 500,000 डॉलर) तक का जुर्माना शामिल हो सकता है।

फ्रांस में **बड़ी सियासी** हलचल

## प्रधानमंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू ने अपने पद से दिया इस्तीफा

**पेरिस ।** फ्रांस में बड़ी सियासी हलचल हुई है। प्रधानमंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। फ्रांस के राष्ट्रपति कार्यालय ने सेबेस्टियन के इस्तीफे की पुष्टि की है। लेकोर्नू ने एक दिन पहले ही अपने मंत्रिमंडल की घोषणा की थी और वह एक महीने से भी कम समय तक पद पर रहे। फ्रांसीसी राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने लेकोर्नू का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है।



## चीन के युन्नान में बाढ़ को लेकर अलर्ट, इमरजेंसी सेवा एक्टिव...



**बीजिंग (आईएएनएस)।** चीन के राज्य बाढ़ नियंत्रण और सूखा राहत मुख्यालय ने सोमवार को दक्षिण-पश्चिमी युन्नान में बाढ़ नियंत्रण के लिए स्तर-4 इमरजेंसी रिस्पांस को एक्टिव कर दिया। चीनी मुख्यालय ने बाढ़ की स्थिति देखने और उससे प्रभावित लोगों की मदद के लिए एक टीम तैयार की है। मौसम विभाग की ओर से साझा जानकारी के अनुसार मत्मो की वजह से आने वाले दिनों में युन्नान में भारी बारिश की संभावना है। वहीं कुछ क्षेत्रों में 190 एमएम की बारिश हो सकती है। चीन के इमरजेंसी रिस्पांस के चार स्तर हैं। इसका पहला स्तर सबसे ज्यादा गंभीर माना जाता है। ऐसे में अभी लेवल-4 के इमरजेंसी रिस्पांस को एक्टिव किया गया है। चीनी मीडिया के अनुसार, मत्मो तूफान को देखते हुए रविवार को हजारों की संख्या में लोगों को दक्षिणी तटों से हटाया गया है।

## नोबेल पुरस्कार 2025 : चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार का हुआ ऐलान

### मैरी ई. ब्रुनको, फ्रेड रामस्डेल और शिमोन को मिला सम्मान

**एजेंसी । नई दिल्ली**



वर्ष 2025 के नोबेल पुरस्कार की घोषणा सोमवार से शुरू हो गई है। इसकी शुरुआत स्टॉकहोम के कारोलिंस्का संस्थान में एक समिति द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र में पुरस्कार की घोषणा के साथ हुई है। इस साल चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार मैरी ई. ब्रुनको, फ्रेड रामस्डेल और शिमोन साकागुची को दिया गया है। चिकित्सा के क्षेत्र में दिए जाने वाले नोबेल पुरस्कार को आधिकारिक तौर पर 'फिजियोलॉजी या मेडिसिन' का नोबेल पुरस्कार कहा जाता है। यह सम्मान 1901 से 2024 के बीच 115 बार 229 नोबेल पुरस्कार विजेताओं को प्रदान किया जा चुका है। पिछले साल का पुरस्कार अमेरिकी नागरिक विक्टर एम्ब्रोस और गैरी रुवकुन को सूक्ष्म 'आरएनए' (राइबोन्यूक्लिक एसिड) की खोज के लिए साझा रूप से दिया गया था। माइक्रो या सूक्ष्म आरएनए आनुवंशिक पदार्थ के सूक्ष्म कण होते हैं जो कोशिकाओं के अंदर चालू और बंद करने वाले स्विच के रूप में काम करते हैं और कोशिकाओं को क्या और कब करना है, यह नियंत्रित करने में मदद करते हैं।

मंगलवार को भौतिकी, बुधवार को रसायन विज्ञान और बृहस्पतिवार को साहित्य के नोबेल पुरस्कारों के विजेताओं की घोषणा की जाएगी।

## यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष लेयेन के खिलाफ दो अविश्वास प्रस्ताव पेश

**ब्रुसेल्स (आईएएनएस)**

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन को इस हफ्ते दो अविश्वास प्रस्ताव का सामना करना पड़ रहा है, तीन महीने पहले ही वे अपने पहले निंदा प्रस्ताव से बच गई थीं। पैट्रियट्स फॉर यूरोप (पीएफई) और द लेफ्ट ने लेयेन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है। यूरो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, यूरोपीय संसद में बहस सोमवार को शाम 5 बजे सीईएसटी समय पर संयुक्त रूप से होगी, जबकि मतदान गुरुवार को दोपहर 12 बजे सीईएसटी समय पर अलग-अलग होगा। कहा जा रहा है कि उर्सुला वॉन डेर लेयेन के खिलाफ दायर दोनों प्रस्ताव विफल होंगे, लेकिन ये प्रस्ताव वॉन डेर लेयेन के सत्ता में बने रहने और उनकी शासन शैली के लिए एक नई चुनौती पेश करते हैं, जिस पर उनके दूसरे कार्यकाल की शुरुआत से ही लगातार सवाल उठ रहे हैं।

## बॉक्स ऑफिस पर धमाल के बाद अब राष्ट्रपति भवन में स्क्रीनिंग होगी

### 'कांतारा: चैप्टर 1', रचा इतिहास




ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा: चैप्टर 1' ने देशभर के सभी दर्शकों का दिल जीता है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। ऑडियंस और फिल्म समीक्षकों को द्वारा इस मूवी की सरहाना की जा रही है। तीन के अंदर ही इस फिल्म ने धमाकेदार कमाई की है। अब कांतारा चैप्टर 1 के नाम पर एक और बड़ी सफलता हासिल होने वाली है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'कांतारा: चैप्टर 1' की स्पेशल स्क्रीनिंग राष्ट्रपति भवन की जाएगी। इस दौरान इस फिल्म की स्टार कास्ट भी मौजूद रहेंगे। आइए आपको पूरी जानकारी विस्तार से बताते हैं। बॉक्स ऑफिस पर अपनी शानदार सफलता के बीच, "कांतारा: चैप्टर 1" अब एक विशेष सम्मान के लिए तैयार है। यह फिल्म राष्ट्रपति भवन में प्रदर्शित होने वाली है, जो पूरी टीम के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण होगा।



## एक नजर

### झांसा देकर दुकानदार से 90 हजार की ठगी




**रांची।** रातू रोड धोबी मुहल्ला निवासी आकाश रजक को साइबर अपराधियों ने क्रेडिट लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर उनसे 90 हजार रुपए की ठगी कर ली गई है। आकाश ने साइबर क्राइम थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। आकाश ने पुलिस को बताया कि उन्हें एक व्यक्ति ने फोन किया। फोनकर्ता ने खुद को निजी बैंक का अधिकारी बताया। कहा कि उनका सिविल स्कोर अच्छा है। क्रेडिट लिमिट बढ़ा सकते हैं। वह उनके झांसा में आ गए और फोनकर्ता ने उन्हें व्हाट्सऐप पर एक लिंक भेजा और उसे ओपन करने को कहा। ओपन करने के बाद उनके दो खातों से 90 हजार रुपए की अवैध निकासी कर ली गई। इसके बाद वह साइबर क्राइम थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### आशीष की प्रताड़ना से तंग आकर छात्रा ने की खुदकुशी, प्राथमिकी दर्ज



**रांची।** रांची के एक निजी शिक्षण संस्थान में अध्ययनरत बीबीए की छात्रा के आत्महत्या पर जगन्नाथपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई है। छात्रा के पिता विशंभर पांडेय ने आशीष राज नामक छात्र को आरोपी बनाया है। आरोप लगाया है कि आशीष ने उनकी पुत्री को प्रेम जाल में फंसाया। उसके साथ गलत करके मानसिक प्रताड़ना दे रहा था। इसी कारण बेटी ने खुदकुशी की है। चार अक्तूबर को परिजनों से हुई थी बात बिहार के सासाराम निवासी पिता ने आवेदन में कहा है कि बेटी रांची के हटिया में किराये के कमरे में रहती थी। चार अक्तूबर की शाम उससे वीडियो कॉल पर बात हुई थी। उसी रात एक शख्स ने बेटी के फांसी लगाने की सूचना दी। इस बीच पता चला कि आशीष ने उन्हें कई बार मैसेज किया कि छात्रा उसका फोन नहीं उठा रही है।

# राज्य सरकार को चर्च के सुरक्षा की चिंता : बाबूलाल

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। श्री मरांडी सिमडेगा जिला प्रशासन द्वारा चर्च की सुरक्षा को लेकर की गई बैठक पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। श्री मरांडी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में झारखंड में कई जगह संतालों के ज़ाहिर थान, मांझी थान की जमीनों पर क़ब्ज़ा एवं अतिक्रमण की घटनायें हुई, विवाद हुआ और ये सब हो रहा है। आदिवासियों के सरना स्थल, मसना स्थल, हड़गड़ी के जमीनों के अतिक्रमण का विरोध और सुरक्षा को लेकर लोगों को आये दिन आंदोलन करना पड़ रहा है। झारखंड के मंदिरों पर हमले हुए हैं। मंदिरों पर कहीं बम फेंके गए, कहीं पथराव हुआ, तो कहीं देवी-देवताओं की प्रतिमाएं खंडित की गईं। लेकिन क्या कभी राज्य सरकार ने इनसबों की सुरक्षा को लेकर उन समाज के धर्मगुरुओं के साथ कोई बैठक की? जवाब है, नहीं! कहा कि अब सिमडेगा में चर्च की सुरक्षा के लिए खुद डीसी, एसपी और प्रशासनिक अधिकारी ईसाई धर्मगुरुओं के साथ बैठक करने जा रहे हैं। आखिर चर्च को ही विशेष सुरक्षा की जरूरत क्यों महसूस की जा रही है? क्या यह उन मतांतरण कराने वाले गिरोहों को सुरक्षा देने की तैयारी है, जो 'चंगाई सभा' के नाम पर भोले-भाले आदिवासियों को धर्मांतरण करा रहे हैं?



कहा कि चर्च की साजिश, ऐसे "चर्च प्रेमी" अफ़सरों की कारगुज़ारी एवं चंगाई सभा में रोग भगाने जैसे अंधविश्वास को बढ़ावा देने के कारण ही सिमडेगा में आज लगभग 51% आबादी का ईसाई धर्म में मतांतरण हो चुका है। ऐसे में सरकार प्रायोजित इस बैठक के पीछे छिपी मंशा को लेकर लोगों के मन में संदेह है। कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अगर सुरक्षा व्यवस्था करनी ही है, तो सिर्फ चर्च के लिए क्यों? सरना, मसना, हड़गड़ी स्थल, ज़ाहिर थान, मांझी थान, मंदिर, मस्जिद और गुरुद्वारों की भी सुरक्षा की चिंता क्यों नहीं? सिमडेगा में होने वाली बैठक का मूल एजेंडा सार्वजनिक किया जाए, या फिर सभी धर्म/समाज के प्रतिनिधियों को आमंत्रित कर उनसबों के धर्मस्थलों के सुरक्षा पर चर्चा की जाए।

# सरकार सबकी सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध : विनोद पांडेय

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा झूठ, भ्रम और सांप्रदायिकता के सहारे जनता को गुमराह करने में लगी है। हेमंत सरकार सबकी सुरक्षा और सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है, किसी एक धर्म के लिए नहीं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झारखंड सरकार पर लगाए गए आरोपों पर झामुमो ने कड़ा पलटवार करते हुए कहा कि झारखंड की अस्मिता और सामाजिक ताने-बाने को सबसे ज्यादा नुकसान भाजपा की राजनीति ने पहुंचाया है, जो हर बात में धर्म और नफरत का रंग भरने की कोशिश करती है। उन्होंने कहा कि सिमडेगा में चर्च की सुरक्षा को लेकर प्रशासनिक बैठक पूरी तरह एक कानूनी और शांति-सुव्यवस्था का मामला है, न कि किसी धर्म विशेष के पक्ष में उठाया गया कदम। प्रवक्ता पांडेय ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की कही बात-एकता राज्य के लोगों का सबसे बड़ा हथियार है, जिसे न तो विभाजित किया जा सकता है और न ही चुप कराया जा सकता है, का खासतौर पर उल्लेख किया। झामुमो प्रवक्ता पांडेय ने कहा कि राज्य सरकार ने हमेशा सभी धार्मिक स्थलों, सरना स्थलों, मांझी थानों, मंदिरों, मस्जिदों और गुरुद्वारों की सुरक्षा सुनिश्चित की है। जब भी कहीं तनाव या विवाद की स्थिति बनी, प्रशासन ने तुरंत हस्तक्षेप कर शांति कायम की है और लोगों ने भी मिसाल पेश किया है। लेकिन, भाजपा को इन तथ्यों से कोई मतलब नहीं, उसका एकमात्र एजेंडा झूठ और भय फैलाकर वोट बटोरना है। उन्होंने सवाल पूछा-मरांडी बताएं, उनके शासनकाल में कितने सरना, मंदिर या गुरुद्वारा सुरक्षित थे? कितनी घटनाओं में दोषियों पर कार्रवाई हुई थी? उन्होंने कहा कि भाजपा को याद रखना चाहिए कि झारखंड की धरती विविधता में एकता की प्रतीक है। यहां लोगों की अस्मिता और अधिकार का सवाल सर्वोपरि है और हेमंत सरकार उसी की रक्षा के लिए संकल्पित है।



# सीसीएल ने 2 मोबाइल मेडिकल यूनिट्स का किया शुभारंभ

- चतरा जिले के 27 गांवों में घर-घर जाकर जरूरतमंदों का करेगी जांच

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के तहत सोमवार को 2 मोबाइल मेडिकल यूनिट्स को सीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक निलेंदु कुमार सिंह के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री चंद्र शेखर तिवारी, मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) श्री पंकज कुमार एवं बड़ी संख्या में अधिकारी मौजूद रहे। यह परियोजना "उपचार आपके द्वार" का उद्देश्य चतरा जिले के कमांड क्षेत्र के 27 गाँवों (अम्रपाली क्षेत्र के 20 और मगध क्षेत्र के 7 गाँव) में घर-घर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। दोनों मोबाइल मेडिकल यूनिट्स आधुनिक चिकित्सीय उपकरणों से सुसज्जित हैं, जिनमें एआई आधारित हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन, स्तन कैंसर की जांच हेतु उच्च-रिज़ॉल्यूशन थर्मल सेंसर, टीबी जांच के लिए Trunat मशीन तथा सामान्य दवाएँ शामिल हैं। इन यूनिट्स का संचालन आर. के. एचआईवी एड्स एंड रिसर्च द्वारा किया जाएगा। प्रत्येक यूनिट में डॉक्टर, नर्स, तकनीशियन एवं कम्युनिटी मोबिलाइज़र की टीम तैनात रहेगी, जो परामर्श, जांच, दवा वितरण के साथ-साथ रोगों की रोकथाम एवं स्वास्थ्य जागरूकता का प्रसार करेगी वह भी लोगों के घर-द्वार पर। इन मोबाइल मेडिकल यूनिट्स की तैनाती सीसीएल की इस प्रतिबद्धता को दोहराती है कि कंपनी अपने कमांड क्षेत्र के निवासियों को सुलभ, सस्ती और समावेशी स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

### कल्याण मंत्री ने की छात्रवृत्ति वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा, कहा

# सरकार छात्रों को ससमय छात्रवृत्ति उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध

नवीन मेल संवाददाता




- बकाया राशि शीघ्र उपलब्ध कराने के लिए केंद्र को किया गया अनुरोध

**रांची।** कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि राज्य सरकार विद्यार्थियों के भविष्य और शिक्षा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। छात्रवृत्ति केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और अवसर की समानता का प्रतीक है। सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए गंभीर है कि कोई भी पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित न रहे। कल्याण मंत्री चमरा लिंडा सोमवार को रांची के मोरहाबादी स्थित कल्याण कॉम्प्लेक्स में कल्याण आयुक्त कुलदीप चौधरी एवं अन्य अधिकारियों के साथ प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत छात्रवृत्ति वितरण की अद्यतन स्थिति की उच्चस्तरीय समीक्षा कर रहे थे। समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2024-25 तक पिछड़ा वर्ग प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत कुल 11,34,183 छात्र-छात्राओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। अब तक 7,45,557 छात्र-छात्राओं के बैंक खातों में 1202.89 करोड़ की राशि का ऑनलाइन हस्तांतरण सफलतापूर्वक किया जा चुका है। मंत्री श्री चमरा लिंडा को जानकारी दी गई कि केंद्र सरकार से लगभग 900 करोड़ की बकाया राशि अब तक प्राप्त नहीं हो सकी है, जिसके कारण शेष पात्र विद्यार्थियों को लाभ प्रदान करने की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। श्री लिंडा ने कहा कि राज्य सरकार ने इस संबंध में केंद्र सरकार को औपचारिक रूप से अवगत कराते हुए बकाया राशि शीघ्र उपलब्ध कराने का आग्रह किया है, ताकि छात्रवृत्ति वितरण कार्य में किसी प्रकार की बाधा न उत्पन्न हो।

### दीक्षांत समारोह की सफलता में विश्वविद्यालय परिवार की अहम भूमिका

**मेदिनीनगर।** नीलाम्बर-पीतांबर विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह की सफलता में संपूर्ण विश्वविद्यालय परिवार की सक्रिय और समर्पित भूमिका रही। कुलपति डॉ. दिनेश कुमार सिंह, रजिस्ट्रार नफीस अहमद, वीसी के पीआरओ प्रो. डॉ. विनीता दीक्षित, परीक्षा नियंत्रक अजीत सेठ तथा प्रशासी पदाधिकारी गौरव सिन्हा एवं कुलानुशासक डॉ. आर के झा ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए पूरी मेहनत और समर्पण दिखाया। समय के साथ सभी प्राध्यापकों एवं विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों की एकजुटता ने समारोह की भव्यता और उत्कृष्टता को और अधिक बढ़ाया, जिसने इसे यादगार और भावपूर्ण बना दिया।



झारखंड भाजपा के नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष सांसद आदित्य साहू ने सोमवार को राजभवन में राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट की। वहीं राज्य की वर्तमान राजनीतिक,सामाजिक विषयों की चर्चा की।

### 27% आरक्षण की मांग करने वाले पर बिफरे राजेंद्र प्रसाद, कहा

## जानकारी के अभाव में ओबीसी के लिए मांग रहे हैं 27 प्रतिशत आरक्षण



**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने ओबीसी को 36 से 50 आरक्षण देने की अनुसंशा सरकार को भेज चुकी है। ऐसे में जनप्रतिनिधियों के द्वारा 27% ओबीसी के लिए आरक्षण की मांग करना ओबीसी के साथ धोखा है। राजेन्द्र प्रसाद ने जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संगठनों को सुझाव दिया है कि सभी लोग सिर्फ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अनुशंसा को लागू करने का दबाव सरकार पर बनाएं। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि जो लोग 27% आरक्षण की मांग कर रहे हैं उन्हें ओबीसी के अधिकारों से से कोई लेना-देना नहीं बल्कि ओबीसी के आरक्षण के नाम पर राजनीति करना है।

## ममता सरकार में भाजपा नेताओं की जान सुरक्षित नहीं : समीर उरांव

- आदिवासी सांसद खगेन मुर्मू पर हुआ कातिलाना हमला

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व राज्यसभा सदस्य समीर उरांव ने पश्चिम बंगाल की ममता सरकार पर बड़ा निशाना साधा। श्री उरांव ने कहा कि ममता सरकार में सत्ता संपोषित गुंडागर्दी हावी है। आम जनता के साथ जन प्रतिनिधि भी सुरक्षित नहीं हैं। आम खास सभी भयभीत और परेशान हैं। बहन बेटियां असुरक्षित हैं। कहा कि आज पश्चिम बंगाल के जनजाति क्षेत्र में भारी बारिश के कारण आम जन जीवन तबाह हो चुका है। कुच बिहार, अलीपुरद्वार, जलपाईगुड़ी, सिलिगुड़ी जैसे क्षेत्र के चाय बागान आदि जगहों में बड़ी तबाही हुई है। ऐसे में एक जन प्रतिनिधि के नाते मालदा के सांसद खगेन मुर्मू जनता के दुखदर्द को बांटने जा रहे थे।और ऐसे में नागड़ा काटा के पास सांसद के ऊपर टीएमसी के गुंडों के द्वारा कातिलाना हमला किया गया।वे ईश्वर की कृपा से जान बचा पाए। कहा कि पूरे बंगाल में जंगलराज व्याप्त है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सत्ता मद में गुंडों को पोश रही है। श्री उरांव ने सांसद वाकई ऊपर हुए हमले की उच्च स्तरीय जांच कराकर अपराधियों को कठोर दंड देने की मांग की।

### रेल टेका में गिरफ्तार लोगों के गांव पहुंचे सुदेश : चंद्रप्रकाश चौधरी

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो को बंगाल पुलिस ने दूसरी बार पुरुलिया जिले में प्रवेश से रोकने का प्रयास किया। लेकिन इस बार श्री महतो अपने सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के साथ रेल-टेका आंदोलन से जुड़े पीड़ित परिवारों से मिलने कोटशिला स्थित उनके गांव तक पहुंचने में सफल हो गए। सुदेश महतो की बंगाल यात्रा का उद्देश्य उन परिवारों से मुलाकात करना था, जिनके सदस्य 20 सितंबर को पुरुलिया जिले के कोटशिला में रेल-टेका आंदोलन के दौरान गिरफ्तार किए गए थे। इस आंदोलन में 49 पुरुष और 2 महिलाएँ गिरफ्तार हुई थीं। परिवारों ने बताया कि घटना के दौरान महिलाओं पर भी लाठीचार्ज और अत्याचार हुआ था। कोटशिला के जीवदारु गांव में पीड़ित परिवारों से मिलकर श्री महतो ने कहा कि उनकी न्यायिक लड़ाई का पूरा खर्च आजसू पार्टी उठाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पार्टी हर स्तर पर उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि बंगाल सरकार और पुलिस को उनसे इतना भय क्यों है, जो उन्हें बार बार रोका जा रहा है।

### औपचारिक क्षेत्र में रोजगार बढ़ाने को ईपीएफओ ने किया जागरुकता कार्यक्रम, बोले राकेश कुमार सिन्हा

# नए कर्मचारियों को औपचारिक क्षेत्र में शामिल करना है

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) क्षेत्रीय कार्यालय रांची की ओर से सोमवार को झारखंड चैंबर के सहयोग से प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चैंबर भवन में आयोजित इस कार्यक्रम का उदेश्य नियोक्ताओं (कंपनियों) को योजना की विस्तृत देकर औपचारिक क्षेत्र में रोजगार बढ़ाना था। कार्यक्रम में ईपीएफओ के क्षेत्रीय आयुक्त-2 राकेश कुमार सिन्हा ने योजना की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करना और नए कर्मचारियों को औपचारिक क्षेत्र में शामिल करना है। बताया कि इस योजना के तहत योग्य प्रतिष्ठानों को नए कर्मचारियों की नियुक्ति पर सरकार द्वारा ईपीएफ योगदान में सब्सिडी दी जाएगी। नियोक्ता और कर्मचारी, दोनों को वित्तीय लाभ प्रदान करने से उद्योगों पर आर्थिक भार कम होगा। उन्होंने कहा कि यह योजना 1 अगस्त 2025 से 31 जुलाई 2027 तक प्रभावी रहेगी, जबकि मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में इसे आगामी दो वर्षों तक और जारी रखा जाएगा। क्षेत्रीय आयुक्त ने बताया कि अन्य देशों में ऐसी योजनाओं से 10 से 15 प्रतिशत अतिरिक्त रोजगार सृजित हुए हैं। भारत में इस योजना के जरिये साढ़े तीन करोड़ नए रोजगार सृजन का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने सभी प्रतिष्ठानों से अपील की कि वे अपने नए कर्मचारियों को इस योजना का लाभ दिलाएं ताकि अधिक से अधिक लोग संगठित क्षेत्र से जुड़ सकें। कार्यक्रम में मौजूद उद्यमियों ने योजना से जुड़े कई व्यावहारिक प्रश्न पूछे, जिनका श्री सिन्हा ने विस्तारपूर्वक उत्तर दिया। चैंबर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि यह योजना उद्योग जगत और कामगारों, दोनों के लिए लाभकारी है। इससे रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा और औपचारिक क्षेत्र को मजबूती मिलेगी। चैंबर उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने कहा कि संगठन इस महत्वाकांक्षी योजना के प्रचार-प्रसार के लिए ईपीएफओ के साथ मिलकर कार्य करेगा। इस अवसर पर ईपीएफओ के सहायक आयुक्त विमल सिंह, अंशु पटेल, राजेश कुमार वर्मा, तुलसी पटेल, चैंबर पदाधिकारी अनंत शाहदेव, संजीव महली, अरुण सिन्हा, रोहित सिंह, प्रियांश वर्मा, विवेक प्रभाकर, बृजकिशोर सिंह समेत कई कंपनियों के उद्यमी उपस्थित थे।

### कार्यशाला — आत्म निर्भर भारत संकल्प अभियान, बोले बाबुलाल मरांडी

# स्वदेशी अभियान से ही आत्म निर्भर बनेगा भारत

- मोदी सरकार में भारत तेजी से बन रहा स्वावलंबी : आदित्य साहू
- भारत में स्वदेशी भाव सिर चढ़कर बोल रहा : संजय सेठ
- विधानसभा सम्मेलन में जनभागीदारी बढ़ाएं : कर्मवीर सिंह

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** आत्म निर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। भाजपा सभी विधानसभा क्षेत्र में सम्मेलन आयोजित कर स्वदेशी अभियान को जन जन तक ले जाएगी।

प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि भारत स्वदेशी आंदोलन से ही आत्म निर्भरता के संकल्प को सिद्धि में बदलेगा।

कहा कि स्वदेशी भाव भारत की आत्मा है। इस भाव के लोप होने से ही ही वर्षों की गुलामी झेलनी पड़ी। कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में स्वदेशी भाव को मजबूत किया गया। चाहे नमक आंदोलन हो या सत्याग्रह,भारत छोड़ो आंदोलन हो या दांडी मार्च,सभी ने स्वदेशी भाव को ही जागृत किया था। चरखा और खादी स्वदेशी अभियान के ही अस्त्र शस्त्र थे।

प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सांसद आदित्य साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत तेजी से आत्म निर्भर भारत बन रहा है। कहा कि आज भारत में बिकने वाले 99.2% मोबाइल मेड इन इंडिया भारत से खिलौने का निर्यात 239% बढ़ गया। फार्मेसी क्षेत्र में भारत अमेरिका को 40% और ब्रिटेन को 25% दवाई निर्यात करता है। टेक्सटाइल क्षेत्र में छठा बड़ा निर्यातक बना, ट्रैक्टर निर्माण में भारत पहले स्थान पर पहुंच गया।

केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने कहा कि मोदी सरकार ने आपदा को भी अवसर में बदल दिया। आज स्वदेशी आंदोलन देश भर में जोर पकड़ चुका है। दुनिया की अर्थव्यवस्था डगमगा रही जबकि भारत तेजी से आगे बढ़ रहा। केवल सितंबर माह में जीएसटी संग्रह 1लाख 81हजार करोड़ हुआ है।

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि आगामी 10 से 15 अक्टूबर के बीच होने वाले विधानसभा सम्मेलन स्वदेशी आंदोलन को मजबूती प्रदान करेगा।

## पृष्ठ एक के शेष

**राज्य उच्च शिक्षा में पिछड़ा...**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदृष्टि से बनी राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 शिक्षा को रोजगारोन्मुख और नवाचार परक बना रही है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि स्वर्ण पदक प्राप्त करने वालों में छात्राओं की संख्या अधिक होना महिला सशक्तिकरण की सशक्त मिसाल है। उन्होंने कहा कि ज्ञान ही सबसे बड़ी पूंजी है और इसी के बल पर राष्ट्र नई ऊंचाइयों को छू सकता है। शिक्षा के साथ चरित्र निर्माण पर बल देते हुए उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव के लिए करें। समारोह के पूर्व राज्यपाल-सह-कुलाधिपति ने विश्वविद्यालय परिसर में महर्षि विश्वामित्र केंद्रीय पुस्तकालय का लोकार्पण किया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि झारखंड के युवा विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

**पलामू झारखंड की राजनीतिक राजधानी...**

तो महसूस होता है कि पढ़ाई का कितना महत्व है। अगर शासन व्यवस्था में पढ़े-लिखे और ईमानदार लोग आएंगे, तो व्यवस्था की दिशा और दशा दोनों बदलेंगी। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे डॉक्टर, इंजीनियर या आईएएस-आईपीएस ही नहीं, बल्कि विधायक और जनप्रतिनिधि बनने का भी सपना देखें। उन्होंने कहा कि राजनीति में अच्छे और शिक्षित लोगों की भागीदारी से ही समाज में सच्चा परिवर्तन संभव है। कार्यक्रम के अंत में वित्त मंत्री ने राष्ट्रकवि माखनलाल चतुर्वेदी की प्रसिद्ध कविता चाह नहीं मैं सुरबाला के गहनों में गूँथा जाऊँ, सुनाई, जिससे पूरा सभागार देशभक्ति की भावना से गूंज उठा। सभागार वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर के भाषण के दौरान बार-बार तालियों की गूंज से गूंजता रहा। वित्त मंत्री के शब्दों ने छात्रों और शिक्षकों दोनों के हृदय को छू लिया और दीक्षांत समारोह पलामू के लिए एक यादगार क्षण बन गया।

**विश्वविद्यालय 16 वर्ष की शैक्षणिक यात्रा...**

जिसमें शीघ्र ही अध्ययन अध्यापन का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इन महाविद्यालय में कला विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के साथ ही व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के अंतर्गत बीबीए, एमबीए, बीसीए एमसीए जैसे बायोटेक्नोलॉजी जैसे नौकरी संबंधित कोर्स का भी संचालन किया जाता है। आगे उन्होंने कहा कि जुलाई 2025 से विश्वविद्यालय में लाइब्रेरी साइंस, थिएटर आर्ट, जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन का स्नातक स्तरीय प्रोग्राम भी प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने स्वर्ण पदक विजेता छात्र और सभी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी।

**6 व 11 नवंबर को वोटिंग...**

और क्या है?" बिहार चुनाव के मुद्दों को लेकर पवन खेड़ा ने कहा कि पिछले 20 साल में आपने जो किया वह मुद्दे हैं। उन्होंने कहा, "आपने बिहार के लोगों की नौकरियां चुराई, लोगों के पेंशन चुराए हैं, बिहार में पुल गिरते चले जा रहे हैं, यही सब बिहार चुनाव के मुद्दे हैं।" बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए 17 अक्टूबर नामांकन की आखिरी तारीख है। 10 अक्टूबर से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। 18 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी जबकि 20 अक्टूबर तक उम्मीदवार अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। 6 नवंबर को वोटिंग होगी और 14 नवंबर को नतीजे आएंगे। वहीं दूसरे चरण के लिए 20 अक्टूबर नामांकन की आखिरी तारीख है। 13 अक्टूबर से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। 21 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी जबकि 23 अक्टूबर तक उम्मीदवार अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। 11 नवंबर को वोटिंग होगी और 14 नवंबर को नतीजे आएंगे।

**घाटशिला विधानसभा सीट पर 11 नवंबर को उपचुनाव ...**

विधानसभा सीट पर महिलाओं की संख्या पुरुषों से अधिक है। विशेष पुनरीक्षण के दौरान पुरुष मतदाताओं में 1,585 और महिला मतदाताओं में 2,871 की वृद्धि दर्ज की गई। निर्वाचन आयोग ने मतदान केंद्रों के रेशनलाइजेशन पर भी जोर दिया है। अब घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में 218 लोकेशन पर कुल 300 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें 12 नए मतदान केंद्र जोड़े गए हैं, जबकि तीन पुराने मतदान केंद्रों का अन्य केंद्रों के साथ विलय किया गया है। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय के अनुसार, चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और सुचारु बनाने के लिए सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। प्रशासनिक और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की टीम इसी हफ्ते घाटशिला का दौरा करेगी। हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली राज्य की मौजूदा सरकार के कार्यकाल में यह पहला उपचुनाव होगा। इसे लेकर राज्य में सियासी हलचल तेज हो गई है।

**सीओ की लापरवाही से ग्रामीण परेशान, सर्वे...**

के जनता दरबार में शिकायत दर्ज कराई, परन्तु डीसी के निर्देशों की भी सीओ ने खुलेआम अनदेखी की। ग्रामीण विश्वनाथ सिंह, अलीम हैदर, सलीम अंसारी, अनुज कुमार सिंह, बिंदु देवी और तेज प्रताप सिंह सहित सैकड़ों लोगों ने बताया कि रंका सीओ शिवपूजन तिवारी और बीडीओ ने स्थल निरीक्षण तो किया, लेकिन जांच प्रतिवेदन आज तक उपायुक्त को नहीं भेजा गया। इस लापरवाही से प्रशासनिक मिलीभगत की बू आ रही है। ग्रामीणों ने कहा कि यह सड़क सर्वे की भूमि पर है, फिर भी तालाब निर्माण कर दिया गया, जो स्पष्ट रूप से सरकारी जमीन और जनसुविधा के साथ खिलवाड़ है। लोगों का कहना है कि यदि शीघ्र सड़क बहाल नहीं की गई और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आंदोलन को बाध्य होंगे। चुतरू पंचायत के ग्रामीणों में सीओ की चुप्पी और प्रशासन की निष्क्रियता को लेकर गहरा आक्रोश है। उनका कहना है कि जनता दरबार में बार-बार गुहार लगाने के बाद भी जब न्याय नहीं मिला, तो यह आम नागरिकों के प्रति सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाता है।

‘आपकी बैट स्पीड बहुत शानदार है’

## संगीतकार थमन को मिला सचिन तेंदुलकर से खास कॉम्प्लिमेंट



**चेन्नई (आईएएनएस)**

- **म्यूजिक डायरेक्टर एस. थमन ने सोशल मीडिया पर बताया कि उन्होंने डलास से दुबई तक की यात्रा सचिन तेंदुलकर के साथ की।**
- **थमन ने सचिन को सीसीएल मैचों की अपनी बल्लेबाजी की क्लिप दिखाई।**

संगीत और क्रिकेट दो अलग-अलग दुनिया हैं, लेकिन जब इनका मेल होता है तो वो पल खास बन जाता है। भारत के मशहूर म्यूजिक डायरेक्टर एस. थमन इन दिनों कुछ ऐसे ही खास पलों का अनुभव कर रहे हैं। थमन, जो न सिर्फ संगीत के क्षेत्र में बल्कि क्रिकेट के मैदान पर भी कमाल करते हैं, उस समय बेहद खुश हो गए जब क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर ने उनकी बल्लेबाजी की तारीफ की। थमन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस खास पल को अपने फैंस के साथ साझा किया। थमन ने बताया कि वह हाल ही में डलास से दुबई तक की यात्रा के दौरान सचिन तेंदुलकर के साथ सफर कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने सचिन को अपने कुछ क्रिकेट मैचों के वीडियो क्लिप्स दिखाए, जिसमें वे बल्लेबाजी कर रहे थे। थमन ने बताया कि सचिन ने उनकी बैटिंग देखकर कहा कि उनकी बैट स्पीड बहुत शानदार है। अपने पोस्ट में थमन ने लिखा, ‘’क्रिकेट के भगवान, दिग्गज सचिन तेंदुलकर के साथ यात्रा कर रहा हूं। डलास से दुबई तक का पूरा सफर काफी अच्छा रहा। उन्हें सीसीएल मैचों की अपनी बल्लेबाजी की क्लिप दिखाई। मास्टर ने कहा कि आपकी बल्ले की गति काफी शानदार है। उफ्फ, अब सब ठीक है। जल्द ही उनके साथ काम कर सकता हूं। बता दें कि थमन सिर्फ एक शानदार म्यूजिक डायरेक्टर ही नहीं हैं, बल्कि क्रिकेट के जबरदस्त शौकीन भी हैं। वह सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग (सीसीएल) में ‘तेलुगु वॉरियर्स’ टीम के लिए खेलते हैं और उनकी बल्लेबाजी के लिए उन्हें जाना जाता है।




**इस हरकत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, आलोचकों ने इसे असम्मानजनक बताया**

## हिकारू नाकामुरा ने कैसे फेंका था डी गुकेश का किंग?


***हिकारा नाकामुरा ने फेंका गुकेश का किंग***

*इस प्रतियोगिता के दौरान एक अजीबोगरीब और विवादित घटना भी देखने को मिली। डी गुकेश को हराने के बाद नाकामुरा ने उनका किंग उठाकर दर्शकों की ओर फेंक दिया, जिससे माहौल गरम हो गया। इस हरकत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।*

**एजेंसी । नई दिल्ली**

अमेरिका के एर्लिंगटन (टेक्सास) में पहली ‘चेकमेटः यूएसए बनाम इंडिया’ शतरंज प्रतियोगिता में मेजबान टीम ने भारत को 5-0 से हराकर एकतरफा जीत दर्ज की। इस रोमांचक इवेंट में कई कड़े मुकाबले देखने को मिले, लेकिन निर्णायक मौकों पर अमेरिका ने बढ़त बनाए रखी और भारतीय खिलाड़ियों को कोई मौका नहीं दिया। अमेरिकी ग्रैंडमास्टर हिकारू नाकामुरा ने वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश को मात दी, जबकि फाबियानो करुआना ने अर्जुन एरिगेसी को हराकर बढ़त दिलाई। इसके अलावा इंटरनेशनल मास्टर कारिसा यिप ने ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख को पराजित करते हुए बड़ा उलटफेर किया। लेवी रोजमैन ने सागर शाह को मात दी और टेनी एडेवुमी ने ईथन वैज को हराते हुए अमेरिका को 5-0 की शानदार जीत दिलाई।

**आयोजकों का था पूरा प्लान :** चेस स्पेशलिस्ट लेवी रोजमैन ने अपने यूट्यूब वीडियो में बताया कि अगर इसे बिना संदर्भ के देखा जाए तो यह एक असभ्य हरकत लग सकती है, लेकिन हमें आयोजकों की ओर से ऐसा करने के लिए कहा गया था। मनोरंजन के लिए विजेता को किंग फेंकने का निर्देश था हिकारा ने बाद में गुकेश से बात की और समझाया कि यह सिर्फ शो का हिस्सा था, इसमें किसी तरह की बेअदबी का भाव नहीं था। नाकामुरा ने कहा कि यह उनके लिए खास अनुभव था। नाकामुरा ने अपनी जीत के बाद अपने यूट्यूब चैनल पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह उनके करियर के सबसे बेहतरीन लाइव अनुभवों में से एक था। शतरंज अक्सर एक अकेली यात्रा होती है, लेकिन इस इवेंट में सबने मिलकर जश्न मनाया। यहां तक कि भारतीय खिलाड़ी भी हार के बावजूद इस अनुभव का आनंद ले रहे थे। यह आयोजन उनकी उम्मीदों से कहीं बेहतर रहा।



## पहला वर्ल्ड कप जीतने वाले क्रिकेटर **बर्नार्ड जूलियन** ने दुनिया को अलविदा कहा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)** । 1975 की विश्व चैंपियन टीम का अहम हिस्सा रहे वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर बर्नार्ड जूलियन का 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया। बर्नार्ड जूलियन ने 24 टेस्ट और 12 वनडे मुकाबलों में वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व किया था। वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान क्लाइव लॉयड ने जूलियन को 1975 की चैंपियन टीम का एक महत्वपूर्ण सदस्य बताया था, जिन्होंने 5 मुकाबलों में 17.70 की औसत के साथ 10 विकेट हासिल किए। बर्नार्ड जूलियन ने उस विश्व कप श्रीलंका के विरुद्ध 20 रन देकर 4 विकेट हासिल किए थे।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच मेलबर्न में टी20 मैच, तीन हफ्ते पहले ही बिके सभी पब्लिक टिकट

**मेलबर्न (आईएएनएस)**



भारत-ऑस्ट्रेलिया की टीमें 29 अक्टूबर से 8 नवंबर के बीच पांच टी20 मुकाबलों की सीरीज खेलेंगी। इस सीरीज का दूसरा मुकाबला 31 अक्टूबर को मेलबर्न में आयोजित होगा, जिससे पहले ही इस मैच की सभी पब्लिक टिकट बिक चुकी हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने सोमवार को इसकी घोषणा करते हुए बताया है कि 31 अक्टूबर को होने वाले मैच से करीब तीन हफ्ते पहले ही, मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में दोनों देशों के बीच होने वाले टी20 मुकाबले के लिए पब्लिक टिकटों का आवंटन पूरी तरह से खत्म हो चुका है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अनुसार, एमसीजी में खेले जाने वाले इस टी20 मैच के लिए एएफएल सदस्य टिकट सोमवार से बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे, जबकि एमसीसी सदस्य टिकट मंगलवार से उपलब्ध होंगे। भारत-ऑस्ट्रेलिया की टीमें 19-25 अक्टूबर के बीच पर्थ, एडिलेड और सिडनी में तीन वनडे मुकाबलों की सीरीज खेलेंगी। इसके बाद कैनबरा, मेलबर्न, होबार्ट, गोल्ड कोस्ट और ब्रिस्बेन में टी20 सीरीज के पांच मैच आयोजित होंगे।

## ‘न्यू बॉल स्टार’ क्रांति गौड़, जिन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ हाई-वोल्टेज मैच में रचा इतिहास

**कोलंबो (आईएएनएस)**



महिला विश्व कप में भारत ने पाकिस्तान को एक बार फिर शिकस्त दी। कोलंबो में रविवार को खेले गए मुकाबले में क्रांति गौड़ मैच की ‘नायिका’ रहीं। उन्होंने 3 विकेट लेने के अलावा बल्ले से 8 रन का योगदान दिया। आर प्रेमदासा स्टेडियम में क्रांति गौड़ ने 10 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें 47 डॉट बॉल फेंकी। यह 2020 के बाद से महिला वनडे मैच में किसी भारतीय तेज गेंदबाज की ओर से फेंकी गई सबसे ज्यादा डॉट बॉल रहीं। उनके अलावा, रेणुका सिंह ने 45 डॉट गेंदें डालीं। रेणुका ने इस मैच में 10 ओवर फेंके, जिसमें 29 रन दिए। हालांकि, वह कोई विकेट हासिल नहीं कर सकीं। इन दोनों ही गेंदबाजों ने पाकिस्तान के खिलाफ इस हाई-वोल्टेज मैच में मिलकर 92 डॉट बॉल फेंकी। यह साल 2020 के बाद किसी भी वनडे में भारत की महिला ओपनिंग गेंदबाजों की ओर से संयुक्त रूप से सर्वाधिक डॉट बॉल फेंकने का भी रिकॉर्ड है। साल 2021 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ लखनऊ मे झूलन गोस्वामी और राजेश्वरी गायकवाड़ की जोड़ी ने भी इतनी ही डॉट गेंदें फेंकी थीं।

## विशाखापत्तनम स्टेडियम में मिताली राज और रवि कल्पना के नाम पर होंगे स्टैंड

**विशाखापत्तनम (आईएएनएस)**

एसीए-वीडीसीए विशाखापत्तनम क्रिकेट स्टेडियम में दो स्टैंड का नाम भारत की दिग्गज महिला क्रिकेटर ‘मिताली राज’ और ‘रवि कल्पना’ के नाम पर रखा जाएगा। इन स्टैंड के उद्घाटन समारोह का आयोजन 12 अक्टूबर को भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच महिला वर्ल्ड कप मैच के साथ किया जाएगा। आंध्र प्रदेश के मंत्री नारा लोकेश के साथ अगस्त 2025 में ‘ब्रेकिंग बाउंड्रीज’ कार्यक्रम में भारत की स्टार



बल्लेबाज स्मृति मंधाना के अनुरोध के बाद यह फैसला लिया गया है। सोमवार को जारी आधिकारिक बयान में कहा गया कि स्मृति मंधाना की अपील पर अमल करते हुए, मंत्री नारा लोकेश ने तुरंत आंध्र क्रिकेट संघ से परामर्श किया, जिसके परिणामस्वरूप विशाखापत्तनम स्टेडियम में महिला क्रिकेट की महान हस्तियों के नाम पर स्टैंड का नामकरण करके उन्हें सम्मानित करने का फैसला लिया गया है। मंत्री नारा लोकेश ने कहा, “स्मृति मंधाना के विचारशील सुझाव ने व्यापक जनभावना को छुआ है। इस विचार को तत्काल अमल में लाना लैंगिक समानता और महिला क्रिकेट के अग्रदूतों को सम्मान देने के प्रति हमारे सामूहिक समर्पण को दर्शाता है।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## उज्ज्वला योजना ने महिलाओं को खाना पकाने के दौरान धुएं से दी मुक्ति : हरदीप

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**




### दुनिया का सबसे बड़ा क्लीन फ्यूल मिशन

- **उज्ज्वला योजना को 2016 में लॉन्च किया गया था और इसे दुनिया का सबसे बड़ा स्वच्छ ईंधन मिशन माना जाता है।**
- **यह डिपॉजिट-फ्री योजना है, जिसमें स्टोव, सिलेंडर और पहला रिफिल शामिल है।**
- **अब 90% रिफिल ऑनलाइन बुकिंग के साथ सुरक्षा जांच के बाद डिलीवर किए जा रहे हैं।**

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को कहा कि उज्ज्वला योजना रसोई गैस भर से बढ़कर खाना पकाने के दौरान महिलाओं को धुंए से मुक्ति दिलाने और पीएम मोदी के जन-केंद्रित नेतृत्व में परिवारों के लिए सम्मान लाने में अहम रही है। केंद्रीय मंत्री पुरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, “इस नवरात्रि उज्ज्वला योजना 25 लाख नए एलपीजी कनेक्शन का एक स्पेशल गिफ्ट लेकर आई। इतनी बड़ी पहुंच के साथ यह योजना अब देश के 10.60 करोड़ परिवारों के भविष्य को चमकाएगी। उन्होंने आगे कहा कि उज्ज्वला योजना को दुनिया के सबसे बड़े क्लीन फ्यूल मिशन के रूप में वर्ष 2016 में लॉन्च किया गया था। यह योजना डिपॉजिट फ्री है, जिसमें स्टोव, सिलेंडर और पहला रिफिल शामिल है। केंद्रीय मंत्री ने जानकारी देते हुए कहा कि अब 90 प्रतिशत रिफिल हर डिलीवरी पर सुरक्षा जांचों के बाद ऑनलाइन बुक किए जाते हैं।

1 मई 2016 को पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपीएनजी) ने ‘प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना’ (पीएमयूवाई) को एक प्रमुख योजना के रूप में पेश किया। योजना को पीएम मोदी द्वारा उत्तर प्रदेश के बलिया में शुरू किया गया था। केंद्र के अनुसार, ग्रामीण और वंचित परिवार पारंपरिक खाना पकाने के ईंधन जैसे लकड़ी, कोयला, गोबर के उपले का उपयोग करते थे। इस ईंधन के उपयोग से ग्रामीण महिलाओं के स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण पर भी इसका हानिकारक प्रभाव पड़ता था। पीएमयूवाई का उद्देश्य ही ग्रामीण और वंचित परिवारों को एलपीजी जैसे स्वच्छ खाना पकाने के ईंधन को उपलब्ध करवाना था। इस योजना के तहत मार्च 2020 तक वंचित परिवारों को 8 करोड़ एलपीजी कनेक्शन जारी करने का लक्ष्य था। 7 सितंबर 2019 को लक्षित तारीख से पहले ही पीएम मोदी ने औरंगाबाद, महाराष्ट्र में 8 करोड़वां एलपीजी कनेक्शन सौंपा गया। इसके बाद उज्ज्वला 2.0 के तहत प्रवासी परिवारों को विशेष सुविधा के साथ पीएमयूवाई योजना के अंतर्गत 1.6 करोड़ एलपीजी कनेक्शन का अतिरिक्त आवंटन हुआ।

उज्ज्वला 2.0 के अंतर्गत कनेक्शनों की लक्षित संख्या दिसंबर 2022 के दौरान प्राप्त कर ली गई, जिससे इस योजना के अंतर्गत कुल कनेक्शनों की संख्या 9.6 करोड़ रिकॉर्ड की गई थी।



## 2028 तक एआई विवादों में 30% बढ़ोतरी का अनुमान

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

तकनीकी कंपनियों के कानूनी विवादों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) नियामक उल्लंघनों के कारण 2028 तक 30 प्रतिशत की वृद्धि होगी। यह जानकारी सोमवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। 70 प्रतिशत से अधिक आईटी लीडर्स ने संकेत दिया कि नियामक अनुपालन उनके संगठन में व्यापक रूप से जेनएआई प्रोडक्टिविटी असिस्टेंट डिप्लॉयमेंट के लिए उनकी शीर्ष तीन चुनौतियों में से एक है। एक बिजनेस और टेक्नोलॉजी इनसाइट कंपनी की रिपोर्ट में कहा गया है इस बीच, केवल 23 प्रतिशत ही अपने एंटरप्राइज एप्लीकेशन में जेनएआई टूल्स को लागू करते समय सिक्योरिटी और शासन घटकों के प्रबंधन की अपनी संगठन की क्षमता को लेकर आश्वस्त हैं।

## शेयर बाजार लगातार तीसरे सत्र में हरे निशान में बंद सेंसेक्स 582 अंक उछला



**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में हरे निशान में बंद हुआ। बाजार के ज्यादातर सूचकांकों ने सकारात्मक रिटर्न दिया। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 582.95 अंक या 0.72 प्रतिशत की मजबूती के साथ 81,790.12 और निफ्टी 183.40 अंक या 0.74 प्रतिशत की मजबूती के साथ 25,077.65 पर था। बाजार की तेजी को सपोर्ट बैंकिंग और आईटी शेयरों ने किया। निफ्टी बैंक 515.60 अंक की मजबूती के साथ बंद हुआ। निफ्टी आईटी 2.28 प्रतिशत, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज 1.08 प्रतिशत, निफ्टी सर्विसेज 1.15 प्रतिशत और निफ्टी हेल्थकेयर 1.29 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। दूसरी तरफ निफ्टी मेटल 0.89 प्रतिशत, निफ्टी मीडिया 0.90 प्रतिशत और निफ्टी पीएसई 0.08 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में टीसीएस, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, इटरनल (जोमैटो), इन्फोसिस, कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक, मारुति सुजुकी, सन फार्मा,एचडीएफसी बैंक और एसबीआई टॉप गेनर्स थे। टाटा स्टील, पावर ग्रिड, टाइटन, ट्रेंट, आईटीसी, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स और एशियन पेंट्स टॉप लूजर्स थे। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी खरीदारी देखी गई।

## भारत 6जी, एआई और सैटेलाइट कम्युनिकेशन में निभाएगा अहम भूमिका : ज्योतिरादित्य सिंधिया

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को कहा कि एशिया का सबसे बड़ा टेक्नोलॉजी इवेंट इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 2025, 8 अक्टूबर से शुरू होगा और इसमें ग्लोबल टेलीकॉम लीडर्स, इनोवेटर्स, स्टार्टअप्स और नीति निर्माता एक छत के नीचे आएंगे। उन्होंने आगे कहा कि चार-दिन चलने वाले इस मेगा इवेंट में 6जी टेक्नोलॉजी के भविष्य, एआई नेटवर्क, सैटेलाइट कम्युनिकेशन और अगली पीढ़ी के डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर पर फोकस किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सिंधिया ने कहा कि आईएमसी 2025 ग्लोबल टेलीकॉम सेक्टर में भारत के नेतृत्व को साबित करेगा। केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, “चार दिवसीय मेगा इवेंट ग्लोबल टेलीकॉम लीडर्स, इनोवेटर्स, स्टार्टअप्स और नीति निर्माताओं को एक छत के नीचे एकजुट करेगा और 6 जी, एआई-नेटिव नेटवर्क, सैटेलाइट कम्युनिकेशन और अगली पीढ़ी के डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए रोडमैप को आकार देगा, जिससे ग्लोबल टेलीकॉम सेक्टर में भारत के नेतृत्व की पुष्टि होगी। इस वर्ष स्टार्टअप्स पर केंद्रित कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए, सिंधिया ने ‘आईएमसी एस्पायर प्रोग्राम’ की शुरुआत की घोषणा की।

## जीडीपी से सीपीआई तक के आंकड़े ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में होंगे पेश

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्र सरकार की ओर से सोमवार को कहा गया कि 7 से 9 अक्टूबर को मुंबई में होने वाले ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (जीएफएफ) में जीडीपी, सीपीआई और प्रमुख श्रम बाजार आंकड़ों जैसे सांख्यिकीय संकेतकों को प्रदर्शित किया जाएगा। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) विजिटर्स को आकर्षित करने और मंत्रालय की पहलों को प्रभावी रूप से संप्रेषित करने के लिए इंफोग्राफिक्स, वीडियो और इंटरेक्टिव डिस्प्ले जैसे क्रिएटिव विजुअल्स को प्रदर्शित करेगा। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, एक डेडिकेटेड स्टॉल और क्यूरेटेड इवेंट आधिकारिक आंकड़ों के उभरते परिदृश्य और डेटा गैप् को खत्म करने में फिनटेक की भूमिका को प्रदर्शित करेंगे। फिनटेक डेटा पर आधारित है और मंत्रालय इंडस्ट्री इंटेलिजेंस और आधिकारिक आंकड़ों के बीच तालमेल की तलाश कर रहा है।

एमओएसपीआई द्वारा उद्योग जगत के प्रमुख नामों के साथ आयोजित एक पैनल डिस्कशन में इस बात पर चर्चा की जाएगी कि राष्ट्रीय सांख्यिकीय प्रणालियों द्वारा किए गए सर्वेक्षणों जैसे बड़े पैमाने के सर्वेक्षणों को बाजार के आंकड़ों से कैसे पूरक बनाया जा सकता है ताकि कंज्यूमर बिहेवियर, उद्यम आवश्यकताओं और फाइनेंशियल इंक्लूजन गैप्स के बारे में गहन जानकारी प्राप्त की जा सके। यह फिनटेक कंपनियों, नीति निर्माताओं और शोधकर्ताओं के लिए एक खुला आह्वान है कि वे अधिक मजबूत मॉडल बनाएं, इंक्लूसिव प्रोडक्ट डिजाइन करें और एविडेंस-ड्रिवन ग्रोथ का रोडमैप तैयार करें।